आज का मौसम
35.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.41 | सूर्यास्त 06.40

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया 07:27 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 20 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 54, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये





स्टेट ब्रीफ

### सिपाही की बर्खास्तगी का आदेश रद्द

**नैनीताल :** कोविड काल में 24 मई 2020 को एक महिला से दुर्व्यवहार के आरोपी सिपाही की बर्खास्तगी को अवैध करार देते हुए हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ ने बर्खास्तगी आदेश एवं अपीलीय आदेश को निरस्त करते हुए याचिकाकर्ता को सेवा में निरंतरता के साथ बहाल करने के निर्देश दे दिए। पीठ ने बकाया वेतन का 50 प्रतिशत भुगतान करने का आदेश भी दिया। कहा कि विभाग चाहे तो तीन माह में नियमानुसार पुन: विभागीय जांच शुरू कर सकता है। याचिकाकर्ता सिपाही जगदीशनाथ पर आरोप था कि कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान पुलभट्टा (किच्छा) स्थित सूरजमल इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाए गए क्वारंटाइन सेंटर में ड्यूटी के दौरान उसने एक महिला से दुर्व्यवहार किया।

### छापे में अवैध एलपीजी भंडारण मिला

**देहरादून :** एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए गठित क्यूआरटी ने निरंजन सब्जी मंडी के पास बंद पड़े पेट्रोल पम्प के एक कमरे में अवैध रूप से भंडारित 32 सिलेंडर, चार गैस रिफिलिंग उपकरण जब्त करने के साथ मौके पर 327 सिलेंडरों से लदा वाहन भी पकड़ा गया है। डीएम सवीन बंसल ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट हुआ कि गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग कर उन्हें ऊंचे दामों पर बाजार में बेचने की तैयारी की जा रही थी। इस प्रकरण में थाना पटेल नगर में केस दर्ज कराकर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# उत्तराखंड को वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी बनाने को प्रतिबद्ध: धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में अखंड परम धाम गंगा घाट का किया लोकार्पण

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का अभिनंदन करते संत-महात्मा।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में केदारखंड एवं मानसखंड मंदिर क्षेत्रों के विकास, हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर, शारदा कॉरिडोर तथा यमुनातीर्थ स्थल के पुनरुद्धार जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही दून विश्वविद्यालय में 'सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज' की स्थापना भी की गई है।

मुख्यमंत्री ने अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आयोजित श्री अखंड परमधाम गंगा घाट के लोकार्पण समारोह एवं स्वामी परमानन्द गिरि की 71वीं संन्यास जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने नमामि गंगे योजना द्वारा निर्मित अखंड परम धाम गंगा घाट का लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर देशभर से पधारे संत-महात्माओं एवं श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक घाट के लोकार्पण का अवसर नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक चेतना के निरंतर प्रवाह का प्रतीक है। उन्होंने स्वामी परमानन्द गिरि महाराज के जीवन को तप, त्याग और साधना का अनुपम उदाहरण बताते हुए कहा कि उनके विचारों एवं शिक्षाओं ने समाज को सेवा, करुणा और मानव कल्याण के मार्ग पर अग्रसर किया है। मुख्यमंत्री ने साध्वी ऋतम्भरा के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र एवं सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण का प्रेरणास्रोत है। संतों का सानिध्य समाज को सही दिशा प्रदान करता है और आध्यात्मिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सनातन संस्कृति को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। उन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम के पुनर्निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर एवं महाकाल लोक जैसे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता लागू करने, धर्मांतरण विरोधी कानून, तथा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध की गई कार्रवाइयों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत एवं जनसंख्या संतुलन को सुरक्षित रखने के लिए संकल्पबद्ध है। कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए आध्यात्मिक मूल्यों का सुदृढ़ होना आवश्यक है। उन्होंने सभी से संतों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वामी बालकानंद, बीकानेर, स्वामी विशोकानन्द भारती, स्वामी रामदेव, स्वामी अविचल दास, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी, निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि, आचार्य स्वामी ज्योतिर्यानंद गिरी, स्वामी मुनि महाराज सहित देशभर से आए संत महात्मा एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।



गंगोत्री धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

# चारधाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

- चारधाम यात्रा के शुभारंभ अवसर पर सीएम धामी ने दिया संबोधन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि, चारधाम यात्रा के दौरान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं की रहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर चारधाम यात्रा का शुभारंभ किया जा चुका है। मां यमुना एवं मां गंगा के कपाट देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए खोले जा चुके हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि चार धाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों की यात्रा सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित संचालित हो, इसके लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है तथा आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए सभी सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं चाक चौबंद की गई है। उन्होंने कहा कि, आने वाले सभी तीर्थयात्रियों का चारों धामों के दर्शन सुगमता से कराना सरकार की प्राथमिकता है।

उल्लेखनीय है कि, रविवार को अक्षय तृतीया पर गंगोत्री धाम के कपाट दोपहर 12:15 बजे और यमुनोत्री धाम के कपाट दोपहर 12:35 बजे खोल दिए गए। वहीं, केदारनाथ धाम के 22 अप्रैल व बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खोले जाएंगे।

### 2421 यात्रियों ने कराया पंजीकरण

हरिद्वार : ऋषिकुल मैदान में बनाए गए यात्री पंजीकरण केंद्र में पंजीकरण के तीसरे दिन चारधाम यात्रा के लिए 2421 यात्रियों ने अपना पंजीकरण कराया। इनमें यमुनोत्री धाम के लिए -607, गंगोत्री धाम के लिए - 610, केदारनाथ शाम के लिए -601, बद्रीनाथ धाम के लिए - 603 श्रद्धालुओं सहित विभिन्न राज्यों से आए यात्रियों द्वारा चारधाम के लिए अपना पंजीकरण कराया गया। इन तीन दिनों में ऋषिकुल मैदान यात्री पंजीकरण केंद्र से 4 हजार 9 सौ 57 यात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए अपना पंजीकरण कराया है।

# नेपाल से सटे पांच गांवों में पहली बार पहुंची बिजली

- स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार जगी यहां विकास की उम्मीद

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** प्रदेश के सीमांत जनपद चम्पावत में भारत-नेपाल सीमा से सटे पांच सुदूर गांवों में पहली बार बिजली पहुंचने से विकास की नई उम्मीद जगी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के तहत ग्राम बांडा, शेरा, लोडियालसेरा, पिपलियालसेरा और खिरद्वारी का विद्युतीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, करीब एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से संचालित इस परियोजना के तहत 13 किलोमीटर लंबी विद्युत लाइन बिछाई गई और पांच ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद विद्युत विभाग ने लगभग डेढ़ माह में कार्य पूरा कर इन दूरस्थ गांवों तक बिजली पहुंचाई। इन क्षेत्रों में अब तक रात के समय अंधेरा ही छाया रहता था, लेकिन अब 100 से अधिक परिवारों के घरों में पहली बार बिजली की रोशनी पहुंचेगी। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार और लघु उद्योगों को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए हैं कि सभी पात्र परिवारों को शीघ्र कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने जीवन में ''नई रोशनी'' लाने वाला कदम बताया है।

## 75 फीसद से कम हाजिरी वाले नहीं दे सकेंगे परीक्षा

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में अक्सर विद्यार्थियों की उपस्थिति कम रहती है। अब कॉलेज में 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा। कॉलेज प्रशासन ने छात्र-छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि कॉलेज में सभी कक्षाएं और प्रयोगात्मक कक्षाएं विभागीय समय के अनुसार नियमित रूप से चल रही हैं। सभी छात्र-छात्राओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित समय के अनुसार अपनी उपस्थिति कक्षाओं में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। विवि के नियमों के अनुसार न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। इससे कम उपस्थिति होने पर संबंधित छात्र-छात्रा को परीक्षा में बैठने से रोका जा सकता है। प्राचार्य ने कॉलेज के सभी विभागाध्यक्षों से भी इस सूचना को लागू कराने के निर्देश दिए हैं।

# भाजपा देश में कर रही भ्रामक प्रचार

- महिला आरक्षण पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भाजपा पर साधा निशाना

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार:** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने महिला आरक्षण मामले में पार्टी की तरफ से स्पष्ट किया कि महिला आरक्षण विधेयक 2023 में ही संसद के दोनों सदनों से पारित होकर कानून बन चुका है और संविधान का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि, जो बिल सदन में गिरा, वह परिसीमन संशोधन विधेयक था, न कि महिला आरक्षण बिल। इसके बावजूद भाजपा देशभर में भ्रामक प्रचार कर रही है और जनता को गुमराह कर रही है।

रविवार को देहरादून स्थित पार्टी मुख्यालय में अध्यक्ष गोदियाल ने प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री प्रेस वार्ताओं के जरिए एक झूठा नैरेटिव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, मानो महिला आरक्षण का रास्ता विपक्ष ने रोका हो, जबकि सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। गोदियाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को चुनौती देते हुए कहा कि यदि वे इतना ही महिला हितैषी हैं तो प्रदेश के मेडिकल कॉलेज, लोक सेवा आयोग इत्यादि में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट रिजर्व कर दे। उन्होंने दावा किया कि, विपक्ष ने न केवल महिला आरक्षण का समर्थन किया, बल्कि उसे पारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे में सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करना और झूठा प्रचार करना यह दर्शाता है कि भाजपा केवल अपने शीर्ष नेतृत्व को खुश करने के लिए राजनीति कर रही है, न कि देश के हित में। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा संविधान, लोकतंत्र और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगी और भाजपा के इस भ्रामक अभियान का सशक्त तरीके से जवाब देती रहेगी।

वहीं, प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने आरोप लगाया कि, अब तक राष्ट्र के नाम संदेश का उपयोग आपातकालीन स्थितियों या बड़े राष्ट्रीय निर्णयों की घोषणा के लिए किया जाता रहा है, लेकिन इसे राजनीतिक मंच में बदलना लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि आज भाजपा एक ऐसा वातावरण बना रही है, जहां पार्टी हित को राष्ट्रहित से ऊपर रखा जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है।

# एफबी का ब्लैकमेलर फर्जी फौजी गिरफ्तार

- चमोली पुलिस ने रुड़की से दबोचा, किया बेनकाब

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया की चकाचौंध के पीछे छिपे एक शातिर अपराधी को चमोली पुलिस ने बेनकाब किया है। सेना का फर्जी जवान बनकर फेसबुक के जरिये युवतियों को प्रेम जाल में फंसाने और फिर उनकी निजी तस्वीरों के दम पर ब्लैकमेल करने के आरोपी कुलदीप भंडारी को पुलिस ने रुड़की के ढंडेरा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

एसपी सुरजीत सिंह पंवार ने रविवार को बताया कि पीड़िता ने कोतवाली कर्णप्रयाग में प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि वर्ष 2024 में उसकी फेसबुक के माध्यम से रुड़की निवासी एक युवक से मित्रता हुई। वर्ष 2025 में उक्त युवक से रुड़की रेलवे स्टेशन पर मुलाकात हुई, जहां उसने अपना नाम कुलदीप भंडारी (22) बताते हुए स्वयं को सेना में कार्यरत बताया। पीड़िता के अनुसार, आरोपी के झांसे में आकर वादिनी ने अपनी निजी फोटो एवं वीडियो उसके साथ साझा कर दी। इसके बाद आरोपी द्वारा इन निजी फोटो, वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर वादिनी को ब्लैकमेल किया गया तथा पैसों की मांग की गई। भयवश उसने आरोपी के खाते में एक लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। एसपी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

# हल्द्वानी-दून हेली सेवा का प्रस्ताव सौंपा

संवाददाता, गौलापार



मुख्यमंत्री को प्रस्ताव सौंपते शंकर कोरंगा।

**अमृत विचार:** दर्जा राज्यमंत्री शंकर कोरंगा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उत्तराखंड में कुमाऊं और गढ़वाल मंडलों के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करने के उद्देश्य से हल्द्वानी-देहरादून हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने का प्रस्ताव पेश किया है। दर्जा मंत्री कोरंगा के अनुसार इस प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने सैद्धांतिक सहमति व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

यह प्रस्तावित हेलीकॉप्टर सेवा लंबे समय से यात्रियों, व्यापारियों, छात्रों और आम नागरिकों की मांगों से जुड़ा माना जा रहा है। वर्तमान में हल्द्वानी से देहरादून की सड़क यात्रा में लगभग 7 से 8 घंटे लगते हैं, जबकि हवाई सेवा शुरू होने पर यह समय घटकर लगभग 40 से 50 मिनट रह जाएगा। इससे यात्रियों के समय की बचत होने के साथ-साथ दोनों मंडलों के बीच आवागमन अधिक सुगम होने की संभावना है। इस सेवा के शुरू होने पर दोनों क्षेत्रों के बीच तेज और सुविधाजनक यात्रा से राज्य के पर्यटन को बढ़ावा मिलने की संभावना है। गंभीर मरीजों के लिए यह सेवा आपात स्थिति में तेज परिवहन का विकल्प प्रदान कर सकती है, जिससे उन्हें समय पर उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। इसके साथ ही व्यापारिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों में वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। प्रस्ताव को सैद्धांतिक सहमति मिलने के बाद अब संबंधित विभागों को इसकी व्यवहारिकता, संचालन व्यवस्था व अन्य तकनीकी पहलुओं पर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# तेंदुए का शिकार, खाल के साथ शिकारी गिरफ्तार

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** तेंदुए का शिकार कर उसकी खाल को बेचने के वन्यजीव अंगों की तस्करी के मामले में पुलिस और वन विभाग ने तेंदुए की खाल के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस वर्ष वन्य जीव अंग तस्करी का यह दूसरा मामला है।

एसपी रेखा यादव ने बताया कि वन्यजीवों के अंगों की तस्करी की सूचना पर वन विभाग, रीठा साहिब पुलिस और एसओजी टीम ने पुराना थाना बैरियर के पास जाल बिछाया था। इसी बीच तस्कर दीपक सिंह बोहरा निवासी गागरी नदी पार, थाना रीठा साहिब, चम्पावत को तेंदुए की खाल के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद खाल की लंबाई लगभग 2 मीटर है जबकि तेंदुए की उम्र करीब 8 वर्ष आंकी गई। एसपी के अनुसार, आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने तेंदुए को फंदा लगाकर मारा था और उसकी हड्डियां जंगल में छिपा दीं। वह खाल को लोहाघाट देने जा रहा था। इस मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

## गर्वित, ध्रुव और अथर्व बने ब्लैक बेल्ट होल्डर

**हल्द्वानी :** रविवार को कराटे ग्रेडिंग टेस्ट हुआ जिसमें 13 छात्रों ने प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा नगर मंत्री अशोक कश्यप रहे। उन्होंने कहा कि कराटे केवल एक खेल नहीं, बल्कि आत्मरक्षा की महत्वपूर्ण कला है। ग्रेडिंग टेस्ट के दौरान गर्वित मिश्रा, ध्रुव मिश्रा और अथर्व चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्लैक बेल्ट हासिल की। यह टेस्ट शितो रयू कराटे-डो फेडरेशन के अंतर्गत हुआ जिसमें शिहान बलवंत आर्य ने छात्रों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम में सेंसई नैंसी अग्रवाल, सेंसई राज आर्य का विशेष योगदान रहा।



श्रीलंका में गोल्ड जीतने वाले नमन का स्वागत।

### दो स्वर्ण जीतकर लौटे नमन मेहरा का सम्मान

**हल्द्वानी :** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ी नमन मेहरा को सम्मानित किया गया। नमन ने श्रीलंका के डिगाना में 11 व 12 अप्रैल 2026 को आयोजित थर्ड साउथ एशिया जू-जित्सु चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतकर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। पहाड़ी आर्मी पदाधिकारियों ने नमन मेहरा की उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यहां पहाड़ी आर्मी जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल, प्रेमा मेर, नगर अध्यक्ष कविता जीना सहित आदित्य जीना, गीता बिष्ट, हरेंद्र राणा, सुनीता, प्रदीप रौतेला, बसंत रहे।

खेल-खिलाड़ी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम गौलापार में पत्रकार 11 और प्राधिकरण 11 के बीच आयोजित मैत्री क्रिकेट सीरीज

# प्राधिकरण 11 ने पत्रकार 11 को 39 रनों से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर

संवाददाता, हल्द्वानी



उद्घाटन अवसर पर प्राधिकरण टीम के कप्तान एपी वाजपेई और पत्रकार 11 के कप्तान पांडे।

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पत्रकार 11 और प्राधिकरण 11 के बीच खेले गए मैत्री क्रिकेट सीरीज के दूसरे मुकाबले में प्राधिकरण 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 39 रनों से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही पांच मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ गई है। टॉस जीतकर प्राधिकरण 11 के कप्तान एपी वाजपेई ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शुरुआत में पत्रकार 11 के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की, लेकिन बाद में प्राधिकरण के बल्लेबाजों ने तेजी से रन बटोरने शुरू कर दिए। सूरज ने 39 रनों की अहम पारी खेली, जबकि अभिषेक ने नाबाद 35 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। निर्धारित 20 ओवर में प्राधिकरण 11 ने 8 विकेट खोकर 154 रन बनाए। टीम के लिए समीर ने 12, कुलदीप पांडे ने 16, रोहित ने 7 और कप्तान एपी वाजपेई ने 6 रन बनाए। पत्रकार 11 की ओर से अतिरिक्त के रूप में 27 रन दिए गए, जबकि फील्डिंग भी औसत रही, जिसका फायदा विपक्षी टीम को मिला। गेंदबाजी में पत्रकार 11 के पंकज पांडे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके। वहीं राधे मोहन कांडपाल को 2, संतोष जोशी और दिनेश पांडे को 1-1 विकेट मिला। 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार 11 की शुरुआत बेहद खराब रही। शुरुआती झटकों से टीम उबर नहीं पाई और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। अंकित शाह ने 22 रन, राधे मोहन ने 17 और चंदन बिष्ट ने 13 रन बनाकर कुछ संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। पत्रकार 11 की पूरी टीम 18.1 ओवर में 115 रन पर सिमट गई। अन्य बल्लेबाजों में जीवनराज 2, पवन कुंवर 3, तारा जोशी 9, संतोष 6, दिनेश पांडे 4, पंकज पांडे 2 और रक्षित टंडन खाता भी नहीं खोल सके। इस तरह प्राधिकरण 11 ने मुकाबला 39 रनों से अपने नाम कर सीरीज में बराबरी हासिल कर ली।

### 24 अप्रैल से अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग का आयोजन

**हल्द्वानी :** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-16 में बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग 24 अप्रैल से होगी। इस लीग से खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर नैनीताल जिले की अंडर-16 क्रिकेट टीम का चयन किया जाएगा, जो क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड की ओर से होने वाली राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेगी। जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम पंजीकरण की अंतिम तिथि 21 अप्रैल निर्धारित की गई है। जो भी इच्छुक खिलाड़ी किसी टीम से नहीं जुड़ पा रहे हैं, वे जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिला लीग की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चयन प्रक्रिया के माध्यम से जिले की प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटरों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। यह प्रतियोगिता नैनीताल जिले में युवा खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगी, जिससे उन्हें राज्य स्तर तक अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

# टैलेंट हंट और क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में तीन दिवसीय टैलेंट हंट एवं क्रिकेट प्रतियोगिता हुई। इसमें खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों का शानदार संगम देखने को मिला।

क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में टीम हीरानगर ने कप्तान थप्पा की टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं जेके टाइटन्स (कप्तान उमंग, उपकप्तान द्विज) ने भी बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों की सराहना बटोरी। टैलेंट हंट में विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। डांस (सोलो) में 5-8 आयु वर्ग में प्रात्युशा उनियाल प्रथम रहीं, जबकि 9-13 में गुंजन आर्या और 14-18 वर्ग में तनिष्क सक्सेना ने बाजी मारी। डुओ में यश डांस अकैडमी प्रथम रही। ग्रुप जूनियर में केवीएम स्कूल और ग्रुप सीनियर में वाइब डांस सेंटर ने प्रथम स्थान हासिल किया।

गायन में श्रेष्ठ प्रथम और वंश द्वितीय रहे, जबकि इंस्ट्रूमेंट प्ले में हृदयांश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ड्रॉइंग, झांकी और रेस प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन नारायणी सेना के अध्यक्ष रूद्राक्ष सिंह बिष्ट, महिला अध्यक्ष महक चावला, दिव्या, युवराज, चिराग, काव्य, मोनिका, फाल्गुनी व रेखा आदि ने किया।



राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रहे प्रधानमंत्री : ममता बनर्जी - 10



एलपीजी में 20 प्रतिशत डीएमई मिलाने से हर साल बचेंगे 34,200 करोड़ रुपये - 10



राजनीति में दिखावा जरूरी इसलिए कभी-कभी हमें शर्मिंदगी भरे काम भी करने पड़ते हैं : ट्रंप - 11



मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को एक और साल का अनुबंध दिया गया - 12


आज का मौसम
$35.0^0$ अधिकतम तापमान
$21.0^0$ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.41
सूर्यास्त 06.40

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया 07:27 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 20 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 54, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## महिलाओं के अधिकारों में बाधा डालने वालों को मातृशक्ति देगी करारा जवाब

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर मुख्यमंत्री धामी ने किया विपक्ष पर तीखा प्रहार

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, महिलाओं के अधिकारों में बाधा डालने वालों को मातृशक्ति करारा जवाब देगी। रविवार को भाजपा मुख्यालय में सीएम ने प्रेस वार्ता में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित विषय पर विपक्ष के महिला विरोधी रवैये के संबंध में अपने विचार और तथ्य विस्तारपूर्वक रखे। उन्होंने इस विषय को केवल एक विधायी पहल नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकारों, सम्मान और सशक्तिकरण से जुड़ा हुआ ऐतिहासिक अवसर बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को निर्णय-निर्माण में समान भागीदारी देने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम साबित हो सकता था। यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से सशक्त बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल थी, जिससे लोकतंत्र और अधिक समावेशी और संतुलित बनता लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) जैसे विपक्षी दलों ने एक बार फिर राजनीतिक स्वार्थ के चलते इसे सफल नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष का यह रवैया न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह महिलाओं के अधिकारों और उनकी आकांक्षाओं के प्रति उनकी वास्तविक सोच को भी उजागर करता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब भी देश में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कोई ठोस और निर्णायक कदम उठाया जाता है, तब-तब विपक्षी दलों द्वारा किसी न किसी बहाने से उसे रोकने या कमजोर करने का प्रयास किया जाता है। कहा कि कांग्रेस का इतिहास महिलाओं के अधिकारों को टालने और दबाने का रहा है। उन्होंने उदाहरण दिया कि, जब महिलाओं को शीघ्र 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देने की दिशा में ठोस पहल की गई, तब विपक्ष ने बहानों, भ्रामक तर्कों और राजनीतिक गणित के जरिए इस प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया। यह केवल एक विधेयक का विरोध नहीं था, बल्कि यह महिलाओं की प्रगति को रोकने का प्रयास था। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में देश की मातृशक्ति उन दलों को करारा जवाब देगी, जो उनके अधिकारों में बाधा बन रहे हैं। कहा कि महिलाएं अब केवल दर्शक नहीं हैं, बल्कि वे देश की नीति और दिशा तय करने में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

#### विपक्ष ने भ्रम फैलाया

धामी ने कहा कि विपक्ष ने लगातार यह भ्रम फैलाया कि परिसीमन के कारण कुछ राज्यों या क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जबकि यह पूरी तरह से भ्रामक और तथ्यहीन है। इस विषय पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी संसद में स्पष्ट किया था कि परिसीमन की इस प्रक्रिया से देश के किसी भी राज्य या क्षेत्र के प्रतिनिधित्व पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा, बल्कि संतुलित और न्यायसंगत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा।

#### मुख्यमंत्री बोले- अधिनियम इसी दिशा में अहम और दूरगामी कदम

मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया कि केंद्र और राज्य सरकारें महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू कर रही हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ करना और समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ाना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम है। राज्य और केंद्र सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में भी ऐसे सभी प्रयास किए जाते रहेंगे, जो देश की मातृशक्ति को सशक्त, आत्मनिर्भर और सम्मानित बनाने में सहायक सिद्ध हों।

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाका, 23 की गई जान, आठ गंभीर

विरुधुनगर, एजेंसी

तमिलनाडु के विरुधुनगर के निकट स्थित एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में 23 से अधिक श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह विस्फोट वाचकारपत्ती पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत कट्टनरपत्ती में मुथुमानिकम के स्वामित्व वाली 'वनजा' पटाखा फैक्टरी में हुआ। पुलिस और अग्निशमन अधिकारियों के अनुसार, घायल हुए 8 लोगों की हालत नाजुक है और उनका विरुधुनगर सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज जारी है।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस पटाखा निर्माण इकाई को नागपुर स्थित पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) से लाइसेंस मिला हुआ है। परिसर में 100 से अधिक श्रमिक काम कर रहे थे। ऐसा माना जा रहा है कि विस्फोट बरामदे वाले क्षेत्र में हुआ, जहां श्रमिक कच्चे माल से पटाखों को अंतिम रूप दे रहे थे।

विस्फोट का प्रभाव इतना भीषण था कि तीन कमरे मलबे में तब्दील हो गए और आसपास की कई इमारतें को भारी नुकसान पहुंचा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने अब तक 23 शव बरामद किए हैं, जिनमें से कई बुरी तरह जल चुके थे और उनकी पहचान करना मुश्किल था। अधिकारी ने बताया कि घायल छह लोगों में से तीन महिलाएं हैं और वे 60 प्रतिशत तक जल गई हैं।



विस्फोट के बाद आग बुझाते दमकलकर्मी।

- विरुधुनगर में हुआ हादसा, छह गंभीर, 100 से अधिक मजदूर कर रहे थे काम
- भीषण विस्फोट से तीन कमरे मलबे में तब्दील, आसपास की कई इमारतों को भारी नुकसान

#### विस्फोट के काफी देर बाद तक पटाखे फटते रहने से बचाव अभियान में आई बाधा

सूत्रों के अनुसार, अग्निशमन और बचाव कर्मियों ने कई घंटों तक आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन शुरुआती विस्फोट के काफी देर बाद भी पटाखे फटते रहने के कारण बचाव अभियान में काफी बाधा आई। सूत्रों के मुताबिक, आशंका है कि मलबे के नीचे और भी श्रमिक फंसे हो सकते हैं। यह घटना इस क्षेत्र में इस वर्ष की सबसे घातक औद्योगिक दुर्घटना है। यह घटना उसी जिले के वेम्बाकोट्टई क्षेत्र में कुछ ही दिनों पहले हुए एक ऐसे ही विस्फोट के बाद घटी है, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी।

#### मुख्यमंत्री ने बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए दो मंत्री घटनास्थल पर भेजे

इसी बीच, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अपना दुख व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए दो मंत्रियों को घटनास्थल पर भेजा है। स्टालिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विरुधुनगर जिले के कट्टनरपत्ती में पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में कई लोगों की मौत की खबर से गहरा दुख हुआ है। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने कहा, इस दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मैंने जिला कलेक्टर से संपर्क किया और उन्हें सभी आवश्यक सहायता का समन्वय करने का निर्देश दिया।

### ब्रीफ न्यूज

#### बोकारो में मालगाड़ी का डिब्बा कार से टकराने के बाद पटरी से उतरा

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में रविवार को लेवल क्रॉसिंग पर मालगाड़ी का एक डिब्बा कार से टकराने के बाद पटरी से उतर गया। अधिकारियों के अनुसार, यह दुर्घटना बोकारो थर्मल पुलिस थाना (बीटीपीएस) अंतर्गत ओवरब्रिज के पास हुई, जब मालगाड़ी दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी) ऊर्जा संयंत्र से निकल रही थी। मामले में जांच की जा रही है। ट्रेन से टक्कर के बाद कार कुछ दूरी तक घिसटती रही, जिसके बाद ट्रेन रुक गई।

#### बागेश्वर में 15 मिनट में दो बार भूकंप आया

**बागेश्वर।** बागेश्वर में रविवार सुबह 15 मिनट के अंतराल में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। हालांकि कोई अप्रिय सूचना नहीं मिली है। जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी शिखा सुयाल के अनुसार, पहला झटका सुबह 10 :32 :33 बजे 3 .1 तीव्रता का और दूसरा झटका सुबह 10 :46 :59 बजे महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 2 .6 रही। विशेषज्ञों के अनुसार, कम तीव्रता के ये भूकंप सामान्य भूगर्भीय गतिविधियों का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन लगातार झटके आने से यहां लोगों में भय का माहौल बन गया।

## युद्धविराम के दो दिन शेष ईरान नहीं खोलेगा होर्मुज

काहिरा/तेहरान, एजेंसी

- कहा- होर्मुज से हमारे जहाज नहीं निकले तो किसी के नहीं गुजरने देंगे, 2 और जहाज वापस लौटाए

ईरान ने अपने बंदरगाहों की नाकेबंदी जारी रहने तक होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर रोक लगाने के फैसले पर और कड़ा रुख अपना लिया है। अमेरिकी नाकाबंदी और ईरान के कड़े रुख के बीच मध्यस्थ युद्धविराम की अवधि बढ़वाने की कोशिश कर रहे हैं, जो बुधवार को खत्म हो जाएगी।

नाकेबंदी के कारण पाकिस्तान की मध्यस्थता में हो रही कोशिशें जटिल हो गई हैं और अब सवाल खड़ा हो गया है कि दो हफ्ते का संघर्षविराम आगे बढ़ पाएगा या नहीं। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबाफ ने शनिवार देर रात कहा, जब हमारे खुद के जहाज होर्मुज जलडमरुमध्य से नहीं गुजर सकते तो दूसरों को भी इस रास्ते से गुजरने देना असंभव है। अमेरिका के साथ बातचीत में ईरान के मुख्य वार्ताकार गालिबाफ ने अमेरिकी नाकाबंदी को अज्ञानता के कारण लिया गया एक नासमझी भरा फैसला बताया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान अब भी शांति चाहता है, लेकिन अमेरिका पर गहरा अविश्वास बना हुआ है। गालिबाफ ने कहा, अभी भी बड़े मतभेद बरकरार हैं, और कुछ बुनियादी मुद्दे अब तक हल नहीं हुए हैं। रविवार को भी ईरान ने दो और जहाज को होर्मुज से लौटा दिया।

#### भारतीय टैंकर ने होर्मुज को सुरक्षित पार किया

**नई दिल्ली।** भारत के ध्वज वाले एक तेल के टैंकर ने होर्मुज को सुरक्षित पार कर लिया। भारतीय टैंकर ने इस तनाव ग्रस्त जलमार्ग को ऐसे समय पार किया है, जब दो अन्य भारतीय जहाजों को गोलीबारी के बाद वापस लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था और भारत ने वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता को ईरान के साथ साझा किया था। पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों पर सरकार द्वारा दी गई अद्यतन जानकारी के मुताबिक, कच्चे तेल से भरा टैंकर देश गरिमा 18 अप्रैल को रणनीतिक जलमार्ग को पार कर गया और 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचने की उम्मीद है। इस जहाज पर 31 भारतीय नाविक सवार थे।

#### अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल आज पहुंचेगा पाकिस्तान

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को कहा कि अमेरिकी वार्ताकार सोमवार को ईरान के साथ बातचीत के लिए पाकिस्तान पहुंचेंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

## गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुले, चारधाम यात्रा शुरू

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाट वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ खोल दिए गए। इसके साथ ही रविवार से उत्तराखंड की चारधाम यात्रा 2026 का भी शुभारंभ हो गया है।

दोनों धामों में प्रधानमंत्री के नाम से पहली पूजा की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री धाम में कपाटोद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है। धार्मिक परंपराओं के अनुसार रविवार को मां गंगा की उत्सव डोली भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर से चलकर गंगोत्री धाम पहुंची। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा व अभिषेक के साथ दोपहर 12:15 बजे गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। मां यमुना की डोली शनिदेव महाराज की अगुवाई में शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से चलकर यमुनोत्री धाम पहुंची। धार्मिक विधिविधान के साथ दोपहर 12:35 बजे यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। गंगोत्री धाम के कपाटोद्घाटन समारोह में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री ने मां गंगा के मंदिर में शीश नवाया और विशेष पूजा-अर्चना कर देव डोली से आशीष लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पावन अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो चुका है। उत्तराखंड के चारधाम देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं और इन दिव्य धामों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करने की इच्छा हर श्रद्धालु के हृदय में रहती है।



**रुद्रप्रयाग :** भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली ले जाते भक्त।

- दोनों धामों में प्रधानमंत्री मोदी के नाम से की गई पहली पूजा
- सीएम बोले-सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए किए गए व्यापक प्रबंध

#### पर्यावरण संरक्षण के प्रति रहें सजग

धामी ने कहा कि राज्य का प्रयास है कि देवभूमि में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को दिव्य धामों का आशीर्वाद प्राप्त होने के साथ-साथ यात्रा का एक सुखद, सुरक्षित और अविस्मरणीय अनुभव मिले। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से ग्रीन-क्लीन चारधाम यात्रा के सफल आयोजन के लिए सहयोग की अपील करते हुए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहने का आग्रह भी किया।

### यमुनोत्री धाम में बुजुर्ग श्रद्धालु की मौत

**देहरादून।** मां यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए एक बुजुर्ग श्रद्धालु की रविवार को पैदल मार्ग पर चढ़ाई के दौरान मौत हो गयी। मार्ग पर जानकी चट्टी पड़ाव स्थित अस्पताल के चिकित्सक डॉ. हरदेव सिंह ने बताया कि एक नेपाली मूल का श्रमिक एक व्यक्ति को मृत अवस्था में अस्पताल लेकर आया। करीब 65 वर्षीय इस व्यक्ति की मौत प्रथम दृष्टया सांस संबंधी परेशानी के कारण हुई है। पुलिस उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि मृतक के अन्य साथी यमुनोत्री धाम गए हैं। उनके आने के बाद ही शिनाख्त हो पाएगी।

### ईडी ने कोलकाता पुलिस उपायुक्त और अन्य व्यवसायी के परिसरों पर मारे छापे

- अपराधी व उससे संबंधित गिरोह के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत की गई कार्रवाई

**कोलकाता।** ईडी ने धन शोधन मामले की जांच के तहत रविवार को कोलकाता पुलिस के उपायुक्त शांतनु सिन्हा बिस्वास और एक स्थानीय व्यवसायी के कोलकाता स्थित परिसरों पर छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी की यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल में एक अपराधी और उससे संबंधित गिरोह के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत की गई। बालीगंज क्षेत्र स्थित बिस्वास के आवास सहित उनसे संबंधित दो परिसरों और सन एंटरप्राइज नामक कंपनी के प्रबंध निदेशक जॉय कामदार के एक परिसर पर पीएमएलए के प्रावधानों के तहत छापा मारा गया। कामदार को अधिकारियों द्वारा पूछताछ के लिए स्थानीय ईडी कार्यालय ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल और कोलकाता पुलिस कल्याण समिति के मुख्य समन्वयक और नोडल अधिकारी बिस्वास अपने परिसर में मौजूद नहीं थे।

यह कार्रवाई बिस्वजीत पोद्दार उर्फ 'सोना पप्पू' नामक एक स्थानीय अपराधी के खिलाफ धन शोधन के मामले से जुड़ी है। उस पर हत्या के प्रयास और वसूली के आरोपों में कई मामले दर्ज हैं।

### रुद्रपुर में 2.80 करोड़ का गांजा बरामद

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर कोतवाली पुलिस और एसओजी ने चेकिंग के दौरान बागवाला फ्लाईओवर के पास मिनी ट्रक से 555.78 किलो गांजा बरामद कर अंतर्राज्यीय तीन तस्करों रुद्रपुर निवासी संजय गुप्ता और मैनपुरी यूपी निवासी डीटू यादव और मोहित यादव को गिरफ्तार किया है। गांजे की खेप को ट्रांसपोर्ट की आड़ में प्लास्टिक के 18 कट्टों और तीन बैगों में सुतली के गट्ठरों के बीच छिपाकर ओडिशा के सोनपुर से लाया गया था ताकि पुलिस को ट्रांसपोर्ट का सामान्य माल लगे। बरामद गांजा की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 2.80 करोड़ रुपये आंकी गई है।

(विस्तृत पेज-6)

## डिजिटल अरेस्ट से बचाएगा सीबीआई का चैटबॉट अभय

नई दिल्ली, एजेंसी



- लोगों को जारी किए गए नोटिस की प्रामाणिकता को सत्यापित करने में करेगा मदद

सीबीआई डिजिटल अरेस्ट से लोगों को बचाने के लिए सोमवार को एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित चैटबॉट 'अभय' की शुरुआत करेगी, जो लोगों को जारी किए गए नोटिस की प्रामाणिकता को सत्यापित करने में मदद करेगा।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने अपने संस्थापक निदेशक के सम्मान में सोमवार को 22वें डी पी कोहली स्मारक व्याख्यान का आयोजन किया है और इसी अवसर पर सीजेआई सूर्यकांत चैटबॉट 'अभय' की औपचारिक शुरुआत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधान न्यायाधीश 'साइबर अपराध की चुनौतियां - पुलिस और न्यायपालिका की भूमिका' विषय पर व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर वह सराहनीय सेवा के लिए 24 पदक भी प्रदान करेंगे। सीबीआई के प्रवक्ता ने कई मामलों में यह सामने आया है कि सीबीआई अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करने वाले ठगों ने एजेंसी की ओर से जारी किए गए फर्जी नोटिस दिखाकर जनता को धमकाया है, उन्हें 'डिजिटल अरेस्ट' किया है और इस दौरान करोड़ों रुपये की उगाही की है।

सुप्रीम आदेश

कोर्ट ने सड़क सुरक्षा पर देशभर के लिए जारी किए निर्देश, कहा- एक भी व्यक्ति की जान जाना, नागरिकों की रक्षा करने में राज्य की विफलता को दर्शाता है

## खतरे के कॉरिडोर बन रहे एक्सप्रेस-वे, नए ढाबों पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में सड़क सुरक्षा मजबूत करने के लिए कई निर्देश जारी करते हुए कहा है कि प्रशासनिक सुस्ती या बुनियादी ढांचे की कमियों के कारण एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने कहा कि देश की सड़कों की कुल लंबाई का केवल दो प्रतिशत राष्ट्रीय राजमार्ग हैं लेकिन सड़क हादसों में होने वाली मौत की कुल संख्या में इनकी हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है।

पीठ ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, एनएचएआई और राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को सड़कें अधिक सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए। पीठ ने कहा कि अवैध रूप से वाहन खड़ा करना या दुर्घटना संभावित स्थलों जैसे टाले जा सकने वाले खतरों के कारण एक भी व्यक्ति की जान जाना, नागरिकों की रक्षा करने में राज्य की विफलता को दर्शाता है। कोर्ट ने 13 अप्रैल के अपने आदेश में कहा, भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दिया गया जीवन का अधिकार जीवन को केवल गैरकानूनी तरीके से छीने जाने के विरुद्ध गारंटी नहीं देता, बल्कि राज्य पर यह सकारात्मक दायित्व भी डालता है कि वह ऐसा सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करे, जहां मानव जीवन सुरक्षित रहे और उसका सम्मान हो। पीठ ने राजस्थान के फलोदी और तेलंगाना के रंगारेड्डी में दो और तीन नवंबर, 2025 को हुई सिलसिलेवार सड़क दुर्घटनाओं में 34 लोगों की मौत के बाद दर्ज किए गए स्वतः संज्ञान मामले में यह आदेश पारित किया। इन दुर्घटनाओं के लिए प्रणालीगत लापरवाही और विनाशकारी बुनियादी ढांचागत विफलताओं को जिम्मेदार ठहराया गया है।



#### आर्थिक या प्रशासनिक बाधा मानव जीवन की शुचिता से अधिक महत्वपूर्ण नहीं

पीठ ने कहा कि न्यायालय इस बात को दोहराता है कि कोई भी आर्थिक या प्रशासनिक बाधा मानव जीवन की शुचिता से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकती और यहां दी गई सख्त समयसीमा इस संवैधानिक दायित्व की तात्कालिक आवश्यकता को दर्शाती है। उसने निर्देश दिया कि राजमार्ग पर वाहनों को कहीं भी खड़ा या रोका नहीं जाएगा। उन्नत यातायात प्रबंधन प्रणाली (एटीएमएस) के जरिये राज्य पुलिस को सतर्क किया जाएगा, जीपीएस आधारित तस्वीरों को साक्ष्य बनाया जाएगा जिनमें समय दर्शाया होगा और एकीकृत ई-चालान प्रणाली का इस्तेमाल होगा। निर्देशों का पालन एनएचएआई, राज्य पुलिस और राज्य परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मी करेंगे। संबंधित जिलों के जिला मजिस्ट्रेट मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करेंगे, जिसमें सभी एजेंसियों द्वारा नियमित निरीक्षण और गश्त का प्रावधान होगा। आदेश की तारीख से 60 दिन के भीतर इन निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

#### व्यावसायिक ढांचे के निर्माण व अन्य संचालन पर तत्काल रोक लगाई

महत्वपूर्ण निर्देशों में से एक निर्देश यह है कि किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग के मार्ग अधिकारी क्षेत्र में किसी नए ढाबे, भोजनालय या व्यावसायिक ढांचे के निर्माण अथवा संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी। पीठ ने निर्देश दिया, जिला मजिस्ट्रेट सात अगस्त, 2025 की मानक संचालन प्रक्रिया और सीएनएच अधिनियम में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 60 दिन के भीतर सभी नए या मौजूदा अनधिकृत ढांचों को हटाना सुनिश्चित करें। अदालत ने कहा कि कोई भी विभाग, प्राधिकरण या स्थानीय निकाय राजमार्ग सुरक्षा क्षेत्र के भीतर स्थित किसी स्थल के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की पूर्व अनुमति के बिना कोई लाइसेंस, अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) या व्यापार मंजूरी न दे और न ही उसका नवीनीकरण करे। ऐसे सभी मौजूदा लाइसेंस की 30 दिन के भीतर समीक्षा की जाए।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## लकड़ी के जर्जर पुल के सहारे नदी पार करने के लिए मजबूर हैं रामपुर गांव के 800 ग्रामीण

# आजादी के 79 साल बाद भी कालीगाड़ पर नहीं बना पुल

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** आजादी के 79 साल बीत जाने के बाद भी पाटकोट क्षेत्र के रामपुर गांव में विकास की तस्वीर अधूरी नजर आती है। यहां कालीगाड़ नदी पर आज तक स्थायी पुल नहीं बन सका है। नतीजा यह है कि करीब 800 ग्रामीण आज भी एक लकड़ी के जर्जर पुल के सहारे अपनी जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने को मजबूर हैं।

रामनगर से महज 27 किलोमीटर दूर पाटकोट और उससे आगे रामपुर गांव तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों के पास यही एकमात्र रास्ता है। यह लकड़ी का पुल हर साल बरसात के बाद ग्रामीण खुद ही मरम्मत कर तैयार करते हैं।


लकड़ी के जर्जर पुल के सहारे नदी पार करती महिला। ● अमृत विचार

बारिश आते ही कालीगाड़ नदी उफान पर आ जाती है और यह पुल किसी बड़े खतरे का संकेत बन जाता है, फिर भी मजबूरी में लोग इसी पर चलने को विवश हैं। सबसे ज्यादा खतरा स्कूली बच्चों पर मंडराता है। करीब 50 से 55 बच्चे रोज इसी पुल से गुजरकर राजकीय इंटर कॉलेज पाटकोट पढ़ने जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हर दिन डर बना रहता है कि कहीं कोई बड़ा हादसा न हो जाए। ग्रामीण महेश चंद्र बताते हैं कि बच्चों की पढ़ाई से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों तक सब कुछ इसी खतरनाक रास्ते पर निर्भर है। राशन लाना हो या मरीज को अस्पताल ले जाना हो, हर स्थिति में इसी पुल का सहारा लेना पड़ता है।

ग्रामीणों के अनुसार, अब तक दो बार बाइक सवार इस नदी में बह चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं।

जुलाई 2025 में प्रशासन ने इस समस्या को देखते हुए कालीगाड़ नदी पर करीब 25 लाख रुपये की लागत से स्थायी पुल बनाने का प्रस्ताव तैयार किया था, जिसे जिला योजना के तहत मंजूरी के लिए भेजा गया। लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। सामाजिक कार्यकर्ता महेश चंद्र का कहना है कि प्रस्ताव और बजट स्वीकृत होने के बावजूद धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। बरसात नजदीक है और खतरा लगातार बढ़ रहा है। पंचायत चुनावों के दौरान भी यह मुद्दा उठाया गया, लेकिन ग्रामीणों को हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। फिलहाल पूरा गांव एक ही सवाल पूछ रहा है आखिर कब तक लोग इस "मौत के पुल" के सहारे जिंदगी और मौत के बीच सफर करते रहेंगे। मामले पर वन विभाग रामनगर के एसडीओ अंकित बडोला ने बताया कि जुलाई 2025 में क्षेत्र का निरीक्षण किया गया था और ग्रामीण निर्माण विभाग के साथ संयुक्त सर्वे में करीब 15 मीटर लंबे पुल के लिए लगभग 25 लाख रुपये का एस्टिमेट तैयार किया गया था। उन्होंने कहा कि मामला कहां लंबित है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


रचनाकार रेखा त्रिवेदी को सम्मानित करते अतिथि।

## रेखा त्रिवेदी को 'अंतर्राष्ट्रीय नारी रत्न सम्मान'

**नैनीताल :** पूर्व प्रधानाचार्या एवं प्रख्यात रचनाकार सुश्री रेखा त्रिवेदी को साहित्य के क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने और उत्कृष्ट सृजन के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय नारी रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान विश्व हिंदी रचनाकार मंच द्वारा प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रकाशित राष्ट्रीय काव्य संग्रह 'भारत के महिला काव्य रत्न' में उनके विशिष्ट योगदान एवं निरंतर साहित्य सेवा के लिए दिया गया। समारोह के दौरान मंच के संस्थापक एवं अध्यक्ष राघवेंद्र ठाकुर ने उनकी सराहना करते हुए कहा कि रेखा त्रिवेदी की रचनाएं समाज को नई दिशा देने के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं को गहराई से अभिव्यक्त करती हैं।उल्लेखनीय है कि रेखा त्रिवेदी को इससे पूर्व भी उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए 'उत्तराखण्ड हिन्दी गौरव सम्मान' सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। उनकी यह उपलब्धि नैनीताल के साहित्यिक गौरव बढ़ातीं है। साहित्य जगत के अनेक विद्वानों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# झपटमारों की गिरफ्तारी न होने से लोगों में आक्रोश

## पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया, आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पीरूमदारा क्षेत्र में हुई झपटमारी की घटना के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा पुलिस चौकी पर फूट पड़ा।

प्रधानपति ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कार्रवाई में लापरवाही का आरोप लगाया है। बीते दिनों पीरूमदारा क्षेत्र में एक महिला के साथ झपटमारी की घटना हुई थी। बाइक सवार तीन युवक महिला का मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें आरोपी साफ दिखाई दे रहे हैं। इसके बावजूद, स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस ने अब तक न तो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और न ही मुकदमा दर्ज किया है। प्रधानपति हरीश सनवाल का कहना है कि जब पीड़ित परिवार पुलिस चौकी पहुंचा, तो उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें सामान वापस चाहिए या कानूनी कार्रवाई करनी है। प्रधानपति के अनुसार, आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार ने सामान बरामद कराने की बात कही, जिस पर पुलिस ने दो से तीन दिन का समय देने की बात कही, लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी न तो मंगलसूत्र मिला और न ही कोई ठोस कार्रवाई हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार लगातार चौकी के चक्कर काट रहा है, लेकिन हर बार उन्हें टाल दिया जा रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।


मामले को लेकर पुलिस चौकी में नाराजगी जताते लोग। ● अमृत विचार

हरीश सनवाल ने यह भी कहा कि घटना स्थल पुलिस चौकी से ज्यादा दूर नहीं है, इसके बावजूद इस तरह की वारदात होना और उसके बाद पुलिस की ढीली कार्यप्रणाली गंभीर सवाल खड़े करती है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ चौकी के बाहर धरना दिया जाएगा। वहीं, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे ने बताया कि मामला संज्ञान में है और जल्द ही मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 80 से अधिक टैक्सी बाइकों का चालान

**नैनीताल:** नैनीताल शहर में नियमों का उल्लंघन कर संचालित हो रही टैक्सी बाइकों के खिलाफ पुलिस ने रविवार को विशेष अभियान चलाया। इस दौरान 80 से अधिक चालान कर कार्रवाई की गई। रविवार को मल्लीताल कोतवाली पुलिस ने एसएसआई दिनेश जोशी के नेतृत्व में 31 चालान किए। वहीं तल्लीताल पुलिस ने एसओ मनोज नयाल के नेतृत्व में 32 चालान किए। इसके अलावा यातायात पुलिस और सीपीयू ने टीएसआई हरीश फर्त्याल के नेतृत्व में 28 चालान किए। एसपी डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## हरीश बोरा कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष बने

**भीमताल:** कांग्रेस ने हरीश बोहरा को ओखलाकांडा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं हरीश बोहरा को बधाई दी है। यहां वरिष्ठ कांग्रेसी राकेश बृजवासी, हरीश पनेरु, गोपाल बिष्ट, प्रकाश नैनवाल, करण बोहरा, खींवराज बिष्ट बलवंत बोहरा, गोपाल बर्गली, नीरज नगरकोटी आदि रहे।



# जूनियरों ने सीनियर कैडेट्स को दी विदाई, किया गया सम्मानित

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पीएनजी महाविद्यालय में 79 यूके बटालियन एनसीसी सब यूनिट द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने सीनियर कैडेट्स की प्रशंसा करते हुए उनके तीन वर्ष के कार्यकाल में एनसीसी गतिविधियों सहित महाविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की सराहना की। स्वागत संबोधन कारपोरल आकाश रावत ने किया। विशिष्ट अतिथि चीफ प्रॉक्टर प्रो. एस.एस. मौर्य ने सीनियर कैडेट्स को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर कैडेट्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। कैडेट निकिता ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि एसडब्ल्यू ग्रुप में अक्षिता, खुशबू जीना, प्राची, ईशा, भूमिका और शीतल ने तथा एसडी ग्रुप में अमित चौहान, राघव राज, आर्यन, कुलदीप और मनोज ने बॉलीवुड व पंजाबी मैशअप के साथ-साथ उत्तराखंड की लोक संस्कृति पर आधारित सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में कैडेट्स ने एकता और अनुशासन का उत्कृष्ट परिचय देते हुए विदाई समारोह को यादगार बना दिया। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे एवं विशिष्ट अतिथि चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसएस मौर्य ने सभी सीनियर कैडेट्स को प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। 79 बटालियन के एएनओ लेफ्टिनेंट (डॉ.) देवकीनंदन जोशी ने 2023-26 बैच के सभी कैडेट्स की एनसीसी के प्रति कर्तव्यनिष्ठा, एकता, अनुशासन, शिविरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए सराहना की। इस अवसर पर प्रो. जेएस नेगी, प्रो. अनीता जोशी, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. सुमन कुमार, डॉ. सिराज अहमद, डॉ. नीमा राणा, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. गुरप्रीत सिंह, डॉ. प्रकाश चंद्र पालीवाल सहित सीनियर अंडर ऑफिसर विक्रम जलाल, पारुल, अंडर ऑफिसर यशवंत रावत, गुंजन डांगी, मुस्कान बिष्ट एवं अन्य कैडेट्स मौजूद रहे। मंच संचालन कैडेट वैष्णवी और हर्षिता नैनवाल ने संयुक्त रूप से किया।



विदाई समारोह में मौजूद कैडेट्स। ● अमृत विचार

- प्रतीक चिह्न भेंट कर सीनियर कैडेट्स का किया गया सम्मान
- प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



माइंड पावर विवि भीमताल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मौजूद विशेषज्ञ।

## शिक्षा, शोध व नवाचार से ही वैश्विक विकास संभव

- वन अर्थ, वन फ्यूचर विषय पर अंतरराष्ट्रीय मंथन, भीमताल में जुटे देश-विदेश के विद्वान

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** माइंड पावर विश्वविद्यालय भीमताल में वन अर्थ, वन फ्यूचर-वैश्विक विकास के लिए बहु-विषयक दृष्टिकोण विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में देश-विदेश के प्रख्यात विद्वानों, शोधार्थियों और शिक्षाविदों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तस्मानिया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. राकेश पांडे तथा विशिष्ट अतिथि कुमाऊं विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. मंगल सिंह मांद्रवाल रहे, जिन्होंने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. योगेश कुमार ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने कहा कि वर्तमान वैश्विक चुनौतियों का समाधान किसी एक विषय से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए बहु-विषयक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा, शोध और नवाचार के समन्वय को सतत विकास की आधारशिला बताया। उन्होंने वन अर्थ, वन फ्यूचर के संदेश को रेखांकित करते हुए कहा कि पृथ्वी एक है और उसका भविष्य भी साझा है, इसलिए इसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी हम सभी की है।

प्रो-चांसलर डॉ. ब्रजेश ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर दक्षिण अफ्रीका से आई एंजिला ने भी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ. हृदेश, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. पवन कुमार, देवेंद्र सिंह बोहरा, डॉ. सुरेश, डॉ. विकास, डॉ. रमन तथा केडी सिंह आदि रहे। वाइस चांसलर डॉ. श्वेता भोसले ने अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# शोषण के आरोपी यूनुस की गिरफ्तारी की मांग, थाना घेरा

- पहचान छुपाकर युवतियों का शोषण करने का मामला

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** अपनी पहचान छुपाकर शोषण करने के आरोपी यूनुस की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने कोतवाली का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सोमवार, 20 अप्रैल सुबह 9 बजे तक गिरफ्तारी नहीं की गई, तो बाजार बंद कराया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों ने यूनुस की संपत्ति की जांच की भी मांग उठाई।

मौके पर जिला मंत्री मनोज भट्ट प्रकाश ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा बायपास मार्ग स्थित यूनुस के मकान की भूमि के दस्तावेजों की जांच में पता चला है कि मकान निर्माण में लगभग सात मुट्ठी सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल सरकारी भूमि खाली कराने की मांग की। प्रदर्शन में मनोज भट्ट, पंकज जोशी, कमल देवता, जीतू चुनौतिया, मीनाक्षी भगत, नीमा नेगी, आरती आर्य, पारस चंद्रा, कमलेश रावत, शरद पांडे, सुनीता पांडे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


भीमताल कोतवाली में नारेबाजी करते लोग। ● अमृत विचार

# पुलिस की जांच में होम स्टे से मिली आपत्तिजनक सामग्री

- होम स्टे से स्कूली छात्राओं के मिलने के बाद पुलिस ने की जांच

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** शहर के समीप एक होम स्टे में स्कूली ड्रेस में दो छात्राओं और दो छात्रों के मिलने के मामले के बाद पुलिस जांच में नए तथ्य सामने आए हैं। जांच के दौरान पुलिस को होम स्टे के कई कमरों से आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है, जिससे मामले ने गंभीर रूप ले लिया है।

बीते शनिवार को भाजपा नेता मदन जोशी की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए होम स्टे से दो छात्राएं और दो छात्रों को अलग-अलग कमरों से बरामद किया था। इसके बाद पुलिस ने छात्रों के खिलाफ पॉक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था और होम स्टे को सील कर दिया गया था। पुलिस के अनुसार, होम स्टे में आठ से अधिक कमरे हैं। रविवार को जांच के दौरान कई कमरों से आपत्तिजनक सामग्री मिलने की बात सामने आई है, जिससे अनैतिक गतिविधियों की आशंका जताई जा रही है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम द्वारा भी दो कमरों का निरीक्षण किया गया, जहां से आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। पुलिस ने होम स्टे के मैनेजर भास्कर जोशी और लीज होल्डर मोहम्मद अदनान से पूछताछ शुरू कर दी है।

**कार्यक्रम** आत्मनिर्भरता से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र ज्योलीकोट का एक विशेष प्रशिक्षण शिविर

# महिलाओं को मिली पोषण वाटिका की ट्रेनिंग

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** ग्रामीण महिलाओं को पोषण और आत्मनिर्भरता से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) ज्योलीकोट द्वारा एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल के तहत विभिन्न ग्राम सभाओं की महिला किसानों को "पोषण वाटिका" विकसित करने को जागरूक करने के साथ ही प्रशिक्षित किया गया।

आयोजित प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने महिलाओं को पारंपरिक खेती से हटकर आधुनिक और वैज्ञानिक विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉ. सुधा जुगरिया ने कम लागत में पौध तैयार करने और वैज्ञानिक तरीके से बीज रोपण की विधि समझाई। उन्होंने बताया कि छोटी सी जगह में भी पोषण वाटिका लगाकर परिवार की पोषण जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. संजय चौधरी ने पोषण वाटिका के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य केवल ताजी सब्जियां उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि परिवार के स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार लाना भी है। उन्होंने तकनीकी बारीकियों और इसके स्वास्थ्य लाभों पर भी प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान डांगर, गेठिया, बेलुवाखान, मंगोली और भल्लूटी गांव की महिलाओं को सब्जियों के बेहतर उत्पादन की तकनीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में महिलाओं को उच्च गुणवत्ता वाले उन्नत बीजों का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से खीरा, शिमला मिर्च, हरी मिर्च के साथ-साथ तोरई, लौकी, भिंडी, मूली और धनिया के बीज शामिल रहे। संस्थान ने पहले चरण में क्षेत्र की 100 प्रगतिशील महिलाओं को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान बीना जीना, दीपा शाह, प्राची, कमलेश जीना, चंद्रा, तुलसी और हंसा सहित कई महिलाओं ने भाग लिया।


ज्योलीकोट मे आयोजित कार्यक्रम में पौध वितरण करते अतिथि। ● अमृत विचार

## दिग्विजय ने 98.6% अंक किए हासिल

**नैनीताल:** काठगोदाम क्षेत्र के होनहार छात्र दिग्विजय सिंह अधिकारी ने हाईस्कूल परीक्षा में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। देवखड़ी, काठगोदाम निवासी दिग्विजय के पिता ललित सिंह अधिकारी पीडब्ल्यूडी में सहायक अभियंता हैं, जबकि माता सुमन अधिकारी चेष्टा विकास कल्याण समिति नैनीताल की संस्थापिका हैं। दिग्विजय इंस्पिरेशन स्कूल काठगोदाम, हल्द्वानी के छात्र हैं। उन्होंने नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन को सफलता का मूल मंत्र बताया।



## सिटी इंवेट्स

- आज सुबह जनता की समस्याओं पर सुनवाई करेंगे सिटी मजिस्ट्रेट 10 :30 बजे से
- जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के वादों के निबटारे को कार्यालय में सुनवाई करेंगे सचिव 10 :30 बजे से
- वन विभाग की बैठक होगी कार्यालय में 11 बजे से

## सिटी ब्रीफ

### मेयर ने नीलियम कॉलोनी में पार्क का किया लोकार्पण

**हल्द्वानी :** मेयर गजराज बिष्ट ने रविवार को नीलियम कॉलोनी में नए पार्क का लोकार्पण किया। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत करीब 12 .33 लाख की लागत से बने इस पार्क से क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। मेयर बिष्ट ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के साथ जनता के स्वास्थ्य और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए पार्कों का विकास प्राथमिकता में शामिल है। उद्घाटन के मौके पर पार्षद हरेन्द्र सिंह बिष्ट, मोहित कांडपाल, नगर निगम के एई नवल नौटियाल सहित अन्य मौजूद रहे।

### बनभूलपुरा में स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गौला बाईपास रोड स्थित स्लॉटर हाउस के पास यात्री शेड के नजदीक एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर युवक के पास से 20 .99 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। साथ ही उसके कब्जे से बिना नंबर प्लेट की सुजुकी एक्सेस 125 स्कूटी भी मिली। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अयान उर्फ आशू (21 वर्ष), निवासी मोहम्मदी चौक, बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना बनभूलपुरा में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### फिट इंडिया अभियान में हुई साइक्लिंग

हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार सुबह 7 बजे नारी शक्ति के उत्साहपूर्ण संस्करण के अंतर्गत खेलो इंडिया फिट इंडिया अभियान के तहत ऑन–साइक्लिंग व जुम्बा एक्सरसाइज का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 40 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और नियमित फिटनेस गतिविधियों में भाग लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी नैनीताल डॉ. निर्मला पंत ने किया। संचालन तनुजा आर्य ने संगीत के माध्यम से किया। इस अवसर पर गोविंद लटवाल, उमेश रावत, अंकुश रौतेला, किशोर पाल सहित फुटबॉल छात्रावास के खिलाड़ी भी मौजूद रहे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा से फ्रॉड, नकली सोने पर ले लिया लाखों का लोन

## सुनार के साथ मिलकर दो महिलाओं ने वारदात को दिया अंजाम, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** शहर में गोल्ड लोन के नाम पर बैंक से लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। मामले में यह भी पता चला कि ग्राहक नकली सोना बैंक में लोन के लिए रखते थे और एक सुनार इस नकली सोने को असली बताकर लोन निकलवाने में मदद करता था। बाद में ऑडिट के दौरान यह धोखाधड़ी पकड़ी गई।

बैंक ऑफ बड़ौदा के नवीन मंडी शाखा के मुख्य प्रबंधक संजीव कुमार ने पुलिस को बताया कि इन्द्रानगर वार्ड नंबर 11 मीनार मस्जिद के पास निवासी आसमा और उजाला नगर वार्ड नंबर 14 निवासी नाजरा ने वर्ष 2022 में बैंक से गोल्ड लोन लिया। दोनों मामलों में गिरवी रखे गए सोने का मूल्यांकन बर्तन बाजार स्थित एक सुनार राजेश कुमार वर्मा ने किया।

उन्होंने मूल्यांकन के दौरान सोने को असली बताया और उसका मूल्य बताया। जिसके आधार पर आसमा को 1.45 लाख और नाजरा को 1.40 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया। यह रकम दोनों के बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। इसके बाद दोनों ने ही लोन की किश्त नहीं दी। बार-बार किश्त न देने की वजह से इन दोनों के ही लोन एकाउंट को 29 दिसंबर 2022 में एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) घोषित कर दिया गया और 20 फरवरी 2023 को रिकॉल नोटिस जारी किया गया। इसके बाद नियमित ऑडिट में पता चला कि बैंक लोन के लिए इन दोनों ने ही जो आभूषण जमा कराए थे वह नकली सोना है।

यह भी पता चला कि राजेश कुमवार वर्मा की मदद से झूठी मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करके बैंक को सौंपी गई है। पुलिस ने बैंक शाखा के मुख्य प्रबंधक की तहरीर के आधार पर तीनों ही आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है और साथ ही जांच शुरू कर दी है।


प्रतीकात्मक एआई फोटो।

### क्या तरीका अपनाते हैं जालसाज

- आरोपी अक्सर दिल्ली जैसे शहरों से सस्ते नकली गहने खरीदते हैं और उन पर फर्जी हॉलमार्क लगवा लेते हैं।
- कई मामलों में बैंक द्वारा नियुक्त स्वर्ण परीक्षक जानबूझकर नकली सोने को असली बताकर रिपोर्ट देता है।
- लोन लेने के लिए फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड जैसे कूट रचित दस्तावेजों का उपयोग किया जाता है।

### पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड में नकली सोना गिरवी रखकर बैंकों से लाखों रुपये का गोल्ड लोन लेने के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। इन मामलों में अक्सर बैंक के अधिकृत सुनारों और जालसाजों की मिलीभगत पाई गई।

- देहरादून (36.16 लाख रुपये की धोखाधड़ी): नवंबर 2025 में राजपुर रोड स्थित एक बैंक में नकली सोना जमा कर 36.16 लाख रुपये का लोन लेने का मामला खुला। मास्टरमाइंड ने साथियों के साथ मिलकर किश्तों में नकली गहने गिरवी रखे थे।
- हल्द्वानी में बैंक ऑफ बड़ौदा और केनरा बैंक में नकली सोना गिरवी रखने के मामले सामने आए हैं। मई 2025 में पुलिस ने दो लोंगों को गिरफ्तार किया था, जिनके पास से फर्जी हॉलमार्क वाली नकली सोने की चूड़ियां भी बरामद हुईं थीं।
- हल्द्वानी (केनरा बैंक – 1.40 लाख रुपये): अगस्त 2024 में केनरा बैंक की हल्द्वानी शाखा में एक व्यक्ति ने अधिकृत सुनार की मिलीभगत से 1.40 लाख रुपये का लोन लिया। ऑडिट के दौरान जब दूसरे सुनार से जांच कराई गई, तब सोने के नकली होने का राजफाश हुआ।

## फर्जी आईडी बनाकर होटल कर्मी से ठगी

**नैनीताल :** साइबर ठगों ने फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर एक होटलकर्मी को झांसे में लेकर 45 हजार रुपये की ठगी कर दी। पीड़ित ने तल्लीताल थाने में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस के अनुसार अल्मोड़ा निवासी हिमांशु नैनीताल के एक होटल में कार्यरत है, जबकि उसका भाई दुबई में नौकरी करता है। रविवार की सुबह हिमांशु को उसके भाई के नाम से फेसबुक आईडी से मैसेज मिला, जिसमें घर आने की बात कहते हुए पांच हजार रुपये की मांग की गई। भाई समझकर युवक ने दिए गए नंबर पर तुरंत पांच हजार रुपये भेज दिए। इसके बाद मैसेज आया कि उसे पुलिस ने पकड़ लिया है और आगे की बात पुलिस करेगी। कुछ देर बाद व्हाट्सएप पर एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए 20 हजार रुपये की मांग की। युवक ने डर के चलते रकम भेज दी। ठगों ने दोबारा 20 हजार रुपये और मांगे, जो उसने फिर भेज दिए। लगातार रुपये मांगने पर युवक को शक हुआ और उसने अपने भाई के दूसरे नंबर पर कॉल कर सत्यता जानी तब ठगी का खुलासा हुआ। पीड़ित ने तल्लीताल थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि मामले की शिकायत साइबर सेल को भेज दी गई है, जांच की जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने की अपील की है।


गिरफ्तार किया गया फर्जी सैन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

# फर्जी सैन्य अधिकारी बन घूम रहे संदिग्ध को पकड़ा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** काठगोदाम क्षेत्र में भारतीय सेना की वर्दी पहनकर खुद को मेजर बताने वाले एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब सेना के मेजर को आरोपी की ड्रेस पहनने के तरीके से शक हुआ।

वार्ड नंबर छह शीशमहल निवासी मेजर अजय पाठक के अनुसार वह शनिवार को वॉकवे मॉल के पास एक दुकान से खरीदारी कर बाहर निकले। इसी दौरान उनकी नजर एक व्यक्ति पर पड़ी, जो भारतीय सेना की वर्दी पहने पास की दुकान में प्रवेश कर रहा था। उसकी वर्दी संदिग्ध और अव्यवस्थित लगने पर उन्हें शक हुआ। उस व्यक्ति की वर्दी की शर्ट बाहर को निकली हुई थी। मेजर पाठक उसके पीछे दुकान में गए और उससे पहचान पूछी। व्यक्ति ने खुद को मेजर अमन बताते हुए भारतीय सेना का अधिकारी होने का दावा किया।

बार-बार पूछने और समझाने के बावजूद वह अपनी सही पहचान बताने से बचता रहा। इस पर मेजर पाठक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। संयोग से पास में पुलिस पेट्रोलिंग वाहन मौजूद था, जो मौके पर पहुंच गया। पुलिस के सामने भी वह व्यक्ति खुद को सेना का अधिकारी बताता रहा और सीएसडी कार्ड व एक सर्विस आई-कार्ड भी दिखाया। काठगोदाम पुलिस स्टेशन इंचार्ज विमल मिश्रा ने पूछताछ में उसने अपना नाम अमन रोमसन (24) पुत्र क्रिस्टोफर मसीह निवासी खटीमा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 168 में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एक ही दिन में दो सरकारी अस्पतालों से बाइकें चोरी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** शहर के सरकारी अस्पताल परिसर अब वाहन चोरों के निशाने पर आ गए हैं। बीते दिनों दो अलग-अलग मामलों में मरीजों की मोटरसाइकिल चोरी होने की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे लोगों में चिंता बढ़ गई है।

पहला मामला बेस अस्पताल हल्द्वानी का है, जहां बच्चीनगर निवासी महेन्द्र कश्यप की होंडा स्प्लेंडर 16 अप्रैल की रात करीब तीन से चार बजे के बीच चोरी हो गई। वह उस समय अस्पताल में उपचाराधीन थे। काफी तलाश के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। दूसरी घटना सुशीला तिवारी हॉस्पिटल की है, जहां मोहिनी विहार निवासी देवी दत्त भट्ट की टीवीएस बाइक 16 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे चोरी हो गई।

वह भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती थे। दोनों ही मामलों में पुलिस को सूचना दी गई है और पुलिस ने रिपोर्ट भी दर्ज कर ली है। दोनों ही मामलों में चोरों ने बहुत कम समय में सरकारी अस्पतालों के अंदर खड़े वाहनों को निशाना बनाया है।

उल्लेखनीय है कि शहर के सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था कामचलाऊ ही है। पहले भी खासतौर से एसटीएच में चोरी की कई वारदातें हो चुकी हैं। यहां तक की एसटीएच के अंदर संदिग्धों की फोटो भी चिपकानी पड़ी।

## जंगल में सकुशल मिला लापता बालक

**कोटाबाग/हल्द्वानी :** एक 10 वर्षीय बालक के लापता होने के मामले में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने 48 घंटे की सघन तलाश के बाद बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। घटना 17 अप्रैल की है, जब ग्राम खुडलिया, कोटाबाग निवासी दीपक लाल शाह ने अपने पुत्र योगेश लाल शाह के अचानक लापता होने की सूचना कोतवाली कालाढूंगी में दी। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि बालक जंगल की ओर चला गया था और वह मानसिक अस्वस्थ है। पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन में जुट गईं। लगातार 48 घंटे तक सघन कॉम्बिंग अभियान चलाया। टीम ने शिसमानी जंगल से बालक को सकुशल बरामद कर लिया। मेडिकल परीक्षण के बाद बच्चे को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# अब चलो हल्द्वानी से मुक्तेश्वर, बस सेवा शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड परिवहन निगम ने हल्द्वानी से मुक्तेश्वर के लिए नई बस सेवा शुरू की है। रोडवेज स्टेशन में रविवार को करीब 1:30 बजे मुक्तेश्वर के लिए नई बस को सांसद अजय भट्ट ने दोपहर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भवाली डिपो की यह बस हल्द्वानी-नैनीताल-मुक्तेश्वर के बीच चलेगी। उल्लेखनीय है कि मुक्तेश्वर के लिए एक भी रोडवेज बस नहीं चलने से यात्रियों को दिक्कतें होती थी। रूट के यात्री केवल केमू बसों पर निर्भर थे। पहली रोडवेज बस शुरू होने से यात्रियों को राहत मिलेगी। खासकर पर्यटन सीजन में यह सेवा स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए फायदेमंद साबित होगी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सहायक महाप्रबंधक, हल्द्वानी डिपो संजय पांडे, सहायक महाप्रबंधक मनोज दुर्गापाल, काठगोदाम के सहायक महाप्रबंधक गणेश पंत, स्टेशन प्रभारी विद्या जोशी, कौशल जोशी, नितेश शर्मा, इकबाल अहमद सहित अन्य अधिकारी -कर्मचारी मौजूद रहे।

इसके बाद सांसद ने काठगोदाम के निर्माणाधीन हिल डिपो का निरीक्षण भी किया। करीब 67.28 करोड़ की लागत से बन रहे हिल डिपो में 75 बसों और 167 कारों की पार्किंग की सुविधा होगी, जबकि कार्यशाला का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इस दौरान सांसद ने परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा और सचिव परिवहन बृजेश संत से वार्ता कर अतिरिक्त बसें और चालकों की तैनाती की मांग की। साथ ही मल्ला रामगढ़ बस स्टेशन की जर्जर स्थिति सुधारने के निर्देश भी दिए। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि सभी निर्माण जुलाई तक पूरे होने की संभावना है।



हल्द्वानी रोडवेज पर मुक्तेश्वर के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार


एसटीएच का इमरजेंसी का काउंटर। ● अमृत विचार

# इमरजेंसी में पर्चा-बिलिंग की एक कतार, बढ़ा रही दर्द

संवाददाता, हल्द्वानी

- इमरजेंसी के मरीजों का आधा समय बिलिंग काउंटर पर ही, कर्मचारियों की संख्या न बढ़ाना समझ के परे

**अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) के इमरजेंसी वार्ड में स्थित पंजीकरण काउंटर मरीजों और तीमारदारों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। ओपीडी बंद होने या अवकाश के दिनों में मरीजों का पूरा दबाव इसी काउंटर पर आ जाता है, जहां पर्चा बनाने से लेकर जांचों की बिलिंग तक की प्रक्रिया होती है।

वर्तमान में यहां एक समय में बमुश्किल एक से दो कर्मचारियों की ही ड्यूटी लगाई जाती है, जिससे लंबी कतारें लग जाती हैं। इमरजेंसी में आए गंभीर मरीजों को पहले पर्चा बनवाने के लिए इंतजार करना पड़ता है। इसके बाद यदि डॉक्टर जांच लिख देते हैं, तो बिलिंग के लिए फिर से उसी काउंटर पर लाइन में लगना पड़ता है, जिससे मरीजों की परेशानी और बढ़ जाती है। मरीज बिलिंग कराने के बाद फिर जांच करवाने के लिए कतार में लगता है।


ओपीडी में अगर प्रतिदिन 1500 से 1800 मरीज आते हैं तो वहीं इमरजेंसी वार्ड में भी प्रतिदिन 200 से 300 मरीज आते हैं। यहां रात-दिन मरीज आते रहते हैं। जिसमें कई मरीजों की हालत काफी गंभीर होती है।

### ओपीडी बंद होने पर इस काउंटर पर ही भार

**हल्द्वानी :** कुमाऊं के सबसे बड़े अस्पताल एसटीएच में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं। खासकर ओपीडी बंद होने पर या आपातकालीन मरीजों की संख्या बढ़ने पर पूरा भार इसी पंजीकरण काउंटर पर आ जाता है। ऐसे में सीमित स्टाफ और एक ही काउंटर की व्यवस्था स्वास्थ्य सेवाओं की गति पर सवाल खड़े कर रही है। एमएस डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि स्टाफ की संख्या बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। अगर दिक्कत है तो उसे देखा जाएगा।

# अप्रैल में झुलसा हल्द्वानी, टूटने को है रिकॉर्ड

संवाददाता, हल्द्वानी




- चढ़ता ही जा रहा है शहर का पारा यही हाल रहे तो जल्द पहुंचेंगे 40 डिग्री तक

**अमृत विचारः** शहर में गर्मी ने अप्रैल में ही तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। रविवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.8 डिग्री अधिक है, जबकि न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री रहा। शनिवार को भी पारा 39 डिग्री के पार रहा, जिससे लगातार बढ़ती गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार 12 अप्रैल को जहां अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री था, वहीं महज सात दिनों में ही तापमान में करीब 6 डिग्री की तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह स्थिति तब बनी है जब 7 से 9 अप्रैल के बीच पूरे उत्तराखंड में बारिश, ओलावृष्टि और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई थी। एक सप्ताह पहले तक पहाड़ से लेकर मैदान तक तापमान सामान्य से कम चल रहा था।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार, 23 अप्रैल तक हल्द्वानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। यदि यही रफ्तार जारी रही, तो इस बार अप्रैल की गर्मी पिछले 18 वर्षों के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ सकती है।

### दिन में गर्म हवा के थपेड़े

**हल्द्वानी :** अप्रैल में ही दोपहर के समय गर्म हवा के थपेड़े महसूस होने लगी है। दिन के समय चिलचिलाती हुई गर्मी पड़ रही है। लोगों को अभी से मई–जून के मौसम का अहसास हो रहा है। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े की शुरुआत में ही एसी और कूलर चलने लगे हैं। बाजार में ठंडे पेय की मांग बढ़ रही है। बस राहत की बात यह है कि रात के समय तापमान में गिरावट आ रही है।

### पहाड़ों पर और भी बुरा हाल

**हल्द्वानी :** पहाड़ों में पारे की रफ्तार और भी तेज चल रही है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 28.9 डिग्री है जो सामान्य से 6.7 डिग्री ज्यादा है। सामान्य तौर पर इन दिनों यहां पर 22 से 23 डिग्री तक पारा रहता था। एक सप्ताह पहले तक यहां का तापमान 20 से 21 डिग्री के बीच चल रहा था। साथ ही विगत दिनों हुई बारिश से वनाग्नि से भी काफी राहत मिली थी।

# बिना डीएल पर्यटक को स्कूटी किराए पर दी, सीज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** नियमों को ताक पर रखकर पर्यटकों को स्कूटी किराए पर देना एक संचालक को भारी पड़ गया। बिना ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) के पर्यटक को स्कूटी देने पर पुलिस ने वाहन सीज कर दिया।

पुलिस के अनुसार नोएडा निवासी पर्यटक सौरभ कुमार रविवार को घूमने के लिए नैनीताल पहुंचे थे। उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने के बावजूद टैक्सी बाइक संचालक ने उन्हें टैक्सी स्कूटी किराए पर दे दी। जबकि नियमों के अनुसार बिना डीएल किसी को वाहन देना और टैक्सी स्कूटी को इस तरह किराए पर देना दोनों ही नियम विरुद्ध है। रविवार को मॉल रोड पर चेकिंग के दौरान टीएसआई ने स्कूटी सवार युवकों को रोका और डीएल मांगा। जांच में युवकों के पास लाइसेंस नहीं मिला, जिस पर स्कूटी को कब्जे में ले लिया गया।

टीएसआई हरीश फर्त्याल ने बताया कि बिना डीएल वाले युवक को स्कूटी किराए पर देने के मामले में तल्लीताल निवासी रजनी पवार की स्कूटी को सीज कर दिया गया है।

**शिकंजा** मंडी सचल दलों ने शहर के कई स्थानों पर फुटकर दुकानों पर की छापेमारी, मौके पर ही 50 से अधिक के लाइसेंस बनाए गए

# फुटकर विक्रेता मनमाने दाम पर नहीं बेच सकते फल–सब्जी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मंडी उत्पादन एवं विपणन बोर्ड के सचल दलों ने मंगल पड़ाव, पुरानी मंडी, जगदंबा नगर, कलावती कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर चौराहा, रामपुर रोड, देवल चौड़ आदि में चेकिंग की। इस दौरान 50 से अधिक फुटकर विक्रेताओं के लाइसेंस बनाए गए और उपभोक्ताओं से अधिक दाम नहीं वसूलने के कड़े निर्देश दिए गए।

मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू के नेतृत्व में मंडी सचल दल ने तल्ला बमौरी, मल्ला बमौरी, कलावती कॉलोनी आदि इलाकों में फल-सब्जियों की फुटकर दुकानों की आकस्मिक जांच की। फुटकर विक्रेताओं से बड़ी मंडी का व्यापारी बिल प्रपत्र 9 आर की कीमत और उपभोक्ताओं को अत्यधिक दाम पर उपज बेचने के मानक के बीच की चेन का रियलिटी चेक किया। पड़ताल में सामने आया कि फुटकर विक्रेता सब्जी पर 30 से 35 प्रतिशत अधिक वसूली कर रहे हैं हालांकि कहीं-कहीं पर 50 प्रतिशत से अधिक की वसूली हो रही है। इस पर डब्बू ने विक्रेताओं की कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने दाम पर शिकंजा कसने व मंडी कानून के तहत कारोबार के लिए सभी के लाइसेंस बनाने के निर्देश दिए। साथ ही फुटकर विक्रेताओं को हिदायत दी कि वे नई मंडी स्थल से शहर की दूरी के हिसाब से न्यूनतम 10 से 15% प्रॉफिट मार्जिन जोड़कर सामान बेचेंगे।

अध्यक्ष डॉ. डब्बू ने सचल दल को निर्देश दिए कि इस क्षेत्र के सभी फुटकर फल सब्जी विक्रेताओं का लाइसेंस बनाएं। इसके बाद टीम ने सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक क्षेत्र में घूम कर दो दर्जन से अधिक फुटकर व्यापारियों के लाइसेंस बनाए। मंडी प्रशासन की इस कार्रवाई से फुटकर विक्रेताओं में खलबली मच गई।

उधर, मंडी सचिव दिग्विजय देव के नेतृत्व में दूसरी टीम ने नए पश्चिमी हल्द्वानी क्षेत्र में फुटकर विक्रेताओं के यहां छापामारी की। जहां पर सब्जी-फल के दामों की जांच की गई और महंगाई पर अंकुश लगाया गया। चेतावनी दी कि सभी विक्रेता फुटकर लाइसेंस बनाएं एवं मंडी कानून के तहत व्यापार करें। उपभोक्ताओं को 15 -20 प्रतिशत तक प्रॉफिट मार्जिन व रास्ते का खर्च जोड़ सकते हैं। हालांकि यह खर्च दूरी के अनुसार ही जोड़ा जाएगा। स्पष्ट किया कि फुटकर व्यापार में उपभोक्ताओं से मनमानी रेट नहीं वसूले जाएंगे।


प्रतीकात्मक एआई फोटो।

## बिना सत्यापन कर्मी रखने पर होगा चालान

**नैनीताल :** शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है।

एसपी डॉ. जगदीश चंद्र ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी भी व्यक्ति को घर, होटल या अन्य प्रतिष्ठान में बिना पुलिस सत्यापन के रखना अब महंगा पड़ सकता है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा। बिना सत्यापन के अज्ञात लोगों को ठहराना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे सुरक्षा संबंधी गंभीर खतरे भी उत्पन्न हो सकते हैं। एसपी ने कहा कि किसी अनजान व्यक्ति की पहचान न होना भविष्य में बड़ी घटनाओं का कारण बन सकता है, इसलिए सभी नागरिकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

# ट्रांसपोर्ट की आड़ में गांजे की तस्करी का भंडाफोड़

## 2.80 करोड़ की खेप बरामद, तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

खुलासा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में कोतवाली पुलिस और एसओजी को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने रात्रि गश्त के दौरान रामपुर बाईपास के पास एक कैंटर से 555.78 किलोग्राम गांजा बरामद कर तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद नशे की अंतरराष्ट्रीय कीमत 2.80 करोड़ रुपये आंकी गई है।

पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान डीटू यादव, मोहित यादव (मैनपुरी, यूपी) और संजय गुप्ता (रुद्रपुर) के रूप में हुई है। तस्करों ने गांजे की इस भारी खेप को ओडिशा के सोनपुर से लाया था और इसे बान के गट्ठरों के बीच छिपाकर रखा था ताकि पुलिस को ट्रांसपोर्ट का सामान्य माल लगे।

जांच में सामने आया कि अभियुक्त ट्रांसपोर्ट व्यवसाय की आड़ में ओडिशा से माल की सप्लाई करते थे। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कैंटर को सीज कर दिया है। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।



अभियुक्तों के साथ तस्करी का खुलासा करते एसएसपी अजय गणपति।



बान की गड्डिया का भंडार। ● अमृत विचार

### अकूत संपत्ति और सेफिमा की रिपोर्ट

जांच में सामने आया कि गिरफ्तार संजय गुप्ता एक आदतन अपराधी है। वह वर्ष 2025 में भी पुलभट्टा और रुद्रपुर पुलिस द्वारा जेल भेजा जा चुका है। आरोप है कि नशे की कमाई से उसने 3 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति अर्जित की है। पुलिस अब उसकी संपत्तियों को चिह्नित कर सेफिमा को रिपोर्ट भेज रही है ताकि उसकी काली कमाई को जब्त किया जा सके।

# साढ़े पांच लाख रुपये का लालच देकर उड़ीसा से मंगवाई बड़ी खेप

- सिंडिकेट के मास्टरमाइंड और 3 करोड़ की संपत्ति पर पुलिस का शिकंजा

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को ऐतिहासिक सफलता मिली है। 555.78 किलोग्राम गांजे की बरामदगी के मामले में अब पुलिस की जांच केवल गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि इस पूरे सिंडिकेट की जड़ों को खोदने की कवायद शुरू हो गई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह साफ हो गया है कि पकड़े गए चालक और परिचालक केवल कमीशन के लिए काम करने वाले मोहरे हैं, जबकि इस काले कारोबार की डोर बड़े माफियाओं के हाथ में है।

एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त डीटू यादव और मोहित यादव (निवासी मैनपुरी, यूपी) कैंटर का संचालन करते हैं। उड़ीसा से आवाजाही के दौरान रुद्रपुर के पेशेवर तस्कर संजय गुप्ता ने उन्हें प्रति किलो एक हजार रुपये कमीशन का लालच देकर तस्करी के जाल में फंसाया। संजय इतना शातिर है कि उसने पहले 10 से 40 किलो की छोटी खेप मंगवाकर ट्रायल किया और जब भरोसा बढ़ गया, तो साढ़े पांच लाख रुपये का लालच देकर उड़ीसा के सोनपुर से यह बड़ी खेप मंगवाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



कैंटर में लदा गांजा। ● अमृत विचार

### स्कूल बैगों से तीव्र गंध पर हुआ संदेह

18 अप्रैल की रात जब पुलिस ने कैंटर को रोका, तो अभियुक्तों ने सामान्य व्यवहार करते हुए फर्जी दस्तावेज दिखाए। पुलिस को पहला संदेह तब हुआ जब ड्राइविंग सीट पर रखे तीन स्कूल बैग की तलाशी ली गई। उन बैगों से गांजे की पुड़िया और तीव्र गंध मिली। इसके बाद जब बान (रस्सी) की गड्डियों को हटाया गया, तो नीचे गांजे के 18 कट्टे बरामद हुए। शातिर तस्करों ने हर कट्टे का वजन 31 किलो के आसपास रखा था ताकि कांटा तोल या जीएसटी चेकिंग के दौरान कुल वजन में अंतर न आए और पुलिस को संदेह न हो।

### फरार साहनी की तलाश में दबिश

पूछताछ के दौरान भूरारानी निवासी साहनी का नाम भी सामने आया है, जो इस नेटवर्क की एक अहम कड़ी बताया जा रहा है। एसएसपी ने जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया है जो यह पता लगाएगी कि कैंटर में लदी बान की गड्डियां किसकी थीं और क्या यह कैंटर पहले भी जिले में तस्करी के लिए इस्तेमाल हुआ है। एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति लागू है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोरतम विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# आका को बचाने के लिए झूठ बोल रहे कांग्रेसी नेता



प्रेसवार्ता करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** अपने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की छवि को साफ करते हुए कांग्रेसियों द्वारा कोतवाली घेराव के बाद फौरन विधायक शिव अरोरा ने एक प्रेसवार्ता की और कहा कि कांग्रेसी अपने आका को बचाने के लिए झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का वाइस ऑफ उत्तराखंड फेसबुक कांग्रेस पेज आज भी गणेश गोदियाल संचालित कर रहे हैं। अधूरी जानकारी से सच को छुपाया नहीं जा सकता है। बंगाली समाज अपने अपमान का बदला जरूर लेगा।

रविवार को विधायक अरोरा ने बंगाली नेताओं के साथ प्रेसवार्ता में कहा कि वर्ष 2020 से गणेश गोदियाल का कांग्रेस पेज संचालित है। जिसमें बंगाली समाज को घुसपैठिया और डेमोग्राफी बदलने वाला बताया गया। जो कि शर्मनाक मानसिकता का परिचय है। वहीं कांग्रेस के नेता अपने आका को बचाने के लिए कोतवाली जाकर तहरीर देकर झूठ और फरेब की राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष द्वारा बंगाली समाज का अपमान किया है। उन्होंने नेताओं को चुनौती दी कि वह बंगाली समाज के खिलाफ पोस्ट की फॉरेंसिक जांच का मुद्दा उठाए। तो दूध का दूध,पानी का पानी हो जाएंगा। यदि पोस्ट गोदियाल के पेज से नहीं डाली है और प्रमाणित हो जाता है। तो वह राजनीतिक संन्यास ले लेगे। इस मौके पर राजकुमार शाह, के के दास, जगदीश विश्वास,गोविन्द राय,विजय सीकरी, अशोक ढाली, रविंद्र धर, शंकर विश्वास, मानवेन्द्र राय, मुकेश मंडल, रोबिन विश्वास, शिव कुमार राय, राजू मलिक,राधेश शर्मा, विशाल शील, सिद्धार्थ मलिक, सतनाम सिंह, मनोज मदान, मयंक कक्कड़ आदि मौजूद रहे।

### बिजली कटौती से रोष

**रुद्रपुर :** क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। लोगों ने विभाग से व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

### पब्लिक नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक किता बैनामा दिनांक 21.07.2015 ई0 की मूल प्रति पुस्तक सं० 1 खण्ड सं0 877 के पृष्ठ 203 से 220 क्रमांक 4108 स०र० सितारगंज जिला ऊधमसिंह नगर कहीं खो गया है। जिसकी सूचना दिनांक 15.04.2026 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त मूल बैनामे की अनुउपलब्धता के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

नाम- राजीव त्रिपाठी
सम्पर्क नं- 7017798117

### नारायण हालदार दूसरी बार बने कांग्रेस नगर अध्यक्ष



**दिनेशपुर :** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक दलों ने संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। उत्तराखंड कांग्रेस द्वारा नगर अध्यक्षों की नई सूची जारी की गई है। दिनेशपुर नगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी एक बार फिर डॉ. नारायण हालदार को सौंपी गई है। उनका लगातार दूसरा कार्यकाल होगा। रविवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा की संस्तुति पर संगठन में नारायण हालदार की सक्रियता और अनुभव को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर दोबारा विश्वास जताया है। डॉ. नारायण हालदार को पुन: नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर नगर कांग्रेस कमेटी में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, जिपं पूर्व उपाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी नेता त्रिनाथ विश्वास व तारक बाछाड़, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव किशोर हालदार, वरिष्ठ नेता केके गावा, श्याम सिंह देऊपा, काशीनाथ गुप्ता, आशुतोष राय, अजय कुमार, लक्ष्मी राय, ललित खोलिया सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने नगर व ब्लॉक इकाइयों का पुनर्गठन किया

**सितारगंज :** कांग्रेस ने नगर व ब्लॉक इकाइयों का पुनर्गठन किया है। सरताज अहमद को पुन: सितारगंज नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। रंजीत सिंह राणा को सितारगंज ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है। उत्तम आचार्य को पुन: शक्तिफार्म इकाई का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है। रविवार को कांग्रेसजनों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश सचिव नवतेज पाल सिंह, पूर्व विधायक नारायण पाल, मण्डी के पूर्व चेयरमैन हरपाल सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष करन जंग मौजूद रहे। इधर शक्तिफार्म में युवक कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कांग्रेसजनों ने यूथ कांग्रेस सितारगंज के बलॉक अध्यक्ष शादाब अंसारी, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सुमिंदर यादव, शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष अमित सरकार, प्रदेश सचिव विजेंद्र सिंह मोमी का माल्यार्पण किया। इस मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, जिलानी अंसारी ,बलवंत बोहरा, नवतेज पाल सिंह, हरपाल सिंह, करन जंग, सुकुमार चक्रवर्ती, विनय मण्डल, विभूति नारायण, सपना ओझा, शशि विश्वास, विष्णु तरफदार, प्रशांत मण्डल, नारायण सरकार आदि मौजूद रहे।

### पवन ब्लॉक, सत्यवान नगर अध्यक्ष मनोनीत





**बाजपुर:** कांग्रेस संगठन ने एक बार फिर पवन शर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष और सत्यवान गर्ग को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इन नियुक्तियों से स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह है और समर्थकों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया। पवन शर्मा और सत्यवान गर्ग ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी की मजबूती आपसी एकता पर टिकी है। दोनों पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए अभी से जमीनी स्तर पर सक्रिय होंगे। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना प्राथमिकता रहेगी।

# प्रदेश अध्यक्ष के बचाव में गरजे कांग्रेसी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नाम से सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक कथित विवादित वीडियो ने तराई की राजनीति में भूचाल ला दिया है। कांग्रेस ने इसे भारतीय जनता पार्टी का षड्यंत्र करार देते हुए रविवार को रुद्रपुर कोतवाली का जोरदार घेराव किया। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और भ्रामक वीडियो प्रसारित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर एसएसआई को तहरीर सौंपी।

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो और संदेश वायरल हुआ, जिसमें कथित तौर पर गणेश गोदियाल द्वारा बंगाली समुदाय के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया था। वीडियो के सामने आते ही भाजपा ने इसे मुद्दा बनाया, वहीं गोदियाल ने स्पष्ट किया कि यह वीडियो ''आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस'' (एआई) का उपयोग कर बनाया गया एक ''डीपफेक'' है, जिसका उद्देश्य उनकी छवि धूमिल करना है।



एसएसआई को तहरीर देते विधायक तिलकराज बेहड़ व कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### भाजपा पर बरसे दिग्गज नेता

कोतवाली घेराव के दौरान विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की विदाई का समय आ गया है, इसलिए सत्ताधारी दल तकनीकी छेड़छाड़ के जरिए बंगाली समाज को भड़काने की साजिश रच रहा है। उन्होंने कहा, "इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने ही तराई में बंगाली समुदाय को बसाया और सम्मान दिया। अब भाजपा एआई के जरिए झूठ फैला रही है। हर थाने और चौकी में इसके खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।" वहीं, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने तीखे तेवर अपनाते हुए कहा कि भाजपा बताए कि उसने बंग बंधुओं के लिए धरातल पर क्या किया है? उन्होंने चेतावनी दी कि यदि षड़्यंत्रकारियों का पर्दाफाश नहीं हुआ, तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। ठुकराल ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा राज में भारत विश्व का सबसे बड़ा गौ मांस निर्यातक बन गया है, और ये लोग हिंदुत्व का ढोंग कर रहे हैं।

### पार्षद गौरव खुराना ने तहरीर सौंपी

पार्षद गौरव खुराना ने तहरीर सौंपते हुए ''नमन सितारगंज'' नामक सोशल मीडिया हैंडल के संचालक पर तत्काल मुकदमा दर्ज करने और उसे प्रतिबंधित करने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने दोटूक शब्दों में कहा कि यदि जल्द ही दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो पूरे जिले में उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा।

### प्रदर्शन में ये रहे मौजूद

इस दौरान मोहन खेड़ा, संजय जुनेजा, ममता रानी, ममता हालदार, राजवीर सिंह, सुनील चुग, संजीव गुप्ता, विकास बंसल, अर्जुन विश्वास, प्रेमानंद महाजन, प्रीति साना, उमा सरकार, मोनिका ढाली, मानस बैरागी, असित बाला, किशोर हालदार सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित रहे। फिलहाल पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड पी०एम०जी०एस०वाई०, चम्पावत

पत्रांक :-434/अधि०अभि०/10-पी०एम०जी०एस०वाई०/ निविदा/ दिनांक:-13/04/2026

### अल्पकालीन कोटेशन सूचना 01/ अधि०अभि० / 2026-27

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-04 के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न नव मोटर मार्गों के सर्वेक्षण एवं डी०पी०आर० गठन हेतु यू०आर०आर०डी०ए०, देहरादून में पंजीकृत एजेन्सी/संस्थाओं से दिनांक 20.04.2026 को दोपहर 03.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी कार्य दिवस में अपरान्ह 03.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदादाता एवं उनके जनप्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा किसी भी कार्य दिवस में क्रय की जा सकती है।

| क्र०सं० | कार्य का नाम | लम्बाई | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०) | जमानत धनराशि 02 प्रतिशत (रू०) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मंच से बकौड़ा मोटर मार्ग, स्टेज-1 | 16.665 | 1000.00 +18% GST | 20000.00 | एजेन्सी/संस्थाओं यू०आर०आर० डी०ए०, देहरादून में पंजीकृत होना अनिवार्य है। |
| 02 | ज्याड़ा से रौकुंवर-भण्डारबोरा मोटर मार्ग, स्टेज-1 | 13.650 | 1000.00 +18% GST | 16500.00 | |
| 03 | सतकुला से रूईया मोटर मार्ग, स्टेज-1 | 9,625 | 1000.00 +18% GST | 11500.00 | |
| 04 | द्यूरी-बगेड़ी से फुर्कियाझाला मोटर मार्ग, स्टेज-1 | 15.500 | 1000.00 +18% GST | 18600.00 | |
| 05 | लड़ाबोरा से क्वारसिंह मोटर मार्ग स्टेज-1 | 8.900 | 1000.00 +18% GST | 9000.00 | |

नोट :- निविदा की शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में नाटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड, पी०एम०जी०एस०वाई०
चम्पावत



चयनित बाल वैज्ञानिकों का उत्साह वर्धन करते मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी।

### चार बाल वैज्ञानिक राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**किच्छा :** देहरादून में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय ''इंस्पायर अवार्ड मानक'' प्रदर्शनी में उधम सिंह नगर के विद्यार्थियों ने बड़ी सफलता हासिल की है। प्रदेश भर के 120 प्रतिभागियों में से राष्ट्रीय स्तर के लिए कुल 13 बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया, जिनमें से चार अकेले उधम सिंह नगर जिले से हैं। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने वालों में कोमल (गदरपुर), रिद्धिमप्रीत कौर (जसपुर), गौरव नाथ और कार्तिक सिंह (खटीमा) शामिल हैं। इन मेधावियों ने अपने नवाचारों और मॉडल के माध्यम से समाज की समस्याओं के समाधान पेश किए। मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा ने चयनित छात्रों और गाइड टीचर्स को बधाई देते हुए कहा कि विज्ञान की सार्थकता सामाजिक उपयोगिता में है। इस उपलब्धि पर जिला समन्वयक प्रेमचंद, विनीता चौधरी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।



आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह यादव को सम्मानित करते किसान नेता।

### दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी

**बाजपुर :** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया है कि पार्टी उत्तराखंड में आगामी चुनाव पूरे दमखम और मजबूती के साथ लड़ेगी। रविवार को रामराज रोड स्थित होटल अनन्तम में आयोजित कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने पर विशेष जोर दिया। महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि 'आप' जनता के बुनियादी मुद्दों को लेकर मैदान में उतर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बेदी और संचालन नगर अध्यक्ष दीपक शर्मा ने किया। इस दौरान सह प्रभारी तारीफ सिंह, हरमीत सिंह, अनुज पाल, किसान नेता जगतार सिंह बाजवा मौजूद रही।

आयोजन | दुर्गापुर में आप कार्यकर्ता संवाद व सदस्यता अभियान में दिखा उत्साह, सुभाष के नाम की अनौपचारिक घोषणा

# उत्तराखंड में तीसरे विकल्प के रूप में उभरी आप : यादव

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी महेंद्र यादव ने कहा कि उत्तराखंड में अब बदलाव का वक्त आ गया है। आम आदमी पार्टी प्रदेश की सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली और पंजाब में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बिजली, पानी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जो काम हुए हैं, वही मॉडल उत्तराखंड में भी लागू किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि आम आदमी पार्टी उत्तराखंड में तीसरे विकल्प के रूप में उत्कर्ष पर है। प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। इस दौरान कार्यकर्ताओं की मांग पर गदरपुर विधानसभा से आप प्रत्याशी के रूप में सुभाष व्यापारी के नाम की अनौपचारिक घोषणा की गई।



दिनेशपुर में कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं से संवाद करते अतिथि। ● अमृत विचार

रविवार को दुर्गापुर में आम आदमी पार्टी के 65 गदरपुर विधानसभा का कार्यकर्ता संवाद और सदस्य अभियान को लेकर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी महेंद्र यादव, सहप्रभारी युवराज भारद्वाज व हरनीत सिंह, नैनीताल लोकसभा प्रभारी तारीफ सिंह एवं आप बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सर्वप्रथम आप बंगाली समाज मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने उत्तराखंड की भौगोलिक स्थिति की रूपरेखा रखी। व्यापारी ने तराई क्षेत्र में देवी आपदा व आगजनी से नष्ट हुई गेहूं की फसल की प्रशासन से सर्वे करावाकर मुआवजा देने की मांग की। विशिष्ट अतिथि प्रदेश सहप्रभारी युवराज भारद्वाज व हरनीत सिंह एवं नैनीताल लोकसभा प्रभारी तारीफ सिंह ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान तेज करने और बूथ कमेटी बनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने आप बंगाली समाज मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी को प्रत्याशी बनाने की मांग रखी। आप नेता सुभाष व्यापारी ने कहा कि यदि पार्टी उन्हें मौका देती है तो वे जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता लोकसभा प्रभारी तारीफ सिंह व संचालन प्रदीप कुमार ने किया।

ब्रीफ न्यूज

### रोडवेज बस में तोड़फोड़ चालक के साथ मारपीट

**रुद्रपुर :** शहर में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। शनिवार दोपहर डीडी चौक के पास दबंगों ने उत्तराखंड परिवहन निगम की बस में तोड़फोड़ कर चालक के साथ बेरहमी से मारपीट की। घटना तब हुई जब टनकपुर से दिल्ली जा रही बस के सामने आए एक युवक को चालक सुखबीर सिंह ने टोका आरोप है कि युवक ने अपने साथियों को बुलाकर लोहे की रॉड से बस का शीशा तोड़ दिया और चालक को सीट से खींचकर पीटा। यात्रियों में चीख-पुकार मचने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### नदी में मिला युवक का शव

**रुद्रपुर :** आवास विकास चौकी अंतर्गत कल्याणी नदी में रविवार सुबह एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान बदायूं निवासी सोनू कश्यप (38) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सोनू शराब का लती था और मिर्गी की बीमारी से ग्रसित था। परिजनों ने बताया कि वह अक्सर कई दिनों तक घर से बाहर रहता था। पुलिस को शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि वह हादसे का शिकार हुआ है।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

**शक्तिफार्म :** वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद के नवनियुक्त वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजन मंडल एवं विधानसभा अध्यक्ष प्रदीप बढ़ई का टैगोर नगर में कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजन मंडल ने कहा कि परिषद सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। वहीं विधानसभा अध्यक्ष प्रदीप बढ़ई ने जल्द ही कार्यकारिणी गठन कर कर्मठ एवं समाजसेवी युवाओं को जिम्मेदारी देने की बात कही। इस अवसर पर योगेश पोद्दार, करन शील, किशोर विश्वास, हितेश शील, दिलीप मजूमदार, संजीव बढ़ई, जयदेव तालुकदार मौजूद रहे।

### भाजपा नेता नवीन बोरा को पितृशोक

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता गोपाल बोरा, नवीन बोरा, भरत बोरा और पूरन बोरा के पिता 90 वर्षीय सेवानिवृत्त सूबेदार मान सिंह बोरा का रविवार दोपहर करीब 12 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका शाम के समय बनबसा के शारदा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, रणदीप पोखरिया मौजूद रहे।

# चाकूबाजी में घायल युवक की मौत, तनाव

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दो दिन पूर्व हुई चाकूबाजी की घटना ने शनिवार को तब दुखद मोड़ ले लिया, जब घायल युवक दीपक कुमार ने हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर से पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में कोहराम मच गया और तनाव की स्थिति पैदा हो गई है।



दीपक (फाइल)।

घटना 17 अप्रैल की रात की है, जब वार्ड नंबर 16 निवासी दीपक कुमार अपनी फास्ट फूड की दुकान बंद कर घर लौट रहा था। वनखंडी मंदिर के पास स्थानीय निवासी शिवा ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे दीपक के भाई के सामने ही आरोपी ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दीपक को लहूलुहान कर दिया और फरार हो गया। गंभीर हालत में उसे हल्द्वानी रेफर किया गया था। कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में बढ़ती चाकूबाजी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

### तारा बाल संस्था द्वारा रसमय कवि सभा का आयोजन, सुनाया- गरमाहट बहुत है मौसम में, ओ ठंडी बयार...

# टूटे दिल की बस्ती को, यूं भी बसाना ठीक नहीं...

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** तारा बाल संस्था मुड़ेली में शिक्षक एवं साहित्यकार रावेंद्र कुमार ''रवि'' के संयोजन में "रसमय कवि सभा" का आयोजन संस्थाध्यक्ष कुमार विमलेश द्वारा किया गया।

सभा का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा सहित अन्य कवियों द्वारा मां सरस्वती पूजन के साथ किया गया। सभा का उद्देश्य विभिन्न रसों से परिपूर्ण काव्य-प्रस्तुतियों के माध्यम से मानवीय भावनाओं की व्यापक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करना और सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना था। सभा में



खटीमा में आयोजित सभा में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी के साथ कवि।

बीईओ कुशवाहा ने अपनी कविता कुछ इस प्रकार कही- "गरमाहट बहुत है मौसम में, ओ ठंडी बयार मेरे आंगन से भी बह जा तू !" राम रतन ने कहा "शब्द मिल जाए सही से, तो बने कुछ गीत प्यारा। और सुर की साधना का, गीत पा जाए सहारा।। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जगदीश पंत कुमुद ने कविता प्रस्तुत की - "नब्ज पकड़ ली, उन्हें जो हाथ थमाया। फिर जा के मेरा हाल, सब ग़ैरों को बताया। सेंट जेवियर स्कूल की छात्रा भानु प्रताप कुशवाहा की बिटिया रोशिता ने वीडियो कॉल कर कविता सुनाई। प्राथमिक पाठशाला चारुबेटा की नन्ही सानिया ने स्वरचित कविता सुनाई "हरियाली में फूल खिले, मधुर खुशबू आई। सूंघ-सूंघ कर मन भर जाए, तितली कहती आई। नूरेनिशा की कविता में उनके मन की चाहत कुछ इस तरह झलकी "दिल की बगिया में सजाया है तुम्हें, बचपन में यह ख्याल आया था हमें। नन्हा-सा बीज बोया था कभी हमने, आज तुझे पाने की ख्वाहिश में। तुलसी बिष्ट ''तनु'' ने कुछ इस तरह गुनगुनाई" क्या थी देखिए, क्या से क्या हो गई मैं। बदरी न बरसी, हवा हो गई मैं। हेमा जोशी ''परु'' के गीत ने सबका मन मोहा- "टूटे दिल की बस्ती को, यूँ भी बसाना ठीक नहीं। राख हुए अरमानों को फिर से सजाना ठीक नहीं। पीलीभीत से पधारे कवि सत्यपाल सिंह ''सजग''* ने यह गीत गाया "दिल के अखबारों को पढ़कर, प्रीति नहीं सिख पाए, हम गीत नहीं लिख पाए। रसमय कवि सभा में दीपक फुलेरा ''बेबाक'', संजय अग्रवाल ''मनमौजी'', शांति देवी ''शांति'', बसंती सामंत, निकिता जोशी, इलियास सिद्दीकी, दीपक यादव, दिनेश जोशी आदि ने कविताएं प्रस्तुत की। सभा का संचालन रावेंद्र कुमार ''रवि'' ने किया।

# संपर्क क्रांति एक्सप्रेस लूटकांड का पूर्व कर्मचारी निकला मास्टरमाइंड

### जीआरपी यूपी ने किया खुलासा, 4 आरोपी गिरफ्तार, बदला लेने के लिए बना लुटेरा

संवाददाता,रुद्रपुर/बिलासपुर

**अमृत विचारः** काठगोदाम-दिल्ली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में हुई सनसनीखेज लूट का जीआरपी, आरपीएफ और सिविल पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार तड़के मुठभेड़ के बाद खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मास्टरमाइंड सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुआ है।



आरोपी पूर्व कर्मी गौरव।

जीआरपी पुलिस अधीक्षक आशुतोष शुक्ला ने बताया कि रविवार सुबह बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में नानकमत्ता निवासी मिसरा सिंह के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसके साथियों गुरदेव सिंह, गौरव और भारत को भी दबोच लिया। इनके पास से 1,38,500 रुपये की नकदी, दो तमंचे और कारतूस बरामद हुए हैं।

जांच में सामने आया कि लूट का मास्टरमाइंड गौरव है, जो पीड़ित कारोबारी मंजीत सिंह गगनेजा का पूर्व कर्मचारी है।

उसने ही गिरोह के साथ मिलकर 15 अप्रैल को चलती ट्रेन में गन पॉइंट पर सात लाख की लूट की साजिश रची थी। उसे पता था कि कर्मचारी कब नकदी लेकर दिल्ली जाते हैं। पुलिस के अनुसार, गिरोह के पांच अन्य सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में दबिश दी जा रही है। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में जीआरपी पुलिस अधीक्षक आशुतोष शुक्ला ने बताया कि रुद्रपुर सिटी व बिलासपुर स्टेशन के बीच संपर्क क्रांति ट्रेन में यात्रा के दौरान तीन आरोपियों ने खुद को पुलिस बताकर दोनों कर्मियों पर तस्करी करने का आरोप लगाया। इसके बाद उनकी तलाशी लेने के बहाने उन्हें सीट से उठाकर यात्री डिब्बे के गेट पर ले गए। तमंचे के बल पर रितिक मंडल व उसके साथी साहिब सिंह से 2,50,000 रुपये व मोबाइल लूटे थे। इसके बाद थाना जीआरपी रामपुर तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

#### 20 दिन तक की थी रेकी

जीआरपी बिलासपुर ने इस केस को सुलझाने के लिए रुद्रपुर से बिलासपुर तक के रूट पर लगे करीब 400 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। तकनीकी जांच में सामने आया कि गौरव ने वारदात से पहले 20 दिनों तक रेकी की थी। साजिश इतनी गहरी थी कि लूट के दौरान गिरोह के दो सदस्य ''बैकअप'' के तौर पर उसी डिब्बे में आम यात्री बनकर बैठे थे, ताकि यदि यात्री लुटेरों को पकड़ने की कोशिश करें, तो वे मामले को शांत करा सकें या अपने साथियों को बचा सकें।

#### पत्नी की डिलीवरी को मांगे थे मालिक से रुपये

आरोपी रम्पुरा रुद्रपुर निवासी गौरव होलसेलर मंजीत के यहां काम करता था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने मालिक से पत्नी की डिलीवरी के लिए कुछ रुपये उधार मांगे थे। आरोप है कि मालिक ने पहले तो उधार लेने के लिए हां कर दी, लेकिन मौके पर जब उधार रुपये मांगे तो मालिक ने मना कर दिया। इसके बाद गौरव ने वहां से नौकरी छोड़ दी, लेकिन मालिक से नफरत करने लगा। उसे पूरी जानकारी थी किस तरह कर्मी दिल्ली सामान लेने जाते हैं। सभी नौ आरोपियों ने पूरी रेकी कर कर्मियों से दुकान से चलने की पूरी जानकारी मिलती रही।

#### फिल्मी अंदाज में दिया वारदात को अंजाम

15 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे, जब कारोबारी के दो कर्मचारी रितिक मंडल और साहब सिंह सात लाख रुपये लेकर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहे थे, तभी बिलासपुर के पास पहले से घात लगाए तीन नकाबपोश बदमाशों ने गन पॉइंट पर उन्हें घेर लिया। यात्रियों में दहशत पैदा करने के लिए बदमाशों ने दो राउंड हवाई फायर किए और नगदी से भरा बैग लेकर चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गए।

## 14.41 ग्राम स्मैक के साथ दो युवक को किया गिरफ्तार

**सितारगंज, अमृत विचार :** पुलिस ने 14.41 ग्राम स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी नैनीताल जनपद निवासी हैं। शनिवार की सायं सिडकुल चौकी इंचार्ज जगत सिह शाही, एएसआई सुरेन्द्र सिह दानू, राजेन्द्र सिह, विनोद जोशी, अर्जुन नगन्याल ने एमबीआर बार्डर में चेकिंग अभियान चलाया था।

एक कार पुलिस को देख मुड़ने लगी। पुलिस ने गाड़ी रुकवाकर कार में सवार दोनों युवकों से पूछताछ की। कार चालक ने अपना नाम दिव्येश कुमार पुत्र दुर्गेश लाल, निवासी- ज्योलीकोट बताया तथा बगल की सीट पर बैठे युवक ने अपना नाम शैलेन्द्र बिष्ट निवासी- बागनाथ कालोनी, मुखानी हल्द्वानी बताया। दिव्येश कुमार के पास 7.46 ग्राम स्मैक बरामद हुई। शैलेन्द्र बिष्ट के पास 6.95 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपियों ने बताया कि मेजर नाम के व्यक्ति से खरीदकर लाये हैं। आरोपियों के पास बरामद कार को भी पुलिस ने कब्जे में लेकर सीज कर दिया। सिडकुल चौकी इंचार्ज जगत सिह शाही ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर रविवार को अदालत में पेश किया गया।

# कथावाचक पर हमले का नहीं हुआ खुलासा



हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** बंगाली कल्याण समिति के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं कथावाचक पर हुए जानलेवा हमले का तीन माह बीत जाने के बाद भी खुलासा न होने से क्षेत्र में रोष बढ़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर कांग्रेसी नेताओं ने चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की है।

विगत 6 जनवरी की शाम करीब 6 बजे शक्तिफार्म नं. एक बैकुंठपुर निवासी रामचन्द्र राय, जो बंगाली कल्याण समिति के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं भागवत कथावाचक हैं, रोज की तरह सड़क किनारे टहल रहे थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। घटना के बाद से अब तक पुलिस हमलावरों का कोई ठोस सुराग नहीं जुटा सकी है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है, लेकिन इस गंभीर मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आमजन में आक्रोश बढ़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसियों ने मांग की कि मामले का शीघ्र खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलाई जाए। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनआंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान उत्तम आचार्य, विनय विश्वास, अमित सरकार, सुमिंदर यादव, बलवंत बोरा, विभूति प्रसाद, श्रीकांत मिश्री, गौतम हालदार, उत्तम हालदार आदि मौजूद रहे।

# मंडल अध्यक्ष से मारपीट में रेंजर पर मुकदमा दर्ज

● **भाजपा नेताओं ने किया कोतवाली का घेराव, भारी दबाव के बाद पुलिस ने की कार्रवाई**

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** भाजपा अनुसूचित जनजाति चकरपुर मंडल अध्यक्ष और ग्राम प्रहरी विपिन राणा के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। भाजपा नेताओं द्वारा कोतवाली के घेराव और भारी दबाव के बाद पुलिस ने खटीमा रेंज के वनक्षेत्राधिकारी (रेंजर) सहित तीन वनकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित विपिन राणा का आरोप है कि रेंजर और बीट अधिकारियों ने साजिश के तहत उन्हें फोन कर बुलाया और वहां गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। कार्रवाई की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने चकरपुर मंडल अध्यक्ष विक्रम भाट के नेतृत्व में कोतवाल विजेंद्र शाह का घेराव किया, जिसके बाद पुलिस बैकफुट पर आई। कोतवाल शाह ने बताया कि रेंजर हरेंद्र बिष्ट, वन बीट अधिकारी गंगा राम और सुन्दर सिंह के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच उप निरीक्षक भुवन गहतोड़ी को सौंपी गई है। इस घटना से क्षेत्र में वन विभाग और सत्ताधारी दल के बीच तनाव बना हुआ है।



किच्छा में मेधावी बच्चों एवं अभिभावकों के साथ प्रधानाचार्य फादर एलेक्सांडर मोंटेरो।

### सेंट पीटर स्कूल में मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**किच्छा :** सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेधावियों के सम्मान में सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 20 छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को मेडल, प्रमाण पत्र और छात्रवृत्ति के चेक देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के आदर्श मेहरा ने 97 .2 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मिलन देव सिंह 96 .2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इन दोनों सहित कुल 20 छात्र-छात्राओं को उनकी मेहनत और अनुशासन के लिए सराहा गया। प्रधानाचार्य फादर एलेक्सांडर मोंटेरो ने सभी मेधावियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके निरंतर प्रयास और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। कार्यक्रम में राज अरोड़ा, रुक्मणी वर्मा, एलन बर्नार्ड, मनीष थापा, भानु पांडे, अनंत लोशाली, विनीता शर्मा, वंदना सक्सेना मौजूद रहे।

# चावल कारोबारी से करोड़ों की धोखाधड़ी

● **पाक नागरिकों के साथ मिलकर बुना जाल**

संवाददाता, रुद्रपुर

**संवाददाता :** ऊधमसिंह नगर के एक बड़े चावल निर्यातक को झांसे में लेकर करोड़ों रुपये हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। धोखाधड़ी के इस जाल में मध्य प्रदेश की एक फर्म के साथ-साथ दुबई की कंपनी और पाकिस्तान के नागरिक भी शामिल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित कारोबारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बुने गए इस जाल की जांच शुरू कर दी है।

किच्छा हाईवे स्थित मैसर्स केएलवी फूड इंडिया लिमिटेड के स्वामी अरुण अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उनकी फर्म उच्च गुणवत्ता वाले चावल का निर्यात करती है। इंदौर (मध्य प्रदेश) स्थित टीटीएस कंपनी के धर्मेंद्र जैन, स्मिता सोनवाने और विनोद विश्वकर्मा ने उनके सामने 3000 मीट्रिक टन चावल निर्यात करने का प्रस्ताव रखा। आरोपियों ने प्रलोभन देकर 13 जून 2025 को दुबई की ''पाक प्राइम फूड स्टफ ट्रेडिंग'' के साथ एक निर्यात अनुबंध तैयार करवाया, जिसमें टीटीएस कंपनी पक्षकार थी।

#### पाक कनेक्शन का पता चला तो की ब्लैकमेलिंग

कारोबारी का आरोप है कि निर्यात के बाद उन्हें पता चला कि ''पाक प्राइम'' कंपनी के पीछे पाकिस्तानी नागरिक मंगल दास नवानी और महेंद्र नवानी का हाथ है और वे इसमें साझेदार हैं। जब अरुण अग्रवाल ने अपने चावल का भुगतान मांगा, तो आरोपी उन्हें ब्लैकमेल करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने चावल को अपनी पैकिंग में बेचकर बदनाम करने और शूटर भेजकर परिवार की हत्या करने की धमकी दी। इस मानसिक दबाव में आकर कारोबारी ने एक करोड़ रुपये की छूट भी दे दी, लेकिन इसके बाद आरोपियों ने अपने मोबाइल बंद कर लिए।

#### पुलिस ने शुरू की तफ्तीश

अरुण अग्रवाल की तहरीर पर पुलिस ने धर्मेंद्र जैन, स्मिता सोनवाने, विनोद विश्वकर्मा और पाक नागरिक महेंद्र व मंगलदास नवानी के खिलाफ संगठित धोखाधड़ी और साजिश का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की तकनीकी और वित्तीय कड़ियों को जोड़ रही है ताकि इस अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया जा सके।

#### 1.07 करोड़ रुपये का चूना लगाया



पड़ताल में सामने आया कि पाक प्राइम ने टीटीएस फर्म को 1.07 करोड़ रुपये का भुगतान पहले ही कर दिया था, जिसे उन्होंने हड़प लिया। टीटीएस कंपनी केवल कमीशन के आधार पर इस व्यापार में शामिल थी और तय हुआ था कि सारा भुगतान सीधे केएलवी फूड के खातों में होगा। लेकिन छह महीने बीत जाने के बाद भी जब पैसा नहीं मिला, तब इस बड़ी धोखाधड़ी का खुलासा हुआ।

# बूथ स्तर तक करेंगे कांग्रेस को मजबूत



यूथ कांग्रेस पदाधिकारियों का स्वागत करते वरिष्ठ कांग्रेसी। ● अमृत विचार

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** नवनियुक्त युवा कांग्रेस पदाधिकारियों के सम्मान में कांग्रेसियों ने स्वागत समारोह आयोजित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलवन्त बोहरा मौजूद रहे। अभिनंदन समारोह में युवा कांग्रेस के शादाब अंसारी ब्लॉक अध्यक्ष सितारगंज, सुमिन्दर यादव विधानसभा अध्यक्ष, अमित सरकार ब्लॉक अध्यक्ष शक्तिफार्म एवं विजेन्द्र सिंह मोमी प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस का वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संसद में परिसीमन बिल के गिरने पर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर नवतेज पाल सिंह, हरपाल सिंह, करन जंग, सुकुमार चक्रवर्ती, विनय मंडल, भगवान पांडे, विभूति नारायण, गुड़िया अधिकारी, सपना ओझा, विष्णु तरफदार, प्रशांत मंडल, शशि विश्वास, उत्तम हलदार, आरके भारती, सुनील हालदार, मंतोष सूतार, मनोरंजन मिस्त्री, लक्ष्मी चौधरी, सावित्री हालदार, जिन्दर सिंह, नारायण सरकार, दिनेश सिंह बोहरा आदि उपस्थित रही।

# गौरव व कार्तिक इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म के छात्र गौरव नाथ व कार्तिक सिंह महर का चयन राष्ट्र स्तरीय इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर चयनित होने के बाद छात्रों ने अपने मॉडल को नया स्वरूप दिया।

डॉल्फिन पीजी इंस्टीट्यूट देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय इंस्पायर मानक अवार्ड के अंतर्गत कार्तिक सिंह महर ने ''मैन्युअल थ्रेसर'' और गौरव नाथ ने 'लो कॉस्ट प्रोस्थेटिक हैण्ड'' मॉडल प्रस्तुत किया। दोनों विद्यार्थियों ने अपने मॉडल से सभी को अचंभित किया और राष्ट्रीय स्तर



इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित बच्चे।

हेतु चयनित हुए। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भौतिक विज्ञान प्रवक्ता डॉ. बलवंत ऐरी द्वारा किया गया। प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने मार्गदर्शक शिक्षकों, चयनित छात्रों व अभिभावकों को शुभकामनाएं दी है। डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, चंदन बोरा ने बधाई दी है।

# चारा उत्पादक समिति बनी सर्वश्रेष्ठ एफपीओ

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** अपनी एकजुटता और बेहतर प्रबंधन के दम पर शक्तिफार्म चारा उत्पादक सहकारी समिति ने उत्तराखंड में प्रथम स्थान हासिल कर नया इतिहास रचा है। देहरादून में आयोजित समारोह में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने समिति की अध्यक्ष प्रभा रावत और सीईओ अविनाश को प्रदेश के 'सर्वश्रेष्ठ एफपीओ' की ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

तीन वर्ष पूर्व गठित इस समिति की पूरी कमान महिलाओं के हाथ में है और वर्तमान में 1751 महिला सदस्य इससे जुड़ी हैं। समिति ने इस वर्ष 6.50 करोड़ रुपये का शानदार टर्नओवर किया है और अब इसका नाम देश के शीर्ष 10 एफपीओ में शामिल हो गया है।



देहरादून में कैबिनेट मंत्री से पुरस्कार प्राप्त करतीं अध्यक्ष प्रभा रावत। ● अमृत विचार

300 एकड़ में मक्के की खेती के माध्यम से समिति न केवल किसानों की आय बढ़ा रही है, बल्कि पर्वतीय क्षेत्रों तक सालभर हरा चारा भी पहुंचा रही है। दुग्ध एवं पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि शक्तिफार्म चारा उत्पादक सहकारी समिति की यह उपलब्धि, पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। यह महिलाओं की मेहनत और बेहतर प्रबंधन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि एफपीओ मॉडल से किसानों की आय बढ़ रही है और पशुपालकों को भी सीधा लाभ मिल रहा है। साथ ही महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। सरकार ऐसे प्रयासों को आगे भी पूरा सहयोग देती रहेगी।

## सिटी ब्रीफ

### विद्यालयों का समय परिवर्तित करने की मांग

**काशीपुर** : अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन जिलाध्यक्ष हरिओम सिंह ने डीएम नितिन भदौरिया को ई-मेल से पत्र भेजकर कहा कि विद्यालयों में नवीन समय सारणी लागू की गई है। ऊधमसिंह नगर जिले में गर्मी अधिक होने एवं गर्म हवाएं चलने से छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अत्याधिक तापमान होने से उल्टी दस्त, सांस लेने में दिक्कत, हीट स्ट्रोक, लू लगना आदि बीमारी होने की संभावना बन सकती है। शिक्षा के साथ विद्यालयों में विद्यार्थियों को बीमारियों से भी सुरक्षित रखना है। बिजली आपूर्ति भी बार-बार बाधित हो रही है। जिला तराई क्षेत्र में स्थित होने से यहां की जलवायु उष्णकटिबंधीय एवं उपआर्द्र है। पिछले साल भी तापमान अधिक होने पर विद्यालय सुबह 7 से दोपहर साढ़े 11 बजे तक संचालित करने के आदेश दिए गए थे। उन्होंने जिले के विद्यालयों की समय परिवर्तित करने की मांग की है।

### काशीपुर में रॉबर्ट वाड्रा का जन्मदिन मनाया

**काशीपुर** : भारतीय उद्यमी और सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के जन्मदिन पर रामनगर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में रॉबर्ट वाड्रा टीम इंडिया के अध्यक्ष एवं इंटरनेशनल वेटलिफ्टर व उत्तराखंड वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव राजीव चौधरी ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। प्रतियोगिताओं में करीब 700 खिलाड़ियों व उनके कोचों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग लिया। साथ ही सभी के लिए खाने पीने की भी उचित व्यवस्था की गई। विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान की गईं। इस दौरान रॉबर्ट वाड्रा के जन्मदिवस के अवसर पर बर्थडे केक काटा गया। यहां क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### 20 लीटर कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बाजपुर** : पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए बेरिया दौलत क्षेत्र से एक युवक को अवैध कच्ची शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। पुलिस टीम जब क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि किर्तोवालिया तिराहे के पास एक व्यक्ति शराब की खेप लेकर जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर पैदल जा रहे संदिग्ध को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान मिंदर सिंह उर्फ कालू (निवासी: ग्राम महोली जंगल) के रूप में हुई है। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह शराब बेचने के उद्देश्य से जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की है।

### दोराहा-नैनीताल मार्ग की बदहाली से राहगीर परेशान

**बाजपुर** : दोराहा-नैनीताल मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग और गुरुद्वारा साहिब के पास स्थित सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। सड़क पर बने गहरे गड्ढे और उखड़ी गिट्टियां राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग द्वारा हाल ही में की गई सड़क की ''लीपापोती'' चंद दिनों में ही उखड़ गई। पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के कारण इस मार्ग पर भारी यातायात रहता है, लेकिन जर्जर हालत के चलते वाहन चालकों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। कई बार वाहन अनियंत्रित होकर हादसों का शिकार होते-होते बचे हैं। निवासियों का कहना है कि अस्थायी पैचवर्क समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार किए बिना सड़क का स्थायी पुनर्निर्माण कराया जाए।

# फैक्ट्री के वेस्ट पेपर यार्ड में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

## अग्निशमन विभाग ने घंटों की मशक्कत के बाद पाया काबू, आग लगने का कारण अज्ञात

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** गिरधई स्थित प्रोलिफिक पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड के वेस्ट पेपर यार्ड में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

अग्निशमन अधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि फायर स्टेशन को सूचना मिलते ही फायर यूनिट रवाना की गई। घटनास्थल पहुंचकर देखा कि आग फैक्ट्री के वेस्ट पेपर यार्ड में लगी थी, जो तेजी से विकराल रूप में फैल रही थी। पूर्व से ही बहल पेपर मिल फैक्ट्री की फायर टेंडर यूनिट आग पर कार्य कर रही थी, त्वरित कार्यवाही करते हुए फायर यूनिट काशीपुर ने मोटर फायर इंजन से एक होज पाइप फैलाकर पंपिंग कर आग को बुझाना शुरू किया। बहल पेपर मिल फायर टेंडर यूनिट व काशीपुर फायर यूनिट ने संयुक्त रूप से आग को बुझाया। आग पर लगातार छह घंटे अग्निशमन कार्य कर व जेसीबी की सहायता से आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। आग से लगभग 500-600 टन वेस्ट पेपर्स की क्षति हुई और आग से कोई मानवीय जनहानि नहीं हुई। आग से पेपर मिल मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है। कंपनी के जीएम जुल्फिकार अली ने बताया कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, यार्ड में रखा लगभग 500 टन वेस्ट पेपर जलने से एक करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। अग्निशमन अधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि हादसे में केवल माल का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।



काशीपुर की फैक्ट्री में लगी आग को बुझाते फायर कर्मी। ● अमृत विचार

### तीन एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

**काशीपुर** : जैतपुर घोसी में गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से हड़कंप मच गया। फायर यूनिट के पहुंचने से पहले ही लोगों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया था। रविवार दोपहर को जैतपुर घोसी में शिव सिंह ठाकुर पुत्र प्रभु राम के खेत में गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग फैल गई। लोगों ने सूझबूझ के साथ आग को फायर यूनिट टीम के पहुंचने से पहले ही बुझा दिया, लेकिन तब तक तीन एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वहीं फायर यूनिट ने पहुंचकर मौके का जायजा लिया। लोगों को कहना है कि आग खेत के ऊपर से जा रही हाईटेंशन लाइनों में हुए फॉल्ट के कारण लगी।

### चैंपियनशिप में रुद्रपुर स्टेडियम की टीम जीती

**काशीपुर:** छावनी चिल्ड्रन एकेडमी में रविवार को ''प्रथम जूनियर अंडर-18 जिला बास्केटबाल चैंपियनशिप'' का शुभारंभ हुआ। उत्तराखंड एथलेटिक सिलेक्शन समिति के अध्यक्ष विजेंद्र चौधरी, जिला पंचायत सदस्य सनी प्रधान और मनोज मिश्रा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता के पहले दिन बालक वर्ग में रुद्रपुर स्टेडियम ने छावनी चिल्ड्रन एकेडमी को रोमांचक मुकाबले में 42-41 से हराया। वहीं, बालिका वर्ग में भी रुद्रपुर स्टेडियम ने अमेनिटी पब्लिक स्कूल को 25-10 से पटखनी दी। एसोसिएशन के सचिव अतुल चंद्रा ने बताया कि इस एक दिवसीय टूर्नामेंट में जिले की कुल 18 टीमें (12 बालक और 6 बालिका वर्ग) हिस्सा ले रही हैं। इस अवसर पर प्रदीप सपरा, आशीष कुमार सिंह, शरद यादव मौजूद रहे।

### तेंदुए को पकड़ने के लिए विभाग ने लगाया पिंजरा

**काशीपुर** : मानपुर रोड पर कचनाल गाजी के जंगा रोड पर गौशाला में घुसकर तेंदुए के बछिया को मारने के बाद क्षेत्र में दहशत फैल हुई है। हालांकि वन कर्मियों की गश्त बढ़ा दी गई है और क्षेत्र में पिंजरा लगाया गया है। बता दें कि शनिवार की तड़के बबलू सैनी के गाय की गौशाला में तेंदुआ घुसा और बछिया को मारा डाला था। दूसरी ओर, काशीपुर रेंज के रेंजर देवेंद्र रजवार ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए मौके पर पिंजरा लगाया जा रहा है।

# किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता



काशीपुर में दर्जा मंत्री सुरेंद्र सिंह नामधारी का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

● किसान आयोग के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नामधारी का भाजपाइयों ने किया स्वागत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड सरकार में किसान आयोग के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री) नियुक्त होने के बाद सुरेंद्र सिंह नामधारी का पहली बार भारतीय जनता पार्टी काशीपुर जिला कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उन्हें अंग वस्त्र, पुष्प माला एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया।

भाजपा जिला कार्यालय पर दर्जा राज्यमंत्री नामधारी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि उत्तराखंड के किसानों की समस्याओं का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि वह स्वयं किसान परिवार से जुड़े हैं। इसलिए किसानों की कठिनाइयों को भली-भांति समझते हैं। नामधारी ने हाल ही में प्रदेश में गेहूं की तौल को लेकर उत्पन्न समस्या का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कोटा की कमी के कारण किसानों की गेहूं तौल बाधित हो रही थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने गेहूं तोल का कोटा 50 गुना तक बढ़वाया। इससे किसानों को बड़ी राहत मिली है। किसानों का कहना है कि इस कदम से उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हुआ है और उन्हें अपनी उपज बेचने में सहूलियत मिली है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

इस मौके पर जिला महामंत्री सुशील शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी जगवीर सिंह, मीडिया प्रभारी जितेन्द्र यादव, सर्वेश शर्मा, प्रशांत पंडित, अर्चना शर्मा, शाहनवाज खान, शुभम मेहरा, पुष्कर बिष्ट, तरुण वर्मा, योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।




काशीपुर में साइकिल रैली के दौरान मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिला सशक्तिकरण को लेकर निकाली साइकिल रैली

**काशीपुर** : भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की ओर से महिला सशक्तिकरण को लेकर साइकिल ऑन संडे के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्टेडियम में रविवार को साई की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कहा गया कि महिलाओं का शारीरिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियों, महिलाओं को नियमित व्यायाम करने, योगासन के गुण सीखने के लिए प्रेरित किया। योग को दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। इस दौरान महिलाओं एवं खिलाड़ियों को योगासन के विभिन्न तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया। केंद्र के सहायक निदेशक अनिल द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को योगासन के प्रति जागरूक कर आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना था। इस मौके पर दर्जा राज्यमंत्री सीमा चौहान, महिला एवं बाल सहायता समिति अध्यक्ष सरोज ठाकुर, कोच ओमप्रकाश सिंह, नीरज कुमार, पवन शर्मा मौजूद रहे।

### विवि की कार्यप्रणाली को छात्रों ने समझा

**काशीपुर:** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थित उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र पर रविवार को 'दीक्षारंभ कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस दौरान 60 शिक्षार्थियों ने विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली को समझा।

केंद्र समन्वयक प्रो. महीपाल सिंह ने छात्रों को प्रवेश प्रक्रिया, परामर्श सत्र, सत्रीय कार्य और प्रयोगात्मक परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी। छात्रों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करने की सलाह दी। सहायक समन्वयक डॉ. तिलक राम प्रजापति ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा उन लोगों के लिए वरदान है, जो नियमित कॉलेज नहीं जा सकते। इस मौके पर राजेंद्र सिंह, साजिद सैफी मौजूद रहे।

# विधायक व पूर्व विधायक में आज होगी जुबानी जंग

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** नगर में रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति स्थापना का विवाद अभी तक सोशल मीडिया पर जुबानी जंग में चल रहा था लेकिन अब ये जंग मैदान में उतरने को तैयार है। सोशल मीडिया पर पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेन्द्र मोहन सिंघल द्वारा वीडियो जारी कर सोमवार यानी आज शाम पांच बजे बीएसवी इंका में विधायक आदेश चौहान के हर सवाल का जवाब देने को बुलाया है। उधर विधायक आदेश चौहान ने भी वीडियो जारी कर पूर्व विधायक के चैलेंज को स्वीकार कर समय से 15 मिनट पहले पहुंचने की बात कही। दोनों जन प्रतिनिधियों की जुबानी जंग को लेकर नागरिक तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। वहीं मामले को गंभीरता से लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। प्रकरण को लेकर दोनों जनप्रतिनिधि अपने समर्थकों संग रणनीति बनाने में जुटे हैं। उधर रविवार को पूर्व विधायक ने बैठक कर अपनी पीड़ा जाहिर की। विधायक आदेश चौहान द्वारा की गई अभद्रता, सोशल मीडिया पर मृत पिता पर आरोप लगाने, धमकाने की बातें साझा कर लोगों से राय ली। उन्होंने प्रकरण में विधायक से माफी मांगने की बात कही। अन्यथा की स्थिति में सोमवार को विधायक के विरुद्ध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह ने आपसी भाई चारा बनाने की बात कही। पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष तरुण गहलोत ने कहा कि विधायक पुराने मामले न उखाड़ें।



डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल।

### सिंघल ने इलाज कराने को बुलाया, मैं जाऊंगा



आदेश चौहान।

**जसपुर** : विधायक आदेश चौहान ने कहा कि पूर्व विधायक डॉ. सिंघल ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर कहा कि वह पेशे से डाक्टर हैं। इलाज करना और कराना जानते हैं। उन्होंने 20 अप्रैल को बीएसवी इंका में पांच बजे बुलाने का समय दिया है। उन्होंने डॉ. सिंघल का चैलेंज स्वीकार किया है। वह सोमवार को समय से 15 मिनट पहले अपने तीमारदारों संग कॉलेज पहुंच जाएंगे। कहा कि कौन किसका इलाज करता है। यह समय बताएगा।

### शांति व्यवस्था बनाएं जनप्रतिनिधि: पाल

**जसपुर** : भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने प्रेस वार्ता कर विधायक एवं पूर्व विधायक के प्रकरण में शांति व्यवस्था बनाने की अपील की। साथ ही सर्व समाज को साथ लेकर चलने को कहा। कहा कि शासन स्तर पर प्रतिमाएं लगाने का मामला चल रहा है। परमीशन होते ही भाजपा प्रतिमाओं को लगवाएगी। प्रतिमाओं के लिए आपसी भिड़ंत ठीक नहीं।

> शांति व्यवस्था को किसी भी कीमत पर भंग नहीं होने दिया जायेगा। अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।
>
> **-राजेंद्र सिंह डांगी**, कोतवाल जसपुर।

# बाबा भुल्लन शाह मजार प्रबंध समिति के सदर का किया स्वागत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** बाबा भुल्लन शाह मजार प्रबंध समिति के नवनियुक्त सदर (अध्यक्ष) जाकिर हुसैन व 13 सदस्यों का वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा ने अपने कार्यालय पर फूल मालाओं व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा ने कहा कि सभी पदाधिकारी, भारतीय जनता पार्टी के सच्चे सिपाही हैं, उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि नई समिति के सभी कार्यकर्ता पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से मजार, मस्जिद, मदरसे के रुके कार्यों को पूरा करने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। वक्फ संख्या 448 मजार बाबा भुल्लन शाह मोहल्ला कटोराताल के वर्तमान अध्यक्ष हसीन खान की 15 सदस्य प्रबंध समिति कार्यरत है। बीती 10 फरवरी 2026 के अनुपालन में वक्फ संख्या 448 मजार भुल्लन शाह बाबा मोहल्ला कटोराताल के प्रबंधन के लिये उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने जाकिर हुसैन की अध्यक्षता में 13 सदस्य प्रबंध समिति की नियुक्ति की गई है। वहीं वक्फ संख्या 448 मजार भुल्लन शाह बाबा के नवनियुक्त अध्यक्ष जाकिर हुसैन ने पदभार मिलने पर कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा इंतजार हुसैन, शाहनवाज हुसैन, वक्फ बोर्ड के सदस्य मोहम्मद हसन नूरी सभी का नवनियुक्त प्रबंध समिति आभार व्यक्त करती है। वहां पर उपाध्यक्ष अली हसन, सचिव शादाब, कोषाध्यक्ष नासिर अंजार, मोहम्मद इदरीश, मोहम्मद रफीक, फिरोज आलम, शाहिद, आबिद, शरीफ, मोहम्मद मुस्तकीम, सिकंदर, मोहम्मद राशिद, दिलशाद, मोहसिन, मोहम्मद रफी आदि मौजूद रहे।

### हादसे में ई-रिक्शा चालक घायल

**काशीपुर:** मुरादाबाद रोड पर ई-रिक्शा और कैंटर की आमने-सामने की टक्कर में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ई-रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

रविवार सुबह सूर्या रोशनी लिमिटेड के सामने कैंटर चालक ने अचानक वाहन मोड़ दिया। जिससे सामने से आ रही ई-रिक्शा कैंटर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और चालक सरवरखेड़ा निवासी जाकिर पुत्र जफरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही सूर्या चौकी प्रभारी गणेश दत्त भट्ट व एसआई रवीश कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# कार से टकराकर बाइक सवार की मौत

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** नैनीताल-बाजपुर मुख्य मार्ग पर ग्राम भट्टपुरी के पास रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई। तेज रफ्तार कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। जानकारी के अनुसार, ग्राम दूधिया कॉलोनी निवासी रवि (36 वर्ष) पुत्र भजन सिंह दोपहर करीब ढाई बजे बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान भट्टपुरी के पास सामने से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों ने आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल रवि को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



रवि (फाइल फोटो)।



हादसे के बाद मौके पर पड़ी क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

रवि की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। वह अपने पीछे पत्नी आशा और दो मासूम बच्चों को छोड़ गया है। अस्पताल पहुंची पत्नी पति की मौत की खबर सुनकर बेसुध हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर बरहैनी पुलिस चौकी भिजवा दिया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने मार्ग पर बढ़ती रफ्तार और लापरवाही को लेकर रोष व्यक्त किया है।

## आस्था

समाज के लोगों ने सामूहिक हवन-पूजन कर विश्व शांति और सुख-समृद्धि की कामना की

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार को मंडी स्थित श्री हनुमान मंदिर में ब्राह्मण सभा द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने सामूहिक हवन-पूजन कर विश्व शांति और सुख-समृद्धि की कामना की।

वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हुए यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं और भगवान परशुराम के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने सामाजिक समरसता और नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जानू शुक्ला, विशेष शर्मा, अमित शर्मा, राजा राम तिवारी, विजय शर्मा, मयंक शर्मा, राहुल शर्मा, गौरव शर्मा, विक्की शर्मा, अशोक दीक्षित, राम बोहरे पाठक, बीडी मिश्रा, सर्वेश चतुर्वेदी, राजेश पाठक, शशिकांत कौशिक, रामा पंत, विजय चतुर्वेदी, धर्मवीर शर्मा, शुभम पांडे, राजा तिवारी, रजत तिवारी, अंकुश पंडित, विवेक चौबे, उपेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।



बाजपुर अनाज मंडी स्थित मंदिर में हवन-पूजन करते ब्राह्मण सभा से जुड़े लोग।



काशीपुर में ब्राह्मण सम्मेलन के दौरान हवन पूजन करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### ब्राह्मण सम्मेलन का किया आयोजन

**काशीपुर** : अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा की ओर से ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पं. शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। पं. रमेश भट्ट ने हवन पूजन संपन्न कराया। इस दौरान शैलेंद्र कुमार मिश्रा एवं उमेश जोशी ने पं. रजनी शर्मा की ओर से रचित ब्राह्मण पुस्तक का विमोचन किया।

# हाथियों की दस्तक से बाधित रहा हाईवे

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** बरहैनी क्षेत्र में रविवार को जंगली हाथियों की सक्रियता से दिनभर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सुबह आबादी क्षेत्र में हाथी घुसने से जहां ग्रामीणों में हड़कंप मच गया, वहीं दोपहर में नैनीताल स्टेट हाईवे पर हाथियों के झुंड के आने से यातायात काफी देर तक थमा रहा।

तड़के एक विशालकाय हाथी गांव के समीप सड़क किनारे देखा गया। हाथी को देखते ही ग्रामीण सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। लोगों ने एकजुट होकर शोर मचाया, जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद हाथी वापस जंगल की ओर लौटा। राहत की बात रही कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई।



बाजपुर में हाईवे पार करता हाथियों का झुंड। ● अमृत विचार

दोपहर के समय नैनीताल स्टेट हाईवे पर गड़प्पू जंगल के पास हाथियों का झुंड अचानक सड़क पार करने लगा। हाथियों की चिंघाड़ और मौजूदगी के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सुरक्षा की दृष्टि से राहगीरों ने वाहनों को दूर ही रोक लिया और झुंड के जाने का इंतजार किया।

क्षेत्र में जंगली जानवरों की बढ़ती आवाजाही से ग्रामीण डरे हुए हैं। स्थानीय निवासियों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाई जाए और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।



मानेश्वर महादेव मंदिर में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार के दौरान बटुक।

## अक्षय तृतीया पर हुआ सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

**लोहाघाट :** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर चम्पावत जनपद स्थित प्रसिद्ध मानेश्वर महादेव मंदिर में भव्य सामूहिक यज्ञोपवीत (जनेऊ) संस्कार का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के अनेक परिवारों ने भाग लेकर अपने पुत्रों का विधिपूर्वक उपनयन संस्कार संपन्न कराया। मंदिर के मठाधीश स्वामी धर्मराजानंद पुरी महाराज के मार्गदर्शन में मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संस्कार संपन्न हुआ। स्वामी धर्मराजानंद पुरी महाराज ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार वैदिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण संस्कार है, जो जीवन में आध्यात्मिक और नैतिक अनुशासन की शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ के पावन धाम में इस प्रकार का आयोजन क्षेत्र के लिए विशेष आध्यात्मिक अवसर है। मंदिर समिति द्वारा सभी प्रतिभागियों के लिए पूजन सामग्री, वस्त्र, आचार्य दक्षिणा तथा भंडारे की व्यवस्था नि:शुल्क की गई। पुरोहित देवकीनंदन पांडेय ने वैदिक विधि-विधान के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। इस दौरान सतीश पांडेय, विजय वर्मा, बसंत रस्यारा, प्रेम सिंह, हयात सिंह, रमेश पांडेय, नवीन सिंह बोहरा, हरीश सिंह, भय्यू बोहरा आदि मौजूद रहे।

### नगर निगम अब कूड़ा संग्रहण के लिए दुकानदारों को बांटेगा डस्टबिन, निगम के कूड़ा वाहन दिन में दो बार सीधे दुकानों तक पहुंचेंगे

# अल्मोड़ा की ऐतिहासिक पटाल बाजार अब बनेगी कूड़ा मुक्त

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** सांस्कृतिक नगरी की ऐतिहासिक पटाल बाजार को कूड़ा मुक्त बनाने की कवायद तेज हो गई है। नगर निगम ने बाजार को आकर्षक बनाने के लिए अब दुकानदारों को योजना के तहत दो अलग-अलग डस्टबिन देने का निर्णय लिया है, ताकि वे गीले और सूखे कूड़े को शुरुआत से ही अलग-अलग रख सकें।

दरअसल, निगम के लिए अल्मोड़ा की ऐतिहासिक पटाल बाजार को स्वच्छ बनाए रखना चुनौती बना हुआ है। ऐसे में बाजार पहुंचने वाले पर्यटकों के बीच नगर की छवि धूमिल हो रही है। नगर के मुख्य बाजारों को अब कूड़ा मुक्त बनाने के लिए निगम ने कमर कस ली है। अब नगर निगम एक ऐसा मास्टर प्लान लेकर आया है, जो न केवल व्यावहारिक है, बल्कि इसके माध्यम से बाजार को काफी हद तक कूड़ा मुक्त किया जा सकता है। नगर निगम ने हर दुकानदार की जरूरत और कचरे की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए संसाधनों का वितरण तय किया है। योजना के तहत सामान्य दुकानदारों को दो अलग-अलग डस्टबिन दिए जाएंगे, ताकि वे गीले और सूखे कूड़े को शुरुआत से ही अलग-अलग रख सकें। वहीं, कपड़ा व्यापारियों की विशिष्ट आवश्यकता को देखते हुए उन्हें एक डस्टबिन प्रदान किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कचरा सड़क पर आने के बजाय दुकान के भीतर ही सुरक्षित तरीके से संग्रहित हो।




नगर निगम अल्मोड़ा। ● अमृत विचार



"अल्मोड़ा बाजार को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर निगम की ओर से दुकानदारों को कूड़ा संग्रहण के लिए दो अलग-अलग डस्टबिन दिए जाएंगे, ताकि वे गीले और सूखे कूड़े को शुरुआत से ही अलग-अलग रख सकें। साथ ही, सार्वजनिक डस्टबिन हटाए जाएंगे। निगम के वाहन सुबह और शाम, दोनों समय कूड़ा संग्रहण के लिए बाजार पहुंचेंगे।" – **सीमा विश्वकर्मा**, नगर आयुक्त, अल्मोड़ा

### दो वक्त की 'दस्तक' से चमकेगा बाजार

इस मास्टर प्लान की सफलता का सबसे बड़ा आधार कूड़ा संग्रहण का नया समय-निर्धारण है। अब व्यापारियों को कूड़े के निस्तारण के लिए अपनी दुकान छोड़कर कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। नगर निगम के कूड़ा वाहन दिन में दो बार सीधे दुकानों तक पहुंचेंगे। पहली शिफ्ट सुबह की होगी, ताकि बाजार खुलते ही रात भर का जमा कचरा साफ हो जाए और शहर ताजगी के साथ दिन की शुरुआत करे। दूसरी शिफ्ट शाम को बाजार बंद होने के समय रखी गई है, जिससे दिन भर की गंदगी का तुरंत निपटारा हो सके और अगली सुबह शहर पूरी तरह साफ-सुथरा मिले।

### बंदरों के आतंक पर भी लगेगी लगाम

अल्मोड़ा के व्यापारियों और ग्राहकों के लिए बंदर सबसे बड़ी मुसीबत रहे हैं। कूड़े के लालच में आने वाले ये बंदर अक्सर राहगीरों पर हमलावर हो जाते हैं। नगर आयुक्त सीमा विश्वकर्मा ने स्पष्ट किया है कि जैसे ही सार्वजनिक डस्टबिन हटाए जाएंगे, इन पशुओं का बाजारों में आकर्षण कम हो जाएगा। इससे न केवल स्वच्छता बढ़ेगी, बल्कि बाजारों में ग्राहकों की चहल-पहल भी अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित होगी।

### जिम्मेदारी अब व्यापारियों के कंधों पर

नगर निगम ने अपनी योजना लागू करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। अब बारी अल्मोड़ा के जागरूक व्यापारियों की है। यदि हर दुकानदार अपने निजी डस्टबिन का ईमानदारी से उपयोग करे और सड़क को अपनी दुकान जैसा साफ रखे, तो वह दिन दूर नहीं जब अल्मोड़ा का बाजार विदेशी सैलानियों के लिए 'स्वच्छता का मॉडल' बनेगा।

## शिक्षा स्वयं सेवकों का नियुक्ति को लेकर हंगामा

**अल्मोड़ा :** जिले के विद्यालयों में शिक्षा स्वयं सेवकों की नियुक्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। शिक्षा स्वयं सेवकों ने दोहरा मापदंड का आरोप लगाते हुए परीक्षा का बहिष्कार कर जमकर प्रदर्शन किया।

दरअसल, माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी पूरी हो सके इसके लिए प्रशासन की ओर से पायलट प्रोजेक्ट के तहत बीते साल 157 शिक्षा स्वयं सेवकों को नियुक्ति दी गई थी। इसका पूरा खर्च खनन न्यास निधि से उठाया जाना था। सत्र के शुरू होने से पूर्व प्रशासन ने प्रोजेक्ट को बंद कर दिया। स्वयं सेवकों ने डीएम अंशुल सिंह को समस्याएं बताईं। डीएम ने व्यवस्था के आधार पर तैनाती देने के आदेश जारी किए। इस पर शिक्षा विभाग ने 99 स्वयं सेवकों को तैनाती दे दी। शेष 58 स्वयं सेवकों की भर्ती के लिए परीक्षा कार्यक्रम तय किया। रविवार को डायट में परीक्षा होनी थी। लेकिन दूर दराज से आए स्वयं सेवकों ने हंगामा शुरू कर दिया और परीक्षा देने से इनकार कर दिया। स्वयं सेवकों ने कहा कि सभी 157 शिक्षकों को सीधे नियुक्ति दी जाती। या सभी के लिए परीक्षा की बाध्यता रखी जाती। 99 को सीधी नियुक्ति दी गई और 58 के लिए परीक्षा करवाना दोहरा मापदण्ड अपनाने गया। यहां पूजा, दीपा, मनीषा, रिया, करिश्मा, गीता, हरीश, सीमा, गायत्री, पल्लवी रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे कर्मचारी

### कर्मचारियों ने निकाली आक्रोश रैली, बोले-पुरानी पेंशन सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा की गारंटी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा में पुरानी पेंशन को लेकर सड़कों पर कर्मचारियों का सैलाब उमड़ पड़ा। सैंकड़ों की तादत में कर्मचारियों ने रैमजे इंटर कॉलेज के प्रागंण से चौघानपाटा तक आक्रोश रैली निकाली। सभी ने एक स्वर में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सभी कर्मचारियों से एकजुट होकर लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा।

रविवार को जिलेभर के विभिन्न विकासखंडों के सैकड़ों कर्मचारी एनएमओपीएस के बैनर तले नगर के रैमजे इंटर कॉलेज परिसर में एकजुट हुए। यहां सभा में वक्ताओं ने कहा कि पेंशन कार्मिकों के भविष्य की गारंटी और उनके बुढ़ापे की लाठी है। सरकार ने कार्मिकों की मेहनत की कमाई को शेयर बाजार के हवाले कर दिया है। कहा की सरकार कहती है, कि पेंशन लागू होने से देश की अर्थव्यवस्था खतरे में आ जाएगी। पूंजीपतियों के हजारों करोड़ों के ऋण माफ हो रहे हैं। वहीं, विधायक और सांसद के वेतन में वृद्धि के साथ ही पेंशन लागू है। कहा की नई पेंशन स्कीम अगर इतनी ही अच्छी व्यवस्था है तो सबसे पहले इसे विधानसभा और संसद के सदस्यों पर लागू किया जाए। कर्मचारियों और शिक्षकों ने कहा कि ओपीएस के अलावा किसी अन्य को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।




अल्मोड़ा में रविवार को ओपीएस बहाली की मांग को लेकर कार्मिकों ने आक्रोश रैली निकाली। ● अमृत विचार

### यह लोग पहुंचे आक्रोश रैली में

जिलाध्यक्ष गणेश भंडारी, जिला मंत्री भूपाल चिलवाल, एनएमओपीएस कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राजू महरा, महामंत्री कमलेश पांडे, संयोजक हरेंद्र रावल, जिला संरक्षक मनोज जोशी, प्रांतीय कोर कमेटी सदस्य डॉ धीरेंद्र पाठक, प्राथमिक शिक्षक संघ जिला मंत्री जगदीश भंडारी, डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन जिलाध्यक्ष डीके जोशी, जगदीश बिष्ट, रविशंकर गुसाईं, भारतेंदु जोशी, दीपशिखा मेलकानी, डा. कैलाश डोलिया, नितेश कांडपाल, संजय भाटिया, दीपक तिवारी, दिगम्बर फुलोरिया, भारतेन्दु पंत, लक्ष्मण सिंह कोरंगा, सुंदर लाल, संजय जोशी, संजय टम्टा, अनिल कांडपाल, भारत भूषण, मेघा मनराल, रेखा जोशी, मोनिका वर्मा, दीपा उप्रेती, राधा लस्पाल, अजरा परवीन, शोभा मिराल, बसंत पांडे, वीरेंद्र सिजवाली, पंकज पांडेय, सुशील बाराकोटी, ललित तिवारी, सुशील तिवारी, जीवन साह, लक्ष्मण रावत, भानू वर्मा, राजेंद्र खड़ायत, तारा बिष्ट आदि रहे।

## जागेश्वर धाम में अक्षय तृतीया पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**अल्मोड़ा :** अक्षय तृतीया पर रविवार को प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बाबा के दर्शन को भक्तों का तांता लगा रहा। दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में यूपी, दिल्ली, हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के हर रोज औसतन दो-ढाई हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रविवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर मंदिर में दर्शन को भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। वहीं, प्रशासन की ओर से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया गया और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की गई। इसके साथ ही पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। इधर, रविवार को भीड़ के चलते कई बार जाम की स्थिति बनी रही। उधर, पार्किंग भी श्रद्धालुओं के वाहनों से फूल रहा। लोगों को वाहन पार्किंग को लेकर दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# गमगीन माहौल में हुआ सोमेंद्र का अंतिम संस्कार

- जिलाधिकारी मनीष कुमार भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए
- खेलोत्सव के दौरान गले में भाला लगने से हो गई थी मौत

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** गोरलचौड़ मैदान में खेल के दौरान भाला लगने से असमय जान गंवाने वाले राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज चम्पावत के छात्र सोमेंद्र सिंह बोहरा (20) का अंतिम संस्कार रविवार को उनके पैतृक गांव भिंगराड़ा के मछियाड़ स्थित लधिया नदी के श्मशान घाट में गमगीन माहौल में किया गया। शनिवार को गुजरात से कार्यरत उनके पिता भूपाल सिंह बोहरा बदहवास हालत में घर पहुंचे और अपने पुत्र के अंतिम दर्शन किए। पिता के पहुंचने के बाद घर में फिर से कोहराम मच गया और पूरा माहौल चीत्कार से भर उठा।



सोमेंद्र सिंह (फाइल)।

इस दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। बाद में उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर माता-पिता को सांत्वना दी। शनिवार को अस्पताल में छात्र को मृत घोषित किए जाने के बाद उसका शव पैतृक गांव लाया गया था। शव घर पहुंचते ही शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। परिजन और ग्रामीण शोक में डूबे रहे। स्थानीय लोगों ने किसी तरह परिजनों को संभालते हुए अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी करवाई। 20 वर्षीय सोमेंद्र सिंह बोहरा राजकीय पॉलिटेक्निक में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र थे। वह चम्पावत के जूप क्षेत्र में अपनी मां और बुआ के साथ रहकर पढ़ाई कर रहे थे। वह चार भाई-बहनों में सबसे बड़े थे।

गौरतलब है कि शनिवार को गोरलचौड़ मैदान में पॉलिटेक्निक की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के दौरान एक छात्र द्वारा फेंका गया भाला सोमेंद्र की गर्दन में लगने से छात्र की मौत हो गई। पिता भूपाल सिंह बोहरा गुजरात की एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। कोतवाल बीएस बिष्ट ने बताया कि मामले में अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

# वनाग्नि, वन्यजीव संघर्ष पर समन्वित कार्रवाई पर जोर

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर (पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं मानवाधिकार) विद्या भूषण कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जनपद में वन संरक्षण, वनाग्नि नियंत्रण, मानव-वन्यजीव संघर्ष तथा पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

जनपद आगमन पर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे एवं प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य राणा ने उनका स्वागत किया। इस दौरान जनपद में वनों की स्थिति, वनाग्नि की घटनाओं और उनके नियंत्रण के उपायों पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि वनाग्नि की घटनाओं को कम करने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रभावी रणनीतियों के तहत कार्य किया जा रहा है। साथ ही पिरूल के संग्रहण और उसे बाजार तक पहुंचाने के लिए लगातार सुधार व नवाचार किए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका को भी बढ़ावा मिल रहा है। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि वनाग्नि की रोकथाम और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए जनजागरूकता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक, प्रशिक्षण और सामुदायिक सहभागिता जैसे प्रयास किए जा रहे हैं। हंस फाउंडेशन द्वारा पिरूल संग्रहण और प्रशिक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रस्तुति भी दी गई, जिसकी विशेष मॉनिटर ने सराहना की। अपने संबोधन में विद्या भूषण कुमार ने कहा कि वनाग्नि की घटनाओं से सीख लेते हुए भविष्य में उनकी पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस और प्रभावी रणनीति बनाना जरूरी है। उन्होंने अग्निशमन कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मानव-वन्यजीव संघर्ष के समाधान के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करने पर बल देते हुए कहा कि वन क्षेत्रों का उपयोग कूड़ा डंपिंग के लिए न किया जाए, क्योंकि इससे वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास प्रभावित होते हैं और वे आबादी की ओर आकर्षित होते हैं। बैठक में सीडीओ आरसी तिवारी, एसडीएम प्रियंका रानी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल रहे।



वन व पर्यवारण के कार्यों की जानकारी देतीं जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

## मुरादाबाद से लापता किशोरी सकुशल बरामद

**बाजपुर :** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद से लापता हुई एक किशोरी को बाजपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सकुशल बरामद कर लिया है। किशोरी के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार व्यक्त किया। मुरादाबाद के लाइनपार क्षेत्र की रहने वाली यह किशोरी कुछ दिन पूर्व बिना बताए अपने घर से निकल आई थी। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे, इसी दौरान उसके बाजपुर क्षेत्र में होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किशोरी को ढूंढ निकाला। रविवार को किशोरी के मौसा (निवासी बन्नाखेड़ा) कोतवाली पहुंचे, जिसके बाद पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर किशोरी को उनके सुपुर्द कर दिया। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की आपराधिक घटना की बात सामने नहीं आई है और किशोरी सुरक्षित है। पुलिस अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# सभी को मिल रहा योजनाओं का लाभ

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार में दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल ने रविवार को ग्राम पंचायत चौसली, खूंट, धामस, ज्यूड कफून गांव का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। मौके पर सक्षम अधिकारियों से वार्ता कर ग्रामीणों को समाधान का आश्वासन दिया।

भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पानी की समस्या से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, सड़क निर्माण नहीं होने से लोगों को आवगमन से भी परेशानियां उठानी पड़ रही है। जिस पर दर्जा मंत्री ने मौके पर अधिकारियों से वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य है कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जो जनहितकारी योजनाएं हैं उसका लाभ लेने से कोई भी वंचित न रहे। कहा कि प्रदेश की धामी सरकार हर व्यक्ति तक पहुंच लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दे रही है। इस मौके पर यहां मंडल अध्यक्ष हवालबाग संजय बिष्ट, इदर सिंह लटवाल, उमेश सिंह लटवाल, हयात सिंह लटवाल, मनोहर सिंह, गोपाल सिंह बिष्ट, धरम सिंह, दीवान सिंह बिष्ट, जगत सिंह लटवाल, राजेंद्र सिंह लटवाल, अमर सिंह लटवाल, पान सिंह, पार्षद अर्जुन बिष्ट, अमित साह मोनू, कृष्ण बहादुर, रमेश धपोला, मनीष बिष्ट, सुंदर मटियानी, कुंदन बिष्ट, आंनद डगवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।



हवालबाग के चौसली समेत कई ग्रामीणों क्षेत्रों का दर्जा मंत्री पिलख्वाल ने भ्रमण किया।



तलाड़ में पीपीएल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

## कसार वॉरियर्स ने जीता पीपीएल का उद्घाटन मुकाबला

**अल्मोड़ा :** पहल प्रीमियर लीग का आगाज हो गया है। रविवार को प्रतियोगिता के तहत कसार वॉरियर्स और सम्राज्य के बीच उद्घाटन मुकाबला खेला गया। जिसमें शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कसार वॉरियर्स ने जीत दर्ज की। हवालबाग ब्लॉक के तलाड़ खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान विनोद कनवाल, प्रकाश जोशी और चंदन सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद कसार वॉरियर्स और साम्राज्य के मध्य मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कसार वॉरियर्स की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 180 रन बनाए। जवाब में उतरी साम्राज्य की टीम अपने पूरे विकेट खोकर 80 रनों में सिमट गई। कसार वॉरियर्स ने 100 रनों से उद्घाटन मुकाबला अपने नाम गया। इस मौके पर आयोजक मंडल के ललित कनवाल, नरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, उज्जवल जोशी, चंदन कनवाल, राजेंद्र राणा, अंकित कनवाल, सूरज परिहार, नितिन बिष्ट, बॉबी बोरा, रवि, राजेंद्र कनवाल, पंकज बिष्ट, दीवान गोनी समेत कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

कार्यक्रम — रानीखेत के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में निकाली भव्य रैली

# युवा कांग्रेस ने रैली निकाल दिया एकजुटता का संदेश

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** युवा कांग्रेस रानीखेत के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली भारत के नक्शे के पास से प्रारंभ हुई।

रैली भारत के नक्शे से निकलकर सदर बाजार और जरूरी बाजार होते हुए स्प्रिंग फील्ड पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि करण माहरा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सीडब्ल्यूसी सदस्य, ने अपने संबोधन में कहा कि बहुत दिनों बाद ऐसा युवा जोश देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं और राजनीति सहित हर क्षेत्र में युवाओं को बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की धर्मपत्नी रमा माहरा, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण रावत, जिला अध्यक्ष गीता पवार और महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा शामिल रहीं। सभी ने युवाओं से संगठन को मजबूत करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का आह्वान किया। रैली में नवनिर्वाचित युवा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा, यूथ विधानसभा अध्यक्ष अंकिता पंत, जिला उपाध्यक्ष अंकित रावत, महासचिव अरसालन शेख, ब्लॉक अध्यक्ष (ताड़ीखेत) नीरज रावत, ब्लॉक अध्यक्ष (भिकियासैंण) गणेश मावड़ी, कार्यक्रम संयोजक रुद्र माहरा, छात्रा उपाध्यक्ष संध्या रावत सहित मनोज कोरंगा, दीपक सोंटियाल, पारस खत्री, ललित असवाल, ललित नेगी, नावेद कुरैशी, मोहम्मद कैफ, पंकज किरौला, हर्षित किरौला, दीपेश जोशी, अंजली राज, शिखा राज, विशाल कुवारबी, यतिन मेहरा, आदित्य कुमार, अभय पवार और अनुज सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। रैली का समापन स्प्रिंग फील्ड में किया गया।



नगर में रैली निकालते युवा कांग्रेस के सदस्य। ● अमृत विचार



हवालबाग में रविवार को साधन समिति सचिव की बैठक में मौजूद सदस्य।

## साधन सचिवों को ग्रेड-एक में पदोन्नति देने की मांग

**अल्मोड़ा :** साधन समिति सचिव परिषद की रविवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के साथ ही सचिवों को ग्रेड-1 में पदोन्नति करवाए जाने की मांग उठाई। हवालबाग में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कार्मिकों को भविष्य निधि पर दिए जा रहे कम ब्याज, जिला सहकारी बैंक के द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कैडर फंड जमा न किये जाने और समितियों के कंप्यूटरीकरण में आ रही परेशानियों पर सदस्यों द्वारा चर्चा की गई। साथ ही सचिवों को ग्रेड-1 में पदोन्नति करवाए जाने, प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत सचिवों को नियमित करने आदि मांगों को रखा गया। चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो समस्त कार्मिक आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां बैठक में परिषद के अध्यक्ष उमेश चन्द्र जोशी, महामंत्री चन्द्रकांत उप्रेती, योगेश पंत, बृज मोहन जोशी, प्रकाश चन्द्र नैनवाल, राधा बौड़ाई, शोभन सिंह, योगेश पंत, रमेश चन्द्र, दीप चन्द्र, शंकर सिंह, लक्ष्मण सिंह, भगवत सिंह, कैलाश सिंह, प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# अमृत विचार

सोमवार, 20 अप्रैल 2026




आपके जीवन में सबसे महत्त्वपूर्ण दो दिन होते हैं, एक तो वह दिन जिस दिन आप पैदा होते हैं और दूसरा वह दिन जब आपको पता चलता है कि आपका जन्म क्यों हुआ है।
**-मार्क ट्वेन**, अमेरिकी लेखक



## होर्मुज में हमला

पश्चिम एशिया के उथल-पुथल भरे परिदृश्य में भारतीय जहाजों पर ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड की गोलाबारी जटिल भू-राजनीतिक संकेत है। होर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से विश्व की लगभग एक-तिहाई तेल आपूर्ति गुजरती है, उस क्षेत्र में कोई भी टकराव वैश्विक संकट में बदल सकता है। ऐसे में भारतीय ध्वज वाले जहाजों को निशाना बनाना एक गंभीर सैन्य घटना है। जिन जहाजों ने ईरान द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया, अनुमति ली और जिनकी पहचान स्पष्ट थी, उन्हें निशाना बनाना ईरान की उस आक्रामक समुद्री नीति का हिस्सा हो सकता है, जिसका 'रणनीतिक संदेश' यह है कि वह अपने प्रभाव क्षेत्र में हर आवाजाही पर नियंत्रण रखता है, परंतु यह रणनीति जोखिमपूर्ण है, क्योंकि इससे तटस्थ या मित्र देशों का भरोसा भी डगमगाता है।

सवाल यह है कि ईरान, जिसने पहले भारतीय जहाजों को सुरक्षित मार्ग देने का आश्वासन दिया था, अचानक आक्रामक क्यों हुआ? इसके कई संभावित कारण हैं। पहला, क्षेत्रीय युद्ध का दबाव— इजराइल-ईरान तनाव और अमेरिकी सैन्य उपस्थिति ने ईरान को अधिक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों बना दिया है। दूसरा, 'संदेश की राजनीति', ईरान अपने विरोधियों के साथ-साथ तटस्थ देशों को भी यह संकेत देना चाहता है कि क्षेत्र में उसकी शर्तें सर्वोपरि हैं। तीसरा, भारत का संतुलनकारी रुख- भारत के अमेरिका और खाड़ी देशों के साथ बढ़ते सामरिक संबंध ईरान को असहज कर सकते हैं, भले ही भारत ने कभी खुलकर विरोध नहीं किया हो। भारत को 'मित्र देशों' की सूची में रखने के बावजूद उसके प्रति ऐसा रुख दर्शाता है कि युद्धकालीन समीकरण स्थायी नहीं होते। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में मित्रता अक्सर हितों से संचालित होती है, न कि भावनाओं से। यही कारण है कि भारतीय विरोध दर्ज कराने के बावजूद तेहरान की ओर से तत्काल खेद या स्पष्टीकरण नहीं आया। यह भी संभव है कि ऐसे हमले स्थानीय कमांड स्तर पर हुए हों, परंतु इतनी बड़ी संख्या में भारतीय जहाजों को निशाना बनाना संकेत देता है कि यह नीति-स्तर की स्वीकृति के बिना संभव नहीं। सरकार के सामने दुविधा है, क्या वह इसे युद्ध की 'सामान्य घटना' मानकर नजरअंदाज कर दे या कूटनीति की अपनी दिशा बदले? नजरअंदाज करना खतरनाक होगा, क्योंकि इससे भारतीय समुद्री हितों की सुरक्षा कमजोर पड़ेगी। वहीं, अत्यधिक आक्रामक प्रतिक्रिया भी भारत की संतुलनकारी विदेश नीति को नुकसान पहुंचा सकती है। फिलहाल भारत को कूटनीतिक दबाव बनाते हुए तेहरान से स्पष्टीकरण और सुरक्षा आश्वासन की मांग करने के साथ बहुपक्षीय मंचों पर इस मुद्दे को उठाना चाहिए।

हमने पहले भी अपने व्यापारिक जहाजों को भारतीय नौसेना का एस्कॉर्ट दिया है, इसे फिर करना चाहिए। इन सबके साथ अमेरिका, खाड़ी देशों और ईरान के बीच रणनीतिक संतुलन बनाए रखते हुए अपने हितों की रक्षा का प्रयास करना चाहिए। वैसे भी पश्चिम एशिया का संघर्ष अब बहुस्तरीय उलझाव बन चुका है, जहां हर देश अपने हितों के अनुसार चाल चल रहा है। पाकिस्तान में संभावित वार्ता इस जटिलता से तुरंत निजात नहीं दिलाने वाली, सो भारत को संयम और दृढ़ता दोनों का संतुलन साधना होगा।

### प्रसंगवश

## देश में प्राथमिक शिक्षा की रीढ़ हैं सरकारी स्कूल

शिक्षा वह शक्तिशाली हथियार है, जिससे आप दुनिया को बदल सकते हैं- दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मण्डेला का यह कथन शिक्षा के महत्त्व को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। भारत में शिक्षा का विस्तार सरकारी स्कूलों से ही संभव हुआ है। सरकारी विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय आदि न केवल शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि वे सामाजिक समानता, राष्ट्रीय एकता, विश्व बंधुत्व, समावेशी विकास तथा नैतिकता के मजबूत स्तंभ भी रहे हैं। आज भी देश के अधिकतर नीति निर्माता, शीर्षस्थ पदों में विराजित राजनेता, शिक्षक, कवि, लेखक, विचारक आदि सरकारी विद्यालयों से ही पठित हैं। वास्तव में सरकारी विद्यालय हमारे देश का गौरव हैं।

भारत के शिक्षा मंत्रालय के अनुसार देश में लगभग 14 लाख से अधिक स्कूल हैं, जिनमें से अधिकांश सरकारी विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में करोड़ों विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि आज भी भारत में शिक्षा की रीढ़ सरकारी विद्यालय ही हैं। सरकारी विद्यालयों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समाज के हर वर्ग के लिए खुले होते हैं, वहां किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होता, क्योंकि यहां अमीर-गरीब, शहर-गांव, सभी बच्चे एक साथ बैठकर शिक्षा प्राप्त करते हैं तथा शिक्षणेत्तर गतिविधियों में प्रतिभाग भी करते हैं, जिससे छात्रों में सामाजिक समरसता और समानता की भावना विकसित होती है, क्योंकि सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास में समरसता, समानता और मानवीय संवेदना की भावना दृढ़ होना जरूरी है।




डॉ. हेमंत जोशी
शिक्षक


सरकारी विद्यालय अपने छात्रों को मूल्यों तथा प्राणी मात्र की मूल जीवन संजीवनी के साथ जोड़ने का सतत् प्रयास करते हुए राष्ट्रीय हितों के साथ जोड़ते हैं, जो केवल एक औपचारिकता मात्र नहीं, अपितु भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों को विद्यालय स्तर से ही तैयार करना है और जिससे छात्रों में जागरूकता आती भी रही है। निजी विद्यालयों की तुलना में सरकारी विद्यालय शिक्षा को अधिक लोकतांत्रिक बनाते हैं।

सरकार द्वारा संचालित होने के कारण इन विद्यालयों में शिक्षा लगभग निःशुल्क होती है। इसके अतिरिक्त छात्रों को कई योजनाओं का लाभ भी मिलता है, जो विकासशील देश में जरूरी रहा है। उदाहरण के लिए- मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाता है, जिससे न केवल उनकी उपस्थिति बढ़ती है बल्कि इससे विगत कई वर्षों में कुपोषण भी कम होता आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस योजना से देश के 10 करोड़ से अधिक बच्चे लाभान्वित होते हैं। इसके साथ ही निःशुल्क पुस्तकें, गणवेश और विभिन्न छात्रवृत्तियां भी प्रदान की जाती हैं।

यह कहना गलत होगा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर निम्न है। आज अनेक सरकारी विद्यालयों में प्रशिक्षित और योग्य शिक्षक कार्यरत हैं। कई राज्यों में सरकारी विद्यालयों के छात्र बोर्ड परीक्षाओं में निजी विद्यालयों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और सरकारी सेवाओं में भी इन्हीं छात्रों की उपस्थिति अधिकतर दिखाई दे रही है। उदाहरण के रूप में केरल और दिल्ली के सरकारी विद्यालयों ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम और भौतिक संसाधन देशभर में एक मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। अन्य राज्य भी इसका अनुकरण कर रहे हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# भारत के जहाज पर ईरानी गोलीबारी का दुस्साहस






नवीन गुप्ता
बरेली


अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की शांति वार्ता जल्द होने वाली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात के संकेत दिए हैं, लेकिन ईरान के राष्ट्रपति अब भी अपनी जिद पर कायम हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के बाद दोबारा बंद करना और भारतीय जहाजों पर फायरिंग इस बात का संकेत है कि ईरान न सिर्फ अमेरिका और उसके दोस्तों से अपने रिश्ते खराब करना चाहता है, बल्कि अब वह तटस्थ देशों से भी उलझने को तैयार है, हालांकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी नौसेना की फायरिंग पर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है। भारत ने ईरान को इस तरह की कार्रवाई पर परिणाम भुगतने के संकेत दिए हैं।

ईरान और अमेरिका के बीच पहले दौर की शांति वार्ता के नाकाम होने के बाद यह लगा था कि युद्ध पुनः भड़क सकता है, लेकिन घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पड़ रहे दबाव के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किसी तरह की कार्रवाई न करने के संकेत दिए, हालांकि वे अब भी अपनी बात पर कायम हैं, लेकिन बीच-बीच में उनके द्वारा ईरान को भड़काने वाले बयान भी दिए जा रहे हैं। इस वजह से ईरान खफा है और उसने ट्रंप को चिढ़ाने के लिए ही होर्मुज को पुनः बंद कर दिया, जबकि इजरायल और हिजबुल्ला के बीच युद्ध विराम के बाद ही होर्मुज को ईरान ने खोल दिया था।

> ईरान न सिर्फ अमेरिका और उसके दोस्तों से अपने रिश्ते खराब कर रहा है, बल्कि अब वह तटस्थ देशों से भी उलझ रहा है। हालांकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी नौसेना की फायरिंग पर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है।

खुद उसके विदेश मंत्री ने इसकी घोषणा की थी और जहाजों की आवाजाही भी शुरू हो गई थी, लेकिन यह होर्मुज खोलने का आदेश बहुत दिनों तक नहीं चला। बमुश्किल 24 घंटे में ही ईरान अपनी बातों से पलट गया और इसका ठीकरा उसने ट्रंप पर फोड़ दिया। ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान अपने परमाणु बम बनाने के कार्यक्रम से पीछे हट जाएगा और संवर्धित यूरेनियम उसे सौंप देगा। इस दावे से ही ईरान के विदेश मंत्री चिढ़ गए और उन्होंने होर्मुज को न सिर्फ बंद करा दिया, बल्कि उनकी नौसेना ने भारतीय जहाजों पर फायरिंग का दुस्साहस भी कर दिया, हालांकि भारतीय चालक दल को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। रणनीतिकार मानते हैं कि ईरान ने यह कार्रवाई पाकिस्तान के उकसावे की वजह से की है, अन्यथा भारतीय क्रूड ऑयल टैंकर 'जग अर्णव' और 'सनमार हेराल्ड' पर ईरानी नौसेना फायरिंग नहीं करती।

भारत ने साफ कर दिया है कि इस तरह की कार्रवाई बर्दाश्त नहीं करेगा। अगर ऐसे कदम दोहराए गए, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। कहा जा रहा है कि ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स वहां होर्मुज में भारत से भी टैक्स वसूलना चाहता है, लेकिन भारत किसी भी हालत में टैक्स देने को तैयार नहीं है। इससे भी रिवोल्यूशनरी गार्ड चिढ़े हुए हैं, हालांकि भारत के सख्त रुख से अब ईरान परेशान है और सफाई दे रहा है। उधर, भारत को उम्मीद है कि ईरान और अमेरिका की बीच दूसरे दौर की वार्ता के बाद पूर्ण रूप से युद्ध विराम होगा और शांति आएगी। इसके बाद हालात सुधरेंगे तब तक वह ईरान को भी अपने सख्त रुख से भारतीय जहाजों की बेरोकटोक आवाजाही के लिए मना लेगा।


उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दूसरे दौर की वार्ता की पुष्टि कर दी है। यह वार्ता पुनः इस्लामाबाद में होगी। पाकिस्तान का दावा है कि इस बार अपनी-अपनी शर्तों पर दोनों देश झुकेंगे और पूर्ण रूप से युद्ध विराम हो जाएगा, हालांकि विदेशी मामलों के जानकार ऐसा नहीं मानते। उनका कहना है कि ट्रंप बिना यूरेनियम पर कब्जा किए किसी भी स्थिति में वार्ता को सफल नहीं मानेंगे। ईरान भी यूरेनियम उन्हें नहीं देगा।

ऐसे में पूर्ण रूप से युद्ध विराम होना मुश्किल है। ट्रंप को भी पता है कि ईरान उनकी इस शर्त को तो कभी नहीं मानेगा और होर्मुज में टैक्स वसूलने, विदेशों में फ्रीज ईरान की संपत्तियों को मुक्त करने की मांग को ट्रंप कभी स्वीकार नहीं करेंगे। यदि वे ऐसा करते हैं, तो उनकी हार मानी जाएगी और यह स्थिति उनके लिए ठीक नहीं होगी, इसीलिए ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर यह धमकी दी है। अगर बातचीत विफल होती है, तो ईरान के साथ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी और उनके बुनियादी ढांचे पर हमले करते हुए सब कुछ तबाह कर दिया जाएगा।

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा 'मेरे प्रतिनिधि इस्लामाबाद पाकिस्तान जा रहे हैं। वे कल शाम वहां बातचीत के लिए पहुंचेंगे। हम एक बहुत ही निष्पक्ष और उचित डील का प्रस्ताव दे रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि वे (ईरानी) इसे स्वीकार करेंगे। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो अमेरिकी सेना ईरान के सभी पॉवर प्लांटों को तबाह करेगी। उनकी इस पोस्ट को ईरान ने उकसावे की कार्रवाई माना है। वैसे अमेरिकी नौसेना ने होर्मुज स्ट्रेट को घेर रखा है। वहां से ईरान के जहाज भी नहीं निकल पा रहे हैं।

अगर ईरान अपने तेलों का निर्यात नहीं कर पाएगा, तो उसकी अर्थव्यवस्था और खराब होगी। ऐसी स्थिति में वहां जनता सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होगी और फिर ट्रंप जो चाहते हैं, उनकी मंशा पूरी हो जाएगी। ईरान को भी पता है कि यदि वह समझौता नहीं हुआ, तो उसके यहां भुखमरी की स्थिति आ जाएगी, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था पहले से ही चरमाराई हुई है। ईरानी संसद के स्पीकार मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने भी माना है कि युद्ध विराम समझौते का लेकर चल रही वार्ता में प्रगति हुई है। दूसरे दौर की वार्ता को लेकर चल रही कवायद पर पूरी दुनिया की निगाह टिकी हुई है। अब देखना यह है कि क्या परिणाम आते हैं।

### आमने सामने



विपक्ष ने इस बिल को हराकर महिलाओं के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाई है। इसका 'पाप' उन्हें आने वाले चुनावों में भुगतना पड़ेगा। बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को होने वाले मतदान और चार मई को आने वाले नतीजे ही अब तय करेंगे कि बंगाल की जनता ने किसके दावों पर भरोसा किया है।
**-नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

मोदी सरकार महिला आरक्षण को एक 'ढाल' की तरह इस्तेमाल कर रही है, जबकि उनका असली मकसद परिसीमन के जरिए उन राज्यों में सीटें बढ़ाना है, जहां भाजपा का दबदबा है। 2023 में बिल पास होने के बाद तीन साल तक इंतजार क्यों किया गया? यह डॉ. अंबेडकर के संविधान के साथ छेड़छाड़ है।
**-ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल



# 2023 में पास महिला आरक्षण बिल कब होगा लागू




सौरभ वार्ष्णेय
वरिष्ठ पत्रकार


महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में समान भागीदारी देने के उद्देश्य से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण कानून) भारतीय लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक कदम माना गया, लेकिन यह सवाल स्वाभाविक है कि जब यह कानून संसद से पारित हो चुका है, तो इसका असर अभी तक ज़मीनी स्तर पर क्यों नहीं दिख रहा? दरअसल इस अधिनियम के लागू होने में देरी का कारण इसकी संरचना और उससे जुड़ी शर्तें हैं। देश की संसद में 31वां संशोधन बिल लोकसभा में गिर गया, जो कि बहुत ही निराशाजनक है। संसद के विशेष सत्र में लंबी चली बहस में मतभेदों के सुर के आलावा आपसी राजनीति के आलावा कुछ समझ नहीं आया।

सरकार को इस संशोधन बिल को पास करवाने के लिए दो-तिहाई वोटों की जरूरत थी, लेकिन पक्ष में सिर्फ 298 वोट पड़े। विरोध में 230 वोट पड़े, जो दो तिहाई से बहुत कम है। इस बिल को पास करवाने की नरेंद्र मोदी सरकार की हर कोशिश नाकाम साबित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अंतरआत्मा की आवाज सुनने वाली अपील भी कुछ खास असर नहीं दिखा पाई। अब सवाल यह है कि अब नहीं तो महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण कब मिलेगा?

> 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पास होकर उसका नोटिफिकेशन हो चुका है। सवाल उठ रहा है कि जब इसे अभी लागू ही नहीं किया, तो संशोधन बिल लाने की जरूरत क्यों पड़ी?

सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पास होकर उसका नोटिफिकेशन हो चुका है, लेकिन जब अभी तक इसे लागू ही नहीं किया गया तो संशोधन बिल लाने की क्या जरूरत पड़ी। महिलाओं के लिए कोटा 2034 से पहले संभव हो पाएगा या फिर बीच की कोई और राह अभी भी निकल सकती है? ये कह पाना मुश्किल है कि बिल अब कब लागू हो पाएगा? जबकि यह अब कानून बन चुका है।

मान लीजिए कि सरकार और विपक्ष के बीच आने वाले समय में बिल पर कोई सहमति बन जाती है फिर भी महिला आरक्षण 2034 के लोकसभा चुनाव के पहले लागू होना मुश्किल लगता है। 2023 के मूल कानून के हिसाब से संसद के दोनों सदनों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तभी लागू होना था, जब अगली जनगणना पूरी हो जाए। अभी जनगणना चल रही है। इसे पूरा होने में वक्त लगेगा। इसके बाद सीटों का डिलिमिटेशन यानी कि नया बंटवारा भी होगा, जबकि नए बिलों के हिसाब से महिला आरक्षण को 2029 तक लागू होना था। इसके लिए सीटों का बंटवारा 2011 की जनगणना के आधार किया जाना था, लेकिन ये हो नहीं सका।

केंद्र सरकार 31वें संशोधन बिल में दक्षिणी राज्यों की सीटें बढ़ाने जैसे कुछ बदलाव कर सकती है। मतलब यह कि 2011 के बजाय 2027 की जनगणना को आधार बनाया जाए। इसके बाद बिल को नए सिरे से पेश किया जाए। सहमति बनाने के लिए विपक्ष के सुझाव लिए जाएं। कई विश्लेषकों का कहना है कि ओबीसी महिलाओं के लिए अलग उप-कोटा देने से पहले पूरे ओबीसी समुदाय के लिए ही राजनीतिक आरक्षण को संविधान में शामिल करना होगा। फिलहाल ओबीसी आरक्षण शिक्षा और नौकरी तक सीमित है, विधायिकाओं में नहीं।

महिलाओं के बिल के पिछले प्रयास (1996, 1997, 1998, 2008-2010) ओबीसी उप-कोटा की मांगों की वजह से ही अटकते रहे। यही पुरानी खाई 2023-26 की बहस में भी दिखाई दी। बीजेपी ने ओबीसी वोट बैंक में बड़ा विस्तार किया है। विश्लेषकों का तर्क है कि अगर वह अभी ओबीसी राजनीतिक आरक्षण का दरवाज़ा खोलती है, तो सीट शेयर, 50 प्रतिशत कैप और आंतरिक उप-वर्गीकरण पर बड़े विवाद खड़े हो सकते हैं, जिसे वह टालना चाहती है।

विपक्ष लगातार ओबीसी महिलाओं के अलग कोटे की मांग कर रहा है। वह आरोप लगा रहा है कि बीजेपी महिला आरक्षण का क्रेडिट तो लेना चाहती है, लेकिन ओबीसी महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक हिस्सेदारी देने से बच रही है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण पर फैसलों में कहा है कि कुल आरक्षण 50 प्रतिशत से ज़्यादा नहीं दिया जा सकता और ओबीसी कोटा के लिए समकालीन, भरोसेमंद तथ्यात्मक डेटा ज़रूरी है। यही तर्क राष्ट्रीय स्तर पर भी उठेगा। संसद चाहे तो संविधान में संशोधन कर लोकसभा-विधानसभाओं में ओबीसी वर्ग के लिए राजनीतिक आरक्षण और उसमें से ओबीसी महिलाओं का उप-कोटा तय कर सकती है। भले ही नई जातिगत जनगणना पूरी नहीं हुई हो।

संविधान किसी विशेष डेटा स्रोत को अनिवार्य नहीं ठहराता, लेकिन किस जाति समूह को कितना हिस्सा मिलेगा, इसका आधार तय करने के लिए ठोस, नए और राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य जातिगत आंकड़े जरूरी होंगे, वरना अदालतों में इसे मनमाना मानकर चुनौती दी जा सकती है। अब आगे महिलाओं को ही मुखर होकर आगे आना होगा। इन पार्टियों को समझाना पड़ेगा कि आधी आबादी को संसद से क्यों वचिंत रखना चाहते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## कहानी सिल्वेस्टर की

1000 ऑडिशन में 'बदसूरत' कहकर रिजेक्ट किया गया एक लड़का बीवी की प्रेग्नेंसी के खर्च के लिए अपना सबसे प्यारा कुत्ता बेचने को मजबूर हुआ। वही इंसान आगे चलकर बना दुनिया का नंबर वन एक्शन हीरो! यह कहानी है सिल्वेस्टर स्टेलोन की। एक ऐसी प्रेरणा, जो बताती है कि हालात चाहे कितने भी खराब क्यों न हों, अगर हौसला मजबूत हो तो किस्मत बदलते देर नहीं लगती।




कैलाश गोयल
कारोबारी


6 जुलाई 1946 को न्यूयॉर्क के हेल्स किचन में जन्मे स्टेलोन का जीवन शुरुआत से ही आसान नहीं था। जन्म के समय हुई मेडिकल गलती की वजह से उनके चेहरे का एक हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया। उनकी आवाज लड़खड़ाती थी और चेहरा अलग दिखता था। इसी वजह से बचपन में उन्हें मज़ाक का सामना करना पड़ा। माता-पिता के अलगाव ने उनकी जिंदगी को और मुश्किल बना दिया। कई बार उन्हें अनाथालय जैसी परिस्थितियों में भी रहना पड़ा।

स्टेलोन ने एक्टर बनने का सपना देखा, लेकिन उनका लुक और आवाज उनके रास्ते की सबसे बड़ी बाधा बन गई।1000 से ज्यादा ऑडिशन दिए और हर बार रिजेक्ट हुए। कास्टिंग डायरेक्टर्स हंसकर बाहर कर देते थे। हालात इतने खराब हो गए कि उन्हें कई रातें बस स्टेशन पर सोकर बितानी पड़ीं।

एक वक्त ऐसा आया जब उनकी पत्नी प्रेग्नेंट थीं और घर में खाने तक के पैसे नहीं थे। मजबूरी में उन्होंने अपने सबसे प्यारे बुलमास्टिफ डॉग 'बटकस' को सिर्फ 40 डॉलर में बेच दिया। यह उनके जीवन का सबसे दर्दनाक फैसला था।

1975 में मुहम्मद अली और चक वेपनर के बीच हुए मुकाबले ने उनकी जिंदगी बदल दी। इस मैच से प्रेरित होकर स्टेलोन ने सिर्फ तीन दिनों में फिल्म रॉकी की स्क्रिप्ट लिख डाली। स्टूडियो को स्क्रिप्ट पसंद आई, तो उन्होंने 3,60,000 डॉलर देने की पेशकश की। स्टेलोन ने साफ मना कर दिया। आखिरकार कम बजट में फिल्म बनी और 1976 में रिलीज हुई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 225 मिलियन डॉलर से ज्यादा कमाई की और तीन ऑस्कर अवॉर्ड जीते। स्टेलोन को बेस्ट एक्टर और स्क्रीनप्ले के लिए नॉमिनेशन मिला। 'रॉकी' हॉलीवुड की सबसे आइकॉनिक फिल्मों में शामिल हो गई। कामयाबी मिलते ही स्टेलोन ने सबसे पहले अपने कुत्ते 'बटकस' को वापस खरीदा।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## कच्चा माल आयात पर टिका जेनरिक दवाओं का निर्यात

भारत आज वैश्विक स्तर पर सस्ती दवाओं के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक बन चुका है। 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में उसकी पहचान केवल एक उपमा नहीं, बल्कि उसकी उत्पादन क्षमता, निर्यात विस्तार और वैश्विक जनस्वास्थ्य में उसके योगदान का सशक्त प्रमाण है। वर्ष 2025-26 तक भारतीय औषधि बाजार 50 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर चुका है और वैश्विक जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति में उसका योगदान 20 प्रतिशत से अधिक है।

अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी भारतीय कंपनियां लगभग 40 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करती हैं, जबकि अफ्रीका और दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्रों में जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता में भारत की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। यह उपलब्धि 1970 के दशक में पेटेंट कानूनों में हुए परिवर्तन का परिणाम है, जब भारत ने प्रक्रिया पेटेंट प्रणाली को अपनाकर घरेलू उद्योग को सशक्त किया और सस्ती दवाओं के उत्पादन का मार्ग प्रशस्त किया।




डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका


इस चमकदार उपलब्धि के पीछे एक गहरा विरोधाभास भी छिपा हुआ है। भारत जहां एक ओर तैयार दवाओं का प्रमुख निर्यातक है, वहीं दूसरी ओर उनके निर्माण के लिए आवश्यक कच्चे माल और सक्रिय औषधीय संघटकों के लिए भारी मात्रा में आयात पर निर्भर है। अनुमानतः भारत अपनी आवश्यकता का लगभग 60 से 70 प्रतिशत सक्रिय औषधीय संघटक विदेशों से आयात करता है, जिसमें प्रमुख हिस्सा चीन से आता है। पेनिसिलिन जी, क्लैवुलैनिक अम्ल और पैरासिटामोल जैसे महत्वपूर्ण संघटकों के मामले में यह निर्भरता 80 प्रतिशत से भी अधिक है। यह स्थिति केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है।

कोविड-19 महामारी ने इस निर्भरता की वास्तविकता को स्पष्ट रूप से उजागर कर दिया। चीन में लॉकडाउन के कारण आपूर्ति बाधित होते ही भारत में दवा उत्पादन प्रभावित हुआ। अनेक औषधि निर्माण इकाइयों को उत्पादन घटाना पड़ा और कुछ को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। इससे यह स्पष्ट हो गया कि कच्चे माल की आपूर्ति में व्यवधान भारत की औषधि उत्पादन क्षमता को तुरंत प्रभावित कर सकता है। इस अनुभव ने आत्मनिर्भरता की आवश्यकता को और अधिक प्रासंगिक बना दिया।

इसी संदर्भ में सरकार ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के माध्यम से लगभग 16,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की, जिसका उद्देश्य घरेलू स्तर पर सक्रिय औषधीय संघटकों के उत्पादन को बढ़ावा देना है। यद्यपि इस दिशा में कुछ प्रगति हुई है, फिर भी अनेक संरचनात्मक समस्याएं अब भी बनी हुई हैं। उच्च उत्पादन लागत, तकनीकी सीमाएं तथा कठोर पर्यावरणीय नियमों के कारण कई उत्पादन इकाइयां बंद हो चुकी हैं, जिससे घरेलू उत्पादन क्षमता सीमित हो गई है।

नियामक ढांचे की कमजोरी भी इस क्षेत्र की एक प्रमुख चुनौती है। केंद्रीय और राज्य स्तर पर औषधि नियंत्रण संस्थाओं में संसाधनों और प्रशिक्षित मानव बल की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। गुणवत्ता नियंत्रण में खामियों के कारण कई भारतीय औषधि निर्माण इकाइयों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आलोचना का सामना करना पड़ा है। कुछ मामलों में विदेशी नियामक संस्थाओं द्वारा आयात प्रतिबंध भी लगाए गए हैं, जिनका कारण निर्माण प्रक्रियाओं में त्रुटियां और गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन रहा है। इससे भारत की वैश्विक साख प्रभावित होती है और निर्यात संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

मौसम बदलते ही फैशन का मिजाज भी बदल जाता है और इसी के साथ बदलती हैं हमारी स्टाइल चॉइसेज। आज की महिलाएं चाहे टीनएज हों, यंग प्रोफेशनल्स या मिड एज, हर मौसम के अनुसार अपने वॉर्डरोब को अपडेट रखना पसंद करती हैं। खासकर गर्मियों में स्टाइलिश दिखते हुए कंफर्टेबल रहना थोड़ा मुश्किल जरूर होता है, लेकिन सही फैब्रिक, प्रिंट और कलर चुनकर इस चुनौती को आसानी से पार किया जा सकता है।

# तपती धूप में भी दिखें कूल और स्टाइलिश



## फैब्रिक पर दें ध्यान

गर्मियों के मौसम में सबसे पहले ध्यान देना चाहिए फैब्रिक पर। हल्के, सॉफ्ट और ब्रीदेबल कपड़े जैसे कॉटन, लिनन, रेयॉन और मलमल इस सीजन के लिए बेस्ट माने जाते हैं। ये न केवल पसीना सोखते हैं, बल्कि शरीर को ठंडा भी रखते हैं। इसके साथ ही इन फैब्रिक्स में आने वाले प्रिंट्स आपके लुक को और भी आकर्षक बना देते हैं।

## स्टाइल को दें मॉडर्न टच

जहां तक प्रिंट्स की बात है, फ्लोरल प्रिंट्स हर साल समर फैशन का हिस्सा बने रहते हैं। छोटे-छोटे फूलों से लेकर बड़े-बड़े बोल्ड फ्लोरल पैटर्न तक, ये हर तरह के आउटफिट में खूबसूरती जोड़ते हैं। फ्लोरल प्रिंट्स न केवल फ्रेश और कूल लुक देते हैं, बल्कि दिन के समय आउटिंग, ब्रंच या कैजुअल मीटअप के लिए एकदम परफेक्ट रहते हैं। इसके अलावा, इस सीजन में चेक्स, स्ट्राइप्स और ज्योमेट्रिक प्रिंट्स भी काफी ट्रेंड में हैं, जो आपके स्टाइल को एक मॉडर्न टच देते हैं।





## सही कलर का चुनाव

कलर्स किसी भी आउटफिट की जान होते हैं। गर्मियों में हल्के और सॉफ्ट कलर्स पहनना सबसे अच्छा रहता है। सफेद (व्हाइट) रंग इस मौसम का सबसे पसंदीदा रंग माना जाता है, क्योंकि यह गर्मी को कम महसूस कराता है और एक क्लासी लुक देता है। व्हाइट मैक्सी ड्रेस, चिकनकारी सूट, अनारकली या शर्ट-ट्राउजर सेट हर रूप में शानदार लगता है। व्हाइट के अलावा पेस्टल शेड्स जैसे बेबी ब्लू, लैवेंडर, पिंक, मिंट ग्रीन और पीच भी इस सीजन में काफी ट्रेंड में हैं। ये रंग आंखों को सुकून देते हैं और एक फ्रेश लुक प्रदान करते हैं। खासतौर पर लैवेंडर और सी ग्रीन जैसे कलर्स पिछले कुछ समय से फैशन में अपनी खास जगह बनाए हुए हैं। इसके साथ ही कोरल और पीच जैसे सॉफ्ट वॉर्म टोन भी समर आउटफिट्स में चार चांद लगा देते हैं। अगर आप अपने समर लुक को और बेहतर बनाना चाहती हैं, तो हल्के एक्सेसरीज जैसे स्ट्रॉ हैट, सनग्लासेस, स्लिंग बैग और मिनिमल ज्वेलरी का इस्तेमाल जरूर करें। सही फुटवियर जैसे फ्लैट्स, सैंडल या एस्पैड्रिल्स आपके पूरे लुक को कंप्लीट कर देते हैं। इस तरह, सही फैब्रिक, ट्रेंडी प्रिंट्स और सॉफ्ट कलर्स के साथ आप गर्मियों में भी स्टाइलिश और कंफर्टेबल दोनों रह सकती हैं।



## कंफर्ट और स्टाइल का कांबो

अगर आप कुछ नया ट्राय करना चाहती हैं, तो टाई-डाई प्रिंट्स, ब्लॉक प्रिंट्स और इंडो-वेस्टर्न फ्यूजन स्टाइल्स भी इस बार खूब पसंद किए जा रहे हैं। खासतौर पर हैंडब्लॉक प्रिंटेड कुर्ते, स्कर्ट्स और को-ऑर्ड सेट्स युवतियों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। इसके अलावा, शर्ट ड्रेस, रैप ड्रेस और कफ्तान स्टाइल आउटफिट्स भी गर्मियों में कंफर्ट और स्टाइल का बेहतरीन मेल पेश करते हैं।

## ड्रेस की लंबाई और फिटिंग

ड्रेस की लंबाई और फिटिंग भी बहुत मायने रखते हैं। समर सीजन में मैक्सी ड्रेसेस, मिडी ड्रेसेस और शॉर्ट ड्रेसेस काफी पसंद की जाती हैं। ये न सिर्फ पहनने में आसान होती हैं, बल्कि हर बॉडी टाइप पर अच्छी भी लगती हैं। अगर आप प्लस साइज हैं, तो छोटे और मीडियम प्रिंट्स आपके लिए ज्यादा फ्लैटरिंग रहेंगे। वहीं स्लिम फिगर वाली महिलाएं बड़े और एक्सपेरिमेंटल प्रिंट्स भी आसानी से कैरी कर सकती हैं।

---

जिंदगी का सफर

# सुरों की वह शक्ति जो इतिहास बन गई

भारतीय संगीत आकाश का वह अनमोल सितारा सदा के लिए मौन हो गया है, जिसकी स्वर-लहरियों ने सात दशकों तक हर पीढ़ी की धड़कनों को एक नई ताल दी। 12 अप्रैल को 92 वर्ष की आयु में आशा भोंसले का निधन केवल एक महान गायिका का जाना नहीं, बल्कि उस अद्वितीय 'अदा', 'नजाकत' और 'स्वैग' का अवसान है, जिसने साड़ी की गरिमा में भी भारतीय पॉप और कैबरे संगीत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई। 800 से अधिक फिल्मों में 12,000 से ज्यादा गीतों को अपनी आवाज देकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने वाली आशा जी का जीवन केवल सुरों की साधना भर नहीं था, बल्कि यह संघर्ष, आत्मविश्वास और निरंतर आत्म-नवाचार की अद्भुत गाथा भी था।



योगेश कुमार गोयल
लेखक







8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के एक प्रतिष्ठित संगीत परिवार में जन्मी आशा भोंसले का जीवन आरंभ से ही सुरों से जुड़ा था, किंतु नियति ने उनके बचपन को सहज नहीं रहने दिया। पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर से शास्त्रीय संगीत की प्रारंभिक शिक्षा मिली, परंतु महज 9 वर्ष की आयु में पिता के निधन ने उनके जीवन से संरक्षण का साया छीन लिया। परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा था और बड़ी बहन लता मंगेशकर ने घर की जिम्मेदारी संभाली। ऐसे कठिन समय में आशा जी ने भी कम उम्र में ही संघर्ष को अपना साथी बना लिया। पार्श्व गायन की दुनिया में उनका सफर किसी सरल राह पर नहीं चला। उस दौर में लता मंगेशकर का वर्चस्व था और बड़े संगीतकारों की पहली पसंद वही थी। आशा भोंसले के संगीत सफर में वास्तविक परिवर्तन तब आया, जब उनकी मुलाकात संगीतकार ओ.पी. नैयर से हुई। नैयर साहब ने उस समय की परंपरा को चुनौती देते हुए लता मंगेशकर के बिना संगीत रचना का निर्णय लिया और उन्हें आशा की आवाज में वह अनोखी 'शरारत', 'चंचलता' और 'कशिश' दिखाई दी, जिसकी वे तलाश कर रहे थे। 1957 की फिल्म नया दौर का गीत 'उड़े जब जब जुल्फें तेरी' आशा जी के करियर का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ, जिसने उन्हें मुख्यधारा की नायिकाओं की आवाज बना दिया। वहीं 1956 की सी.आई.डी. में 'लेके पहला पहला प्यार' गीत में शमशाद बेगम की स्थिरता और आशा की चुलबुली अदाओं का अद्भुत संगम श्रोताओं के दिलों में बस गया। यही वह दौर था, जब आशा जी ने अपनी ऐसी गायिका की एक अलग पहचान गढ़ी, जिसकी आवाज में 'बोल्डनेस', 'वेस्टर्न वाइब' और अद्वितीय ऊर्जा का सम्मोहन था।

1970 का दशक हिंदी सिनेमा में संगीतात्मक प्रयोगों का स्वर्णिम काल था और इसी दौर में आशा भोंसले को मिला उनका सबसे सशक्त रचनात्मक साथी 'आर.डी. बर्मन', जिन्हें प्यार से 'पंचम' कहा जाता है। इस अद्वितीय जोड़ी ने न केवल गीतों को नया रूप दिया, बल्कि संगीत की परंपरागत सीमाओं को भी तोड़ डाला। 'पिया तू अब तो आजा' और 'दम मारो दम' जैसे गीतों ने आशा जी को 'कैबरे क्वीन' के रूप में स्थापित कर दिया। उनकी आवाज में जो मादकता, ऊर्जा और आधुनिकता थी, उसने भारतीय संगीत में पश्चिमी प्रभाव को एक नया आयाम दिया। हालांकि 'दम मारो दम' को लेकर उस समय काफी विवाद हुआ। इसे 'अश्लील' कहकर आलोचना झेलनी पड़ी, यहां तक कि ऑल इंडिया रेडियो ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया और दूरदर्शन ने फिल्म से इसे हटा दिया। फिर भी, आशा जी की आवाज ने इस गीत को अमर बना दिया। दिलचस्प यह है कि जहां एक ओर वे कैबरे और पॉप की पहचान बन रही थी, वहीं 'इजाजत' के 'मेरा कुछ सामान' में उन्होंने गहन भावनाओं की ऐसी अभिव्यक्ति दी, जो उनकी असाधारण बहुमुखी प्रतिभा को सिद्ध करती है।


1980 के दशक तक आशा भोंसले को प्रायः चुलबुले, चंचल और आधुनिक गीतों की आवाज के रूप में देखा जाने लगा था, लेकिन इसी धारणा को तोड़ते हुए संगीतकार खय्याम ने उन्हें फिल्म 'उमराव जान' (1981) के लिए चुना। यह एक ऐसा निर्णय था, जिसने इतिहास रच दिया। खय्याम साहब की शर्त भी उतनी ही असाधारण थी, 'आशा, मुझे इन गीतों में तुम्हारी जानी-पहचानी आवाज नहीं चाहिए।' उन्होंने उनसे अपनी आवाज का स्केल लगभग डेढ़ सुर नीचे लाकर गाने को कहा ताकि गजलों में नजाकत और गहराई उतर सके। परिणाम अद्भुत था। 'दिल चीज क्या है' और 'इन आंखों की मस्ती के' जैसे गीतों में आशा जी ने ऐसी संजीदगी, दर्द और अदब का संसार रचा कि हर श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठा। यह केवल गायन नहीं, बल्कि भावनाओं की सूक्ष्म अभिव्यक्ति थी। इसी फिल्म ने यह सिद्ध कर दिया कि उनकी प्रतिभा किसी एक शैली तक सीमित नहीं है और इसके लिए उन्हें अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

संगीत के साथ-साथ उन्हें पाक-कला में भी गहरी रुचि थी और वे एक उत्कृष्ट शेफ के रूप में जानी जाती थीं। उनकी इसी रुचि ने 'आशाज' नाम से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रेस्टोरेंट श्रृंखला को जन्म दिया, जो दुनिया के 10 से अधिक देशों में भारतीय स्वाद का परचम लहरा रही है। सम्मानों की दृष्टि से भी उनका सफर उतना ही गौरवशाली रहा। उन्हें वर्ष 2008 में पद्म विभूषण, 2000 में भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादासाहेब फाल्के पुरस्कार और 7 फिल्मफेयर पुरस्कारों से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त, सबसे अधिक गीत रिकॉर्ड करने वाली कलाकार के रूप में उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है, जो उनकी अथाह साधना और समर्पण का प्रमाण है। उनके करियर के विभिन्न पड़ाव भी उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाते हैं। आशा भोंसले अपनी मधुर मुस्कान और अमिट उपस्थिति के साथ हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेंगी। अलविदा, सुरों की अमर जादूगरनी!

---

# आर के नारायण के उपन्यास पर बनी कालजयी फिल्म 'गाइड'

फ्लैश बैक




नवकेतन बैनर के तले बनी देव आनंद की फिल्म 'गाइड' 6 दिसंबर 1965 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बने 61 साल हो गए हैं। इस फिल्म को भारतीय हिंदी सिनेमा के इतिहास में कल्ट क्लासिक होने का गौरव प्राप्त है। फिल्म में देव आनंद ने राजू नाम के गाइड की भूमिका निभाई थी, जो रोजी (वहिदा रहमान) के प्रति आकर्षित होता है और उसे डांसर बनने के लिए प्रेरित करता है। प्रेम, लालच, पतन और अंततः आत्मज्ञान को दर्शाती यह फिल्म भारतीय रिश्तो के बदलते उतार-चढ़ाव को दिखती है। फिल्म में किशोर साहू, लीला चिटनिस, अनवर हुसैन, गजानन जागीरदार, प्रेम सागर, कृष्ण धवन और उल्लास आदि ने भी विभिन्न भूमिकाएं निभाई हैं।

फिल्म राजू गाइड की कहानी है, जिसकी मुलाकात मार्को और उसकी पत्नी रोजी से होती है। मार्को द्वारा अपेक्षित होने पर राजू रोजी को सहारा देता है और रोजी को नृत्य के प्रति जुनून को पहचानकर उसे प्रसिद्ध नृत्यांगना बनाने में मदद करता है। दोनों के बीच प्यार हो जाता है और समय के साथ दोनों अमीर भी हो जाते हैं, लेकिन राजू के मन में लालच और असुरक्षा की भावना आ जाती है। वह रोजी के जाली दस्तखत कर अपराध करता है और जेल चला जाता है। जेल से छूटने के बाद एक मंदिर में शरण लेता है। गांव वाले उसे साधु समझ लेते हैं। जब गांव में सूखा पड़ता है, तो राजू गांव के लिए उपवास रखता है और अंत में अपने निःस्वार्थ त्याग के माध्यम से जीवन से मुक्ति पा जाता है।



दीपक नौगांई
लेखक, हल्द्वानी

यह फिल्म 'मालगुडी डेज' वाले लेखक आरके नारायण के उपन्यास 'गाइड' पर आधारित थी। आरके नारायण एक जाने-माने लेखक थे और उनकी एक किताब दुनियाभर में तारीफें बटोर रही थी। एक बार किसी ने देव साहब को यह किताब पढ़ने को दी। उन्हें इसकी कहानी अच्छी लगी और उन्होंने इस पर फिल्म बनाने का निर्णय लिया। हालांकि मूल उपन्यास और फिल्म की कहानी में कुछ अंतर भी है। फिल्म में राजू रोजी का प्यार पाने के लिए जतन करता है, लेकिन फिल्म में रोजी पहले से ही अपनी शादी से दुखी है। देव आनंद ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में इस फिल्म को बनाने का निर्णय लिया। देव आनंद ने फिल्म के निर्देशन का जिम्मा पहले अपने भाई चेतन आनंद को दिया था। चेतन वहीदा रहमान की जगह फिल्म में लीला नायडू को लेना चाहते थे, क्योंकि वह अच्छी डांसर थी, लेकिन देव साहब इसके लिए तैयार नहीं हुए। फिल्म के शूटिंग के दौरान भी देव आनंद और चेतन आनंद के बीच कुछ मतभेद उभर आए। नतीजन चेतन आनंद ने फिल्म ही छोड़ दी और वह अपनी फिल्म 'हकीकत' बनाने में जुट गए। उसके बाद फिल्म को निर्देशित करने की जिम्मेदारी देव आनंद ने अपने दूसरे भाई विजय आनंद (गोल्डी) को दी। फिल्म ने सफलता के नए प्रतिमान स्थापित किए। पहली बार गाइड में एंटी हीरो की भूमिका की झलक देव आनंद के चरित्र में दिखाई देती है।

फिल्म के गाने लिखने की भी अलग कहानी है। पहले गाने लिखने के लिए हसरत जयपुरी को साइन किया गया था, लेकिन उनके लिखे एक गाने की लाइन देव आनंद को पसंद नहीं आई। उसे बदलने को कहा गया परंतु हसरत ने ऐसा करने से इनकार कर दिया और फिल्म ही छोड़ दी। इसके बाद शैलेंद्र को फिल्म में लिया गया, जिन्होंने फिल्म के सारे गीत लिखे। देव आनंद और वहीदा रहमान पर फिल्माए गीत। 'आज फिर जीने की तमन्ना है' क्लासिक बन गया और सुपरहिट गीतों में शामिल हुआ। फिल्म में गीतों को लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार ,मन्ना डे और एसडी बर्मन ने अपनी आवाजें दी है। फिल्म गाइड बॉक्स ऑफिस का सुपरहिट रही और आज भी बहुत पसंद की जाती है। कई फिल्म फेयर पुरस्कार इस फिल्म को प्राप्त हुए, जिसमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, अभिनेत्री, निर्देशक, लेखक और छायाकार शामिल हैं।

## निफा ग्रुप 10 देशों में कारोबार का विस्तार करेगी

**कोलकाता।** कोलकाता की कंपनी निफा ग्रुप ने अपने कृषि उपकरण कारोबार के विस्तार के लिए 'वनहॉर्न' नाम से नया ब्रांड शुरू किया है। कंपनी भारत के 20 राज्यों के साथ अमेरिका सहित 10 देशों में कारोबार बढ़ाएगी। कंपनी के चेयरमैन महेश चंद्र शाह ने कहा कि कृषि क्षेत्र में मशीनों का उपयोग और उद्यमिता दोनों को बढ़ना जरूरी है।

अमृत विचार
हल्द्वानी, सोमवार, 20 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन–** तुलसी 2550, राज श्री 1960, फ़ॉर्चून कि. 2680, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2360, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2520, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2505
**किराना–** निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150
**चावल–(प्रति कु0)–** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती (1kg,5kg) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400
**दाल दलहन–**मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12700
**चीनी –** पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4260

### बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम–** सोना पक्के आभूषण 154200, सोना गिन्नी 150200, चांदी (पक्की) 2500 (अनुमानित)

### हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**
चावल : शरबती– 3400 मसूरी– 1500 बासमती– 7400–8600 परमल– 1000–3500
दाल दलहन– काला चना– 2200–3600 साबुत चना दाल– 1200 मूंग साबुत– 5000 राजमा– 7700–12200 दाल उड़द– 5200 साबुत मसूर दाल– 2200 मसूर दाल– 1600 उड़द साबुत– 10400 काबुली चना– 5000–10400 अरहर दाल– 10400 –12200 लोबिया/ करमानी– 1200–1600

# एलपीजी में 20% डीएमई मिलाने से हर साल बचेंगे 34,200 करोड़ रुपये

## रसोई गैस के आयात में आ सकती है प्रति वर्ष 63 लाख टन की कमी, बचेगी विदेशी मुद्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

कोयला गैसीकरण से उत्पादित 20 प्रतिशत डाइमिथाइल ईथर (डीएमई) को रसोई गैस (एलपीजी) के साथ मिलाने से एलपीजी आयात में सालाना लगभग 63 लाख टन की कमी आ सकती है। एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार इससे प्रति वर्ष लगभग 34,200 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत होगी।

कोयला गैसीकरण की प्रक्रिया में कोयले को सिनगैस में बदला जाता है, जिसे बाद में डीएमई में बदल दिया जाता है। डीएमई एक स्वच्छ जलने वाला ईंधन है, जो आयातित एलपीजी के स्वदेशी विकल्प के रूप में इस्तेमाल होता है। पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने के बाद से भारत को एलपीजी आपूर्ति में आने वाली बाधाओं के मद्देनजर यह रिपोर्ट काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ईवाई-पार्थेनन और घरेलू कोयला गैसीकरण कंपनी न्यू एरा क्लीनटेक सॉल्यूशन लिमिटेड की 'ऊर्जा और रासायनिक सुरक्षा के लिए कोयला गैसीकरण' शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार,कोयला गैसीकरण से उत्पादित डीएमई, एलपीजी आयात को आंशिक रूप से प्रतिस्थापित कर सकता है।



● न्यू एरा क्लीनटेक सॉल्यूशन ने जारी की 'ऊर्जा और रासायनिक सुरक्षा के लिए कोयला गैसीकरण' पर रिपोर्ट

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि 20 प्रतिशत मिश्रण से सालाना लगभग 63 लाख टन एलपीजी आयात कम हो सकता है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) पहले ही भारत में 20 प्रतिशत तक डीएमई-एलपीजी मिश्रण की अनुमति देने वाले मानकों को अधिसूचित कर चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक, डीएमई स्वच्छ ईंधन के एक विकल्प के रूप में उभर रहा है।

अभी भारत में पायलट स्तर पर ही डीएमई उत्पादन किया जा रहा है। न्यू एरा क्लीनटेक के प्रबंध निदेशक बालासाहेब दराडे ने कहा कि निवेश को आकर्षित करने और घरेलू डीएमई उत्पादन बढ़ाने के लिए एक स्पष्ट मिश्रण नीति महत्वपूर्ण होगी।

### मार्च में 13 प्रतिशत घटी एलपीजी की खपत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी आपूर्ति दिक्कतों की वजह से भारत में एलपीजी की खपत में मार्च में 13 प्रतिशत की गिरावट आई है। इससे घरों की रसोई और वाणिज्यिक ग्राहकों दोनों के लिए उपलब्धता पर असर पड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। मार्च में एलपीजी की खपत 23 .79 लाख टन रही है, जो पिछले साल की इसी अवधि के आंकड़े 27 .29 लाख टन से 12 .8 प्रतिशत कम है। भारत अपनी एलपीजी जरूरत का 60 प्रतिशत आयात से पूरा करता है। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक, मार्च में घरेलू को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति 8 .1 प्रतिशत घटकर 22 .19 लाख टन रह गई, जबकि गैर–घरेलू उपयोगकर्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में 48 प्रतिशत की कमी आई।

### सिनगैस क्या है और कैसे बनती है

सिनगैस, जिसका पूरा नाम सिंथेसिस गैस है, एक उपयोगी गैस मिश्रण होता है जिसमें मुख्यत: कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) और हाइड्रोजन (H) शामिल होते हैं। यह ऊर्जा उत्पादन और रसायन बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। सिनगैस आमतौर पर कोयला, प्राकृतिक गैस, बायोमास (जैसे लकड़ी या कृषि अवशेष) या कचरे से बनाई जाती है। इसे बनाने की प्रक्रिया को गैसीकरण (Gasification) कहा जाता है। इस प्रक्रिया में इन पदार्थों को बहुत उच्च तापमान (700–1500C) पर सीमित ऑक्सीजन या भाप की उपस्थिति में गर्म किया जाता है। इससे ठोस या तरल ईंधन गैस में बदल जाता है और CO व H का मिश्रण बनता है। इस गैस का उपयोग बिजली बनाने, ईंधन (जैसे मेथनॉल, डीज़ल) तैयार करने और उर्वरक उद्योग में किया जाता है। इस तरह सिनगैस ऊर्जा और उद्योग के लिए एक बहुपयोगी संसाधन है।

## प. एशिया तनाव, तेल कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

नई दिल्ली, एजेंसी



इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करने में अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे प्रमुख भूमिका निभाएंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री गतिविधियां भी बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा कि अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर खास नजर बनी रहेगी, क्योंकि इसका सीधा असर कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा पर पड़ता है।

सबसे बड़े निजीबैंक एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को जनवरी- मार्च तिमाही के परिणामों की घोषणा की। एचडीएफसी बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 8.04 प्रतिशत बढ़कर 20,350.76 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, बैंक ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण छोटे कारोबारियों के लिए निकट भविष्य में जोखिम की चेतावनी भी दी।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि आने वाले सप्ताह में बड़ी संख्या में कंपनियों के तिमाही नतीजे बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 943.29 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़ा, और एनएसई का निफ्टी 302.95 अंक या 1.25 प्रतिशत चढ़ा। एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि निवेशकों का ध्यान अमेरिका-ईरान वार्ता की दिशा पर रहेगा। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार स्थिरता या और कमी शेयर बाजार के लिए सकारात्मक साबित हो सकती है।

## 1.87 लाख करोड़ रुपये बढ़ी शीर्ष 8 कंपनियों की पूंजी, एयरटेल को सबसे अधिक लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले सप्ताह छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों के बावजूद शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का कुल बाजार पूंजीकरण 1,87,497 .45 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें भारती एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही। पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स 943 .29 अंक या 1 .21 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 302 .95 अंक या 1 .25 प्रतिशत की तेजी हुई। शीर्ष 10 कंपनियों में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन सबसे अधिक 58,831 .52 करोड़ रुपये बढ़कर 11,25,125 .21 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 27,608 .62 करोड़ रुपये बढ़कर 5,32,691 .31 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपने बाजार मूल्यांकन में 20,731 .64 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका कुल मूल्यांकन 9,34,063 .56 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 20,231 .05 करोड़ रुपये बढ़कर 18,47,317 .84 करोड़ रुपये और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का मूल्यांकन 18,577 .91 करोड़ रुपये बढ़कर 5,63,314 .50 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 16,163 .04 करोड़ रुपये घटकर 12,31,315 .53 करोड़ रुपये रह गया। बजाज फाइनेंस के मूल्यांकन में भी 9,769 .3 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 5,65,437 .17 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही, जिसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस और एलआईसी का स्थान रहा।

### प्रगति के लिए नवोन्मेषण और शिक्षा जरूरी : सैमसंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग का मानना है कि भारत में नवोन्मेषण और शिक्षा प्रगति को सक्षम बनाने के साथ–साथ समावेशन के लिए उत्प्रेरक का काम करते हैं। कंपनी के दक्षिण–पश्चिम एशिया के कॉरपोरेट उपाध्यक्ष एस पी चुन ने यह बात कही है। कंपनी ने वर्ष 2025–26 के लिए अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत फंड को बढ़ाकर 193 .89 करोड़ रुपये कर दिया है, जो 2024–25 में 144 .48 करोड़ रुपये थी। सैमसंग इंडिया के ''सिटीजनशिप'' कार्यक्रम से अब तक 15 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं। चुन ने बयान में कहा कि भारत में तीन दशक पूरे होने के साथ हम नवोन्मेषण और शिक्षा को प्रगति और समावेशन के लिए उत्प्रेरक मानते हैं। कहा कि हम युवा नवोन्मेषकों की ऐसी पीढ़ी तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनमें कौशल, रचनात्मकता और सहयोग की भावना हो, ताकि वे जटिल सामाजिक चुनौतियों का समाधान कर सकें।

## भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर वार्ता आज से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर तीन दिन की वार्ता के लिए भारत के लगभग एक दर्जन अधिकारी 20 अप्रैल को वाशिंगटन पहुंचेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि चूंकि अमेरिका में शुल्क ढांचा बदल गया है, इसलिए दोनों पक्ष उस समझौते पर फिर से विचार कर सकते हैं, जिसका मसौदा सात फरवरी को जारी किया गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों पर लगाए गए व्यापक शुल्क के खिलाफ अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। अधिकारी ने कहा कि बैठक 20-22 अप्रैल तक वाशिंगटन डीसी में होगी। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। सीमा शुल्क और विदेश मंत्रालय के अधिकारी भी भारतीय दल का हिस्सा हैं। इसके अलावा, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि द्वारा शुरू की गई जांच पर चर्चा हो सकती है।

## लोन गारंटर बनने के बड़े खतरे ...

निवेश की पाठशाला

कारोबार डेस्क

किसी लोन का गारंटर बनना सिर्फ गवाही नहीं, बल्कि कानूनी जिम्मेदारी है यानी कानूनी तौर पर कर्ज आपके सिर पर आ जाता है। यदि कर्जदार चूक जाता है, तो बैंक लोन की वसूली आपसे करेगा। आपकी जमा पूंजी या संपत्ति भी जोखिम में हैं। किस्त चुकने में छोटी देर भी आपके क्रेडिट स्कोर को नुकसान पहुंचा सकती है और भविष्य में स्वयं को लोन मिलना कठिन हो सकता है। आइए समझते हैं गारंटर बनने के बाद आपके सामने क्या चुनौतियां आ सकती हैं–



### लाभ किसी का, जिम्मेदारी आपकी

● किसी व्यक्ति के लोन यानी कर्ज का गारंटर बनने का सीधा अर्थ है कि यदि कर्ज लेने वाला व्यक्ति ऋण चुकाने में किसी कारण विफल रहता है तो उस पूरे कजर् की वसूली बैंक आपसे करने के लिए अधिकृत है। बैंक को इससे कोई सरोकार नहीं कि लोन का पैसा आपने इस्तेमाल किया है या नहीं। यदि कर्जदार भाग गया या मुकर गया, तो बैंक आपका दरवाज खटखटाएगा। आपका वेतन, पेंशन, जमा पूंजी और यहां तक कि अचल संपत्ति भी इस वसूली की चपेट में आ सकती है।

**ध्यान दें**

● **बहुत क्रेडिट स्कोर पर प्रहार :** अधिकांश लोग यह नहीं जानते कि यदि मुख्य कर्जदार किस्त चुकाने में एक दिन की भी देरी करता है, तो उसका बुरा असर आपके क्रेडिट प्रोफाइल पर भी पड़ता है।

● **भविष्य के रास्ते बंद :** यदि कभी आपको स्वयं किसी काम के लिए धन की आवश्यकता पड़ी, तो बैंक आपको ऋण देने से मना कर सकता है, क्योंकि आप पहले ही किसी और के द्वारा लिए गये कर्ज के लिए उत्तरदायी हैं।

● **साख में गिरावट :** कर्जदार की एक चूक आपके वर्षों से बनाए गए वित्तीय सम्मान को मिट्टी में मिला सकती है।

● **कानूनी पचड़े और मानसिक तनाव :** हम सबको जीवन में शांति और अच्छे स्वास्थ्य की जरूरत होती है। लेकिन जब कोई लोन डिफाल्ट होता है तो अदालती नोटिस और वसूली एजेंटों के चक्कर आपको मानसिक रूप से तोड़ सकते हैं।

### कानूनी कार्रवाई और रिश्ते

● **कानूनी कार्रवाई :** कर्ज देने वाला बैंक कर्जदार के साथ आपके विरुद्ध भी मुकदमा चला सकता है।

● **रिश्तों में खटास :** रिश्तों के बीच जब पैसे का लेनदेन आ जाता है तो रिश्ते बिगड़ने का अंदेशा रहता है। अगर मामला कर्ज का हो तो जिस अपने की मदद के लिए आप गारंटर बने थे, वही व्यक्ति आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन सकता है।

### इमरजेंसी फंड पर संकट

● हम सभी अपने कठिन समय, बीमारियों और आकस्मिक खर्चे के लिए एक इमरजेंसी फंड बनाकर रखते हैं। लेकिन यदि पूंजी का बड़ा हिस्सा किसी और का कर्ज चुकाने में चला गया, तो आप अपने उपचार और अन्य किसी आपात स्थिति के लिए दूसरों पर निर्भर हो सकते हैं।

### काम की बात

● नियम–शर्तों को समझकर ही गारंटर बनें। बल्कि गारंटर बनने के बजाय कर्जदार को बीमा कराने की सलाह दें, ताकि उसकी अनुपस्थिति में बीमा कंपनी कर्ज का बोझ उठाए।

● मदद करना धर्म है, लेकिन यदि आपका मन गवाही नहीं दे रहा, तो विनम्रता से 'ना' कहें।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# घुसपैठियों के लिए उन्हीं की सरकार बनाना चाहती हैं ममता बनर्जी : मोदी

झाड़ग्राम (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को राज्य की पहचान बचाने की लड़ाई बताया। उन्होंने राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर ऐसी राजनीति करने का रविवार को आरोप लगाया जो मूल निवासियों के बजाय 'घुसपैठियों' का समर्थन करती है। मोदी ने आदिवासी बहुल झाड़ग्राम जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों के लिए, घुसपैठियों की सरकार' बनाना चाहती है। उन्होंने मतदाताओं से इसे सत्ता से हटाने को एकजुट होने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव इस भूमि की समृद्ध विरासत को बचाने के लिए है... यह बंगाल की पहचान को बचाने के लिए है। आज बंगाल को अपनी पहचान खोने का डर है। आरोप लगाया कि तृणमूल जिस रास्ते पर चल रही है वह बहुत खतरनाक है। तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों की सरकार'बनाना चाहती है। एक ऐसी सरकार जो बंगाल की जनता के धर्म, भाषा और रीति-रिवाजों के बजाय केवल घुसपैठियों के धर्म, भाषा और रीति-रिवाजों की रक्षा करेगी। मोदी ने दावा किया कि ऐसी सरकार के लिए सबसे बड़ी बाधा पश्चिम बंगाल के आम लोग होंगे। उस सरकार के लिए, अगर कोई शत्रु है, तो वे यहीं बैठे भाई-बहन होंगे, जो घुसपैठियों के शत्रु होंगे।



पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम में जनसभा में अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

● **कहा- बंगाल की पहचान बचाने की लड़ाई है यह विस चुनाव**

### मंदिर के ऊपर 'दीपम' जलाया जाएगा: राजनाथ सिंह



**चेन्नई, एजेंसी।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर अवैध रेत खनन और गिरती कानून–व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनते ही तिरुपरनकुंद्रम मंदिर के ऊपर दीपम जलाया जाएगा। तेनकासी जिले के वासुदेवनल्लूर (आरक्षित) और राधापुरम निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपाउम्मीदवारों अनंतन अय्यानाथन और बालकृष्णन के समर्थन में रोड शो करते हुए श्री सिंह ने कहा कि अदालत के आदेशों के अनुसार वहां दीपम निश्चित रूप से जलाया जाएगा। गौरतलब है कि मद्रास उच्च न्यायालय ने तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित पत्थर के खंभे (दीपथून) पर कार्तिकेय दीपम जलाने की अनुमति दी थी।

## ममता ने कांग्रेस के साथ साजिश रचकर महिलाओं से किया विश्वासघात : नबीन

**बलूरघाट (प. बंगाल), एजेंसी।** भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के आरक्षण के कार्यान्वयन में आई बाधा के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस जैसी विपक्षी पार्टियों को जिम्मेदार ठहराया। बलूरघाट में भाजपा उम्मीदवार बिद्युत रॉय के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए नबीन ने कहा कि बंगाल से घुसपैठियों को बाहर निकालने, जनसांख्यिकीय परिवर्तन को रोकने और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से हटाना आवश्यक हो गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि महिला होने के बावजूद, ममता बनर्जी ने कांग्रेस जैसी पार्टियों के साथ मिलकर बंगाल की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया ताकि लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक पारित न हो सके। भाजपा अध्यक्ष ने राज्य की महिला मतदाताओं से तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाने का आह्वान करते हुए दावा किया कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है।

### विस चुनाव : निर्वाचन आयोग ने की 11 हजार गैर कानूनी सोशल मीडिया पोस्ट के खिलाफ कार्रवाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि उसने पांच विधानसभा चुनाव के लिए जारी प्रक्रिया से संबंधित करीब 11,000 'गैरकानूनी' सोशल मीडिया पोस्ट और अन्य सामग्री के खिलाफ कार्रवाई की है। असम, केरल और पुडुचेरी विधानसभा के लिए पहले ही मतदान हो चुका है जबकि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव इस महीने के अंत में चुनाव होंगे। निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देश में कहा है कि सोशल मीडिया पर कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा सृजित या हेरफेर की गई किसी भी भ्रामक या गैरकानूनी सामग्री की जानकारी मिलते ही तीन घंटे के भीतर कार्रवाई की जानी चाहिए। राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और अभियान प्रतिनिधियों को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि प्रचार के लिए उपयोग की जाने वाली किसी भी कृत्रिम रूप से निर्मित या एआई–जनित सामग्री को स्पष्ट रूप से एआई–जनित, 'डिजिटल रूप से उन्नयन किया गया' या 'कृत्रिम सामग्री' के रूप में लेबल किया जाए, साथ ही मूल संस्था का खुलासा भी किया जाए, ताकि पारदर्शिता और मतदाताओं का विश्वास बना रहे।

## राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रहे प्रधानमंत्री : ममता

तारकेश्वर(प.बंगाल), एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी ने हुगली जिले के तारकेश्वर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक के संबंध में राष्ट्र को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए अवैध तरीके से प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री पर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने (भाजपा ने) कल सरकारी तंत्र का दुरुपयोग राजनीतिक प्रचार के लिए किया।

हम इसकी निंदा करते हैं और निर्वाचन आयोग में शिकायत कराएंगे। वर्ष 2029 से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने संबंधी विधेयक के संसद के निचले सदन में पारित नहीं होने के बाद प्रधानमंत्री ने शनिवार को राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को चेतावनी दी कि भारत की महिलाएं उन्हें भ्रूण हत्या के पाप के लिए कड़ी सजा देंगी। बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री को जनता को जवाब देना होगा कि आप अपनी पार्टी के लिए अवैध प्रचार कर रहे हैं।



पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

## टीवीके ने एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार को दिया समर्थन

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय ने अपनी पार्टी तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) के उम्मीदवार एम. अरुण कुमार का एडापडी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन रद्द होने के बाद ऐलान करते हुए कहा कि उनकी पार्टी इस सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के. प्रेमकुमार का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि मैं एडापडी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। प्रेमकुमार बतौर एक निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। हममें से ही एक हैं और पहले हमारे फैन क्लब में काम कर चुके हैं। श्री विजय ने मतदाताओं से अपील की कि वे इस विधानसभा क्षेत्र में श्री प्रेमकुमार को उनकी पार्टी टीवीके के उम्मीदवार के तौर पर ही देखें।

### निर्वाचन आयोग ने जोड़े सात लाख नए मतदाता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में लगभग सात लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग ने हालांकि नए जोड़े वोटरों आयु या अन्य जानकारी साझा नहीं की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इन नए मतदाताओं में से लगभग 3 .22 लाख मतदाता पहले चरण में वोट करेंगे, जबकि शेष लगभग 3 .88 लाख वोटर दूसरे चरण में मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### संडाकन के कम्पुंग बहागिया में भीषण आग 8,000 लोग विस्थापित

**संडाकन/कुआलालंपुर।** मलेशिया के संडाकन स्थित कम्पुंग बहागिया इलाके में रविवार तड़के हुई दुर्घटना के कारण भीषण आग लग गई जिससे 200 घर जलकर नष्ट हो गए और लगभग 8,000 लोग विस्थापित हो गए। गांव प्रमुख शरीफ हाशिम शरीफ इतिंग ने बताया कि आग करीब 1:30 बजे ब्रिज ए स्थित एक घर में लगी, जब खाना बनाते समय गैस चूल्हे की आग भड़क उठी। दमकल के पहुंचने से पहले आसपास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैल गई। उन्होंने बताया कि घनी आबादी, पास-पास बने लकड़ी के मकानों कारण हालात और बिगड़ गए।

### इजराइल को कोई पसंद करे न करे, वह हमारा सहयोगी: ट्रंप

**मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल ने खुद को अमेरिका का एक महान सहयोगी साबित किया है। ट्रंप ने ट्रुथसोशल पर कहा, चाहे लोग इजराइल को पसंद करें या न करें, उसने अमेरिका का एक महान सहयोगी साबित किया है। उन्होंने कहा कि इजराइल जीतना जानता है, ऐसे कुछ लोगों के विपरीत जिन्होंने संघर्ष और तनाव के दौरान असली रंग दिखाया है। ट्रंप ने यह टिप्पणी उस बयान के बाद की है जिसमें उन्होंने इजराइल पर लेबनान पर बमबारी पर रोक लगाई थी।

### मोटर साइकिल के तारबंदी से टकराने से दो युवकों की मौत

**जैसलमेर।** राजस्थान में जैसलमेर के झिंझिनयाली थाना क्षेत्र में शनिवार शाम सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। थाना प्रभारी सुमेर सिंह ने रविवार को बताया कि बाड़मेर जिले के रामसर थाना क्षेत्र के रेडाणा निवासी चंदा राम मेघवाल और कंवराराम मेघवाल काम के सिलसिले में मोटर साइकिल से जैसलमेर जिले के झिंझिनयाली आये थे। शनिवार शाम दोनों अपने गांव रेडाणा लौट रहे थे। निंबली फाटा के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक अचानक बेकाबू होकर ट्यूबवेल की तारबंदी में जा घुसी।

### बैसाखी उत्सव के बाद पाकिस्तान से सिख तीर्थयात्री भारत लौटे

**लाहौर।** पाकिस्तान में 10 दिवसीय बैसाखी उत्सव और 327वें खालसा जन्मदिन समारोह में भाग लेने के बाद 2,200 भारतीय सिख श्रद्धालु भारत लौट गए। वैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड के प्रवक्ता गुलाम मोहिउद्दीन ने कहा कि पाकिस्तान के पंजाब में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री सरदार रमेश सिंह अरोड़ा और ईटीपीबी के अध्यक्ष ने वाघा बॉर्डर पर सिख तीर्थयात्रियों को विदाई दी। बैसाखी उत्सव में भाग लेने के लिए 10 अप्रैल को लगभग 2,238 भारतीय सिख तीर्थयात्री पाकिस्तान पहुंचे थे।

# वार्ता से पहले ईरान के कड़े तेवर, कहा- किसी हाल में नहीं सौंपेंगे अपना संवर्धित यूरेनियम

## ट्रंप प्रशासन पर लगाया अतिवादी मांगें थोपने का आरोप, कहा- अब सीधी वार्ता में भी दिलचस्पी नहीं

अंताल्या (तुर्किये), एजेंसी

पश्चिम एशिया में शांति के लिए दूसरे दौर की वार्ता शुरू होने से पहले ईरान ने अमेरिका के खिलाफ तीखी टिप्पणियां करते हुए साफ कर दिया है कि वह किसी भी हालत में नहीं झुकेगा। ईरान के उप विदेशमंत्री सईद खतीबजादेह ने रविवार को यहां तक कहा कि ईरान फिलहाल अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ सीधी बातचीत का एक नया दौर शुरू करने का इच्छुक नहीं है क्योंकि प्रमुख मुद्दों पर वाशिंगटन अपनी अतिवादी मांगों को छोड़ने से इन्कार कर रहा है। खतीबजादेह ने ट्रंप के दावों को खारिज करते हुए यह भी साफ किया है कि ईरान किसी हालत में अपना संवर्धित यूरेनियम अमेरिका को नहीं सौंपेगा।

तुर्किये में एक राजनयिक मंच के कार्यक्रम में पहुंचे ईरानी उप विदेशमंत्री ने कहा, किसी भी हालत में संवर्धित यूरेनियम अमेरिका नहीं भेजा जाएगा। यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। ट्रंप ने शुक्रवार को दावा किया था कि अमेरिका ईरान में घुसकर सारी परमाणु सामग्री हासिल कर लेगा। उनका इशारा पिछले साल अमेरिकी सैन्य हमलों से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए परमाणु केंद्रों में दबे 440 किलोग्राम संवर्धित यूरेनियम की ओर था। खतीबजादेह ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच संदेशों का कई बार आदान-प्रदान हुआ है। लेकिन अमेरिका उन मांगों पर अड़ा हुआ है जिन्हें ईरान अतिवादी मानता है।

उन्होंने कहा कि ईरान आमने-सामने की बैठक से पहले एक समझौते ढांचे को अंतिम रूप देना चाहता है। खतीबजादेह से जब पूछा गया कि क्या ईरान युद्धविराम के बावजूद लेबनान पर इजराइल द्वारा नए सिरे से किए गए हमलों का जवाब देगा तो उन्होंने कहा, ईरान के पास हमलावरों को हमेशा के लिए रोकने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत के तहत होर्मुज के लिए एक नई नियमावली' लागू की जाएगी और यह सभी असैन्य जहाजों के आवागमन के लिए खुला और सुरक्षित रहेगा।



### गालिबफ का एलान- ईरानी सेना युद्ध के लिए तैयार

**मॉस्को।** ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ ने कहा कि वाशिंगटन और तेहरान के बीच जारी बातचीत के बावजूद ईरान के सशस्त्र बल पूरी तरह युद्ध के लिए तैयार हैं। गालिबफ ने कहा, हमें दुश्मन पर भरोसा नहीं है। अभी भी जब हम यहां बैठे हैं, युद्ध छिड़ सकता है। सशस्त्र बल जमीन पर पूरी तरह तैयार हैं। संसद अध्यक्ष ने इस बात से इन्कार किया कि बातचीत के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति लापरवाही हो सकती है।

### अमेरिका की हैसियत क्या है जो परमाणु कार्यक्रम के वैध अधिकार से वंचित कर सके: पेजेश्कियान



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वह ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम के अविभाज्य अधिकार को छीनने की स्थिति में नहीं हैं। पेजेश्कियान ने एक बयान में कहा कि अमेरिका यह कहता है कि ईरान अपने परमाणु अधिकारों का उपयोग न करे, लेकिन यह नहीं बताता कि किस अपराध के लिए। आखिर दुनिया में उसकी क्या हैसियत है कि वह किसी राष्ट्र को उसके वैधानिक अधिकारों से वंचित कर सके। पेजेश्कियान ने मानवाधिकार संगठनों और संयुक्त राष्ट्र की भी आलोचना की। आरोप लगाया कि वे अमेरिका और इजराइल के हमलों पर चुप हैं, जिनमें वैज्ञानिकों की हत्या की गई और नागरिक क्षेत्रों तथा रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया। पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान ने कभी युद्ध की शुरुआत नहीं की है। हम शांतिप्रिय हैं और जो कर रहे हैं वह वैध आत्मरक्षा है। उन्होंने ईरान के सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि ईरान ने व्यापक समर्थन प्राप्त महाशक्तियों के खिलाफ भी मजबूती से खड़े होने की क्षमता दिखाई।

### यूरोपीय संघ को भी ईरान की झिड़की..

### ईरानियों पर अत्याचार की अनदेखी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का वास्ता न दें

**मॉस्को।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन की स्थिति को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन की यूरोपीय संघ की अपील को खारिज करते हुए इसे चरम पाखंड बताया। बगाई यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास की उस पोस्ट पर टिप्पणी कर रहे थे, जिसमें उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का हवाला देते हुए ईरान से होर्मुज से जहाजों के बिना शुल्क और टोल मुक्त आवागमन सुनिश्चित करने का आह्वान किया था। बगाई इसके जवाब में एक्स पर कहा, अरे, वो अंतर्राष्ट्रीय कानून ! वही कानून जिसका हवाला देकर यूरोपीय संघ दूसरों को उपदेश देता है जबकि चुपचाप अमेरिका-इजराइल के आक्रामक युद्ध को हरी झंडी देता है और ईरानियों पर हो रहे अत्याचारों को अनदेखा करता है! उपदेश देना बंद करो। यूरोप की अपने उपदेशों पर अमल न करने की आदत ने उसके अंतर्राष्ट्रीय कानून के वादों को पाखंड की पराकाष्ठा में बदल दिया है।

### ट्रंप को क्यूबा का भी दोटूक जवाब- हम जंग से नहीं डरते

**हवाना।** क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज कानेल ने कहा है कि अगर अमेरिका ने उनके देश के खिलाफ कोई अवैध आक्रामक कदम उठाया तो क्यूबा अपनी रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि क्यूबा ऐसा मुल्क नहीं है जो जंग चाहता है या उसे बढ़ावा देता है, लेकिन अगर अपनी जमीन की रक्षा के लिए युद्ध लड़ना पड़ा तो वह इससे डरता भी नहीं। उन्होंने कहा, जब से अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकियां बढ़ी हैं, तबसे क्यूबा सरकार ने राष्ट्रीय रक्षा को शीर्ष प्राथमिकता बना लिया है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य घटनाक्रमों के संदर्भ में कहा था कि वहां काम खत्म करने के बाद हम क्यूबा का रुख कर सकते हैं। क्यूबा पिछले छह दशकों से अधिक समय से अमानवीय अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना कर रहा है, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक सिद्धांतों का घोर उल्लंघन माना जाता है।

# पाकिस्तान के आतंकी चेहरे से मुखौटा हटाएगा भारत

वाशिंगटन, एजेंसी

- कैपिटल हिल में प्रदर्शनी आयोजित कर दुनिया में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को करेगा उजागर

अमेरिका में भारतीय दूतावास पहलगाम में आतंकवादी हमले का एक वर्ष पूरा होने पर मंगलवार को अमेरिकी संसद परिसर कैपिटल हिल में एक प्रदर्शनी आयोजित करेगा जिसमें पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को उजागर किया जाएगा। द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म (आतंकवाद की मानवीय कीमत) नाम की इस प्रदर्शनी का उद्घाटन अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा करेंगे।

यह प्रदर्शनी ऐसे समय में आयोजित की जा रही है जब पाकिस्तान 28 फरवरी को शुरू हुए अमेरिका-ईरान युद्ध में खुद को शांति स्थापित कराने वाले देश के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को पाकिस्तान स्थित संगठनों से जुड़े आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में पर्यटकों पर गोलीबारी की थी जिसमें 25 भारतीयों और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई थी। इस हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। भारत ने पिछले साल जुलाई में भी संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में इसी तरह की एक प्रदर्शनी आयोजित की थी। उस समय पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाली थी।

कैपिटल हिल में आयोजित की जाने वाली डिजिटल प्रदर्शनी में दुनिया भर में हुए भीषण आतंकवादी हमलों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिनमें 1993 में मुंबई में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोट, 2008 में मुंबई आतंकवादी हमले और पहलगाम आतंकवादी हमले को भी दिखाया जाएगा। इसमें प्रत्येक हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी संगठनों के नाम भी प्रदर्शित किए जाएंगे, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा जैसे पाकिस्तान स्थित कई संगठन एवं आतंकवादी शामिल हैं।

## यूपीए सरकार में मंत्री रहे दिनेश त्रिवेदी बन सकते हैं बांग्लादेश में भारत के नए उच्चायुक्त

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के अनुभवी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी बांग्लादेश में भारत के अगले उच्चायुक्त बनाए जा सकते हैं।

बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त रहे प्रणय वर्मा को बेल्जियम और यूरोपीय संघ के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। माना जा रहा है कि बांग्लादेश में नई सरकार बनने के बाद द्विपक्षीय संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए भारत ढाका में राजनयिक पद पर किसी राजनीतिक हस्ती को नियुक्त करने पर विचार कर रहा है। 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में खटास आ गई थी।

# इटली में गुरुद्वारे से निकल रहे दो भारतीयों की गोली मारकर हत्या

रोम, एजेंसी

इटली में बर्गामो प्रांत के कोवो में दो भारतीयों की उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी गई जब वे एक गुरुद्वारे से बाहर निकल रहे थे। यह गुरुद्वारा एक गोदाम में था जिसका इस्तेमाल पूजा स्थल के रूप में किया जा रहा था।

खबरों के मुताबिक, यह हमला शुक्रवार को मध्यरात्रि से कुछ देर पहले शहर के औद्योगिक क्षेत्र में गुरुद्वारा माता साहिब कौर जी के सामने स्थित चौक में हुआ। मृतकों की पहचान कोवो निवासी 48 वर्षीय रागिंदर सिंह और एग्नाडेलो निवासी 48 वर्षीय गुरमीत सिंह के रूप में हुई है। खबर के अनुसार, हमलावर इन लोगों के पास पहुंचा, उसने गोलियां चलाईं और फिर कार में बैठकर फरार हो गया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, अचानक झड़प के बाद हत्या किए जाने की संभावना को खारिज किया गया है।

- ताबड़तोड़ गोलियां चलाने के बाद अपनी कार में बैठकर फरार हुआ हमलावर



घटनास्थल पर जांच करती कोवो शहर की पुलिस।

घटनास्थल से लगभग 10 कारतूस बरामद किए गए हैं और अधिकारी सुनियोजित हत्या की संभावना को ध्यान में रखकर जांच कर रहे हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि गोली चलाने वाला भी एक भारतीय था जो अक्सर गुरुद्वारे में आता-जाता था।

# उ. कोरिया ने समुद्र की ओर कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के भारत रवाना होने से ऐन पहले किया प्रक्षेपण

सियोल, एजेंसी

उत्तर कोरिया ने रविवार को समुद्र की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ये प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के भारत और वियतनाम की यात्रा के लिए रवाना होने से कुछ घंटे पहले किए गए। उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षणों पर जापान और दक्षिण कोरिया ने कड़ी आपत्ति जताई है। दक्षिण कोरिया ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक में भी इन परीक्षणों पर चिंता जताई है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के मुताबिक उत्तर कोरिया के सिनपो क्षेत्र से दागी गईं ये मिसाइलें देश के पूर्वी समुद्री क्षेत्र की दिशा में करीब 140 किलोमीटर (87 मील) तक गईं। जेसीएस ने कहा कि उत्तर कोरिया की उकसाने वाली हर प्रकार की कार्रवाई का जवाब देने के लिए दक्षिण कोरिया तैयार है और वह अमेरिका एवं जापान के साथ सूचनाओं का लगातार आदान-प्रदान कर रहा है। अमेरिका के हिंद प्रशांत कमान ने कहा कि वह अपनी एवं अपने सहयोगियों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जापान ने कहा कि उसने इन प्रक्षेपणों को लेकर उत्तर कोरिया के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये प्रक्षेपण क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा हैं तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उन प्रस्तावों का उल्लंघन करते हैं जिनके तहत उत्तर कोरिया की किसी भी बैलिस्टिक गतिविधि पर रोक है।



जयशंकर ने किया ली जे का स्वागत।

### परमाणु हथियार बनाने में उत्तर कोरिया बेहद तेज

ये मिसाइल ऐसे समय में दागी गई हैं जब कुछ दिन पहले ही संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने परमाणु हथियार बनाने के उत्तर कोरिया के प्रयासों में बेहद गंभीर प्रगति होने की चेतावनी दी थी। एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा था कि उत्तर कोरिया के परमाणु केंद्रों में गतिविधियों में तेज बढ़ोतरी हो रही है। उत्तर कोरिया की गतिविधियां उसके परमाणु हथियार उत्पादन की क्षमता में बहुत गंभीर वृद्धि की ओर संकेत करती हैं।

## अमेरिका में गोलीबारी में आठ बच्चों की मौत

**श्रेवेपोर्ट।** अमेरिका के लुइसियाना में रविवार को घरेलू झगड़े में गोलीबारी में आठ बच्चों की मौत हो गई। मृतकों की उम्र एक से चौदह वर्ष के बीच है। श्रेवेपोर्ट पुलिस प्रमुख वेन स्मिथ के अनुसार, गोलीबारी की घटना रविवार सुबह लगभग छह बजे हुई। उन्होंने बताया कि कुल 10 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि वे तीन स्थानों पर हुई इन घटनाओं के बारे में और जानकारी जुटा रहे हैं। स्मिथ ने कहा कि संदिग्ध हमलावर को पुलिस ने पीछा कर मार गिराया।

## श्रीनगर में दो अमेरिकी नागरिक हिरासत में

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नियमित जांच के दौरान सामान से सैटेलाइट फोन बरामद होने के बाद दो अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इस संबंध में अभी विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी है।

## एआई उपकरण के जरिए मरीजों के स्वास्थ्य की 24 घंटे निगरानी करेंगे डॉक्टर

**नई दिल्ली/चेन्नई।** दक्षिण भारत में स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से चिकित्सकों की अगुवाई वाला एआई आधारित एक मंच रविवार को चेन्नई में शुरू किया गया जिसकी मदद से अस्पताल के बाहर भी मरीजों के स्वास्थ्य पर चौबीसों घंटे नजर रखी जा सकेगी।

- कलाई में पहने जाना वाला उपकरण किसी आपात स्थिति की तुरंत देगा जानकारी

इस पहल का उद्देश्य दीर्घकालिक बीमारियों से ग्रस्त मरीजों के स्वास्थ्य पर नजर रखना है ताकि उनकी स्थिति गंभीर होने से पहले ही कदम उठाए जा सके और हृदयाघात के खतरे को कम किया जा सके। ई-लिव कनेक्ट एआई सक्षम ऐसा तंत्र है जिसके केंद्र में एक छोटा वायरलेस बायोसेंसर पैच है जिसे कलाई पर पहने जाने वाले बैंड के साथ जोड़ा गया है। यह हृदय गतिविधि और रक्तचाप जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मापदंडों पर नजर रखता है। इस प्रणाली के तहत अनुभवी चिकित्सक स्वास्थ्य मापदंडों पर चौबीसों घंटे एक दूरस्थ कमान केंद्र के जरिए नजर रख सकते हैं। यह केंद्र किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति का पता चलने पर मरीजों एवं उनके परिवारों को सतर्क करता है। इस प्रणाली के उद्घाटन समारोह में करीब 40 चिकित्सकों ने भाग लिया।

# राजनीति में दिखावा जरूरी, इसलिए कभी-कभी हमें शर्मिंदगी भरे काम भी करने पड़ते हैं: ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में टिप पर कोई टैक्स नहीं नीति के एक साल पूरे होने पर ओवल ऑफिस में बर्गर मंगवाने को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारी आलोचना हो रही है और इसे प्रचार का घटिया तरीका बताया जा रहा है। ट्रंप को इसके लिए सफाई देने पर भी मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने लास वेगास की एक रैली में कहा कि यह वाकई शर्मिंदगी भरा है लेकिन राजनीति में यह करना पड़ता है और इसका फायदा भी होता है।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब ऑनलाइन डिलिवरी सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी डोरडैश की ओर से शैरोन सिमंस नाम की महिला ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ओवल ऑफिस में बर्गर और फ्राइज के दो बैग पहुंचाए जिसके बाद व्हाइट हाउस ने टिप्पणी जारी की कि 'टिप पर कोई टैक्स नहीं' नीति के कारण सिमंस ने 11,000 अमेरिकी डॉलर की बचत की थी। इस राजनीतिक पैंतरे की आलोचना होने के बाद ट्रंप ने माना कि प्रचार का यह कदम थोड़ा अजीब था। उन्होंने 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रचार अभियान के समय की उस घटना का भी जिक्र किया जब उन्होंने बर्गर की आपूर्ति करने वाली कंपनी में फ्राइज परोसे थे और एक सुरक्षा जैकेट पहनकर अभियान के लोगो वाले कचरा ट्रक में चढ़ गए थे। उन्होंने कूड़ा ढोने वाले ट्रक की घटना का उदाहरण देते हुए कहा, प्रचार टीम अजीबो-गरीब विचार लेकर आती है।



- टिप पर कोई टैक्स नहीं नीति की बरसी पर ओवल ऑफिस में बर्गर मंगाने पर उठे सवालों का दिया जवाब

### डिलीवरी के लिए नौकरी छोड़ चुकी चर्चित महिला को बुलाया

डोर डैश को ओवल ऑफिस में बर्गर पहुंचाने वाली घटना को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। दरअसल कुछ लोगों का कहना था कि सिमंस ने पिछले साल जुलाई में कांग्रेस के समक्ष टिप पर टैक्स नहीं नीति के समर्थन में गवाही दी थी। उस समय उन्होंने खुद को नेवादा की निवासी बताया था। बाद में वह अरकंसास चली गईं और ऐसा प्रतीत होता है कि वह इस सप्ताह, संभवतः केवल एक दिन के लिए वाशिंगटन डीसी क्षेत्र में डोरडैश चालक बनीं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज दिन के दूसरे हिस्से में व्यावहारिक निर्णय लेना अधिक लाभ देगा। किसी काम को अधूरा छोड़ने से बचें।

**वृष** — आज आपके लिए स्थिति मजबूत होने का दिन है। आप अपने फैसलों में स्पष्ट रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण काम आपके पक्ष में जा सकता है।

**मिथुन** — आज आप थोड़ा शांत रहकर काम करना पसंद करेंगे। भीड़ से हटकर सोचने का फायदा मिलेगा। कोई अवसर आपके काम आ सकता है।

**कर्क** — आज टीम के साथ किया गया काम सफल होगा। प्रयासों का अच्छा परिणाम मिलेगा। लोगों के साथ तालमेल बनाकर रखें।

**सिंह** — आज का दिन आपके पक्ष में जा सकता है। जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। काम में लापरवाही न करें।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए प्रगति का संकेत दे रहा है। आप किसी नए तरीके से काम करने की कोशिश करेंगे।

**तुला** — आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। मन में असंतुलन आ सकता है। जल्दबाजी में फैसला लेने से बचें।

**वृश्चिक** — आज आपके लिए साझेदारी और संबंध महत्वपूर्ण रहेंगे। मिलकर किया गया काम आगे बढ़ेगा। बातचीत में स्पष्टता रखें।

**धनु** — आज का दिन थोड़ा व्यस्त रहेगा। आपको लगातार सक्रिय रहना पड़ेगा। सही दिशा में मेहनत करने से लाभ मिलेगा।


**मकर** — आज आपको अपने मन के अनुसार काम करने का मौका मिलेगा। अलग तरीके से काम करने पर सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आज निजी मामलों पर ध्यान देना पड़ सकता है। किसी विषय पर गंभीर चर्चा हो सकती है। काम के साथ निजी जीवन को संतुलित रखें।

**मीन** — आज के दिन को हल्के में न लें। आपके लिए बातचीत महत्वपूर्ण रहेगी। छोटी सी बात आपके लिए बड़ा मौका बन सकती है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 20 अप्रैल, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया 07 .27 तक तत्पश्चात चतुर्थी 21 अप्रैल 04 .14 तक तत्पश्चात पंचमी।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-रोहिणी 21 अप्रैल 02 .08 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

### सुडोकू - 124 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 8 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 8 | 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 4 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 |

### सुडोकू -125

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 3 | | | 4 |
| | 2 | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | 4 | | | 9 | |
| | 3 | | | | 5 | 7 | | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| 6 | | 4 | 8 | | | | 5 | |
| | 7 | | | 5 | | | 8 | |
| 5 | | | 2 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 1 | | 6 | | |

## यूक्रेन से पाइप लाइनों पर हमला न करने की गारंटी ले तुर्किये: रूस

**मास्को।** रूस ने तुर्किये से अपील की है कि वह यूक्रेन से इस बात की गारंटी ले कि तुर्कस्ट्रीम और ब्लू स्ट्रीम गैस पाइपलाइन बुनियादी ढांचे पर कोई हमला नहीं किया जाएगा।

रूसी उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुश्को ने कहा, काला सागर के नीचे तुर्किये को गैस आपूर्ति करने वाली पाइपलाइनों पर यूक्रेन द्वारा लगातार किए जा रहे हमलों को देखते हुए, हमने अपने तुर्की भागीदारों से आग्रह किया है। हमने उनसे कहा है कि वे यूक्रेन को कड़े संकेत भेजें और मांग करें कि वे इस तरह के कृत्यों को तुरंत रोकें।

**वैश्विक रिपोर्ट** — लागत कम करने के लिए एआई आधारित पुनर्गठन पर जोर दे रही हैं कंपनियां

# आईटी सेक्टर से पहली तिमाही में ही 73,200 कर्मचारी बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी

वर्ष 2026 की पहली तिमाही में आईटी सेक्टर के 73,200 से भी अधिक कर्मियों की नौकरियां चली गई हैं। यह आंकड़ा टेक इंडस्ट्री में छंटनी पर नजर रखने वाली वैश्विक साइट लेऑफ डॉट एफवाईआई ने जारी किया है। इसके मुताबिक पहली तिमाही के दौरान 95 कंपनियां इस छंटनी प्रक्रिया में शामिल रहीं। पिछले रुझानों पर गौर करने से पता चलता है कि 2025 में भी बड़े स्तर पर नौकरियां गई थीं।



वर्तमान आंकड़े बताते हैं कि कंपनियां अब लागत कम करने और एआई आधारित पुनर्गठन पर जोर दे रही हैं। एक के बाद एक छंटनी की घोषणा करने वाले प्रमुख नामों में द वॉल्ट डिज्नी कंपनी, मेटा प्लेटफॉर्म्स, स्नैप इंक और ओरेकल कॉर्पोरेशन ॉशामिल थे। डिज्नी नौकरियों में करीब 1,000 और कटौती की तैयारी कर रहा है। मार्च में जोश डी अमारो के सीईओ के रूप में पदभार संभालने के बाद से यह पहला बड़ा पुनर्गठन है। डिज्नी की सेवा समाप्ति पर मिलने वाली राशि पद और कार्यकाल के आधार पर अलग-अलग हैं। पांच साल से कम की सेवा वाले गैर-प्रबंधकीय कर्मचारियों को चार सप्ताह का वेतन मिलेगा, जबकि लंबे कार्यकाल वाले कर्मचारियों को प्रति वर्ष सेवा के लिए एक सप्ताह का वेतन दिया जाएगा, अधिकतम सीमा 52 सप्ताह है।

मार्च में मेटा ने 700 पदों को कम कर दिया। बरलिंगम और सनीवेल स्थित कैलिफोर्निया कार्यालयों में 198 पद और कम किए जाने हैं। इससे पहले जनवरी में, कंपनी ने अपनी ऑग्मेंटेड और वर्चुअल रियलिटी पहलों से जुड़ी लगभग 1,500 नौकरियों में पहले ही कटौती कर दी थी। ओरेकल कॉर्पोरेशन भी अब तक के सबसे बड़े पुनर्गठन अभियानों में से एक चला रहा है।

### भारत सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में शामिल

भारत सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में से एक है, जहां 12,000 नौकरी गईं हैं। रिपोर्टों के अनुसार, ये छंटनी क्लाउड, हेल्थकेयर, सेल्स और नेटसूट डिविजनों में फैली हुई है। स्नैप इंक 1,000 कर्मचारियों की छंटनी की योजना बना रहा है जो इसके कुल कार्यबल का 16 प्रतिशत है। स्नैप 300 से अधिक खाली पड़े पदों को भी खत्म कर रहा है, जो बड़े स्तर पर भर्ती में मंदी का संकेत है। कंपनी को दूसरी छमाही तक सालाना 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर (4,630 करोड़ भारतीय रुपये) से अधिक बचत होने की उम्मीद है।



> हमें कभी ऐसा नहीं लगा कि हम कुछ रन कम रह गए हैं। हमने कुछ शानदार कैच पकड़े, बेहतरीन क्षेत्ररक्षण से रन बचाए। हमने 175 रनों को 190 रनों जैसा महसूस कराया, जो कि आप कर सकते हैं।
> –दिनेश कार्तिक, बेंगलुरु के बल्लेबाजी कोच


# स्टेडियम

हल्द्वानी, सोमवार, 20 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

गुजरात टाइटंस

बनाम

मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

## ऑरेंज कैप



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–283 रन
- शुभमन गिल गुजरात–251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु–247 रन

## पर्पल कैप



- अंशुल कंबोज चेन्नई – 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 11 विकेट
- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु– 10 विकेट

# प्रियांश व कोनोली की तूफानी पारियों से पंजाब ने बनाया सत्र का सर्वोच्च स्कोर

## आईपीएल-2026 : लखनऊ सुपर जाएंट्स को दिया 255 रनों का लक्ष्य

मुल्लांपुर, एजेंसी

वैभव सूर्यवंशी के साथ देश की सबसे रोमांचक टी20 बल्लेबाजी प्रतिभाओं से एक सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की 37 गेंद में 93 रन की अर्धशतकीय पारी और कूपर कोनोली (87 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी से पंजाब किंग्स ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ सात विकेट पर 254 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

दिल्ली के 24 साल के खिलाड़ी प्रियांश ने अपनी पारी के दौरान नौ छक्के और चार चौके लगाए जबकि ऑस्ट्रेलिया के कोनोली की 46 गेंद की पारी में आठ चौके और सात छक्के जड़े थे। इन दोनों के बीच 80 गेंद की साझेदारी में 16 छक्के (नौ प्रियांश ने लगाए) और 12 चौके जड़े थे। मार्कस स्टोइनिस ने पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले 29 रन का योगदान दिया। पावरप्ले में एक विकेट पर 63 रन का स्कोर अच्छा था, लेकिन सातवें से 11वें ओवर के बीच का मध्य चरण और भी बेहतर रहा जिसमें 66 रन बने।

मजबूत कद-काठी वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज प्रियांश काफी कम फुटवर्क के बस एक जगह खड़े होकर पूरी ताकत और बल्ले की पूरी गति से शॉट लगाते रहे जिससे गेंदें तेजी से बाउंड्री के पार जाती रहीं। उन्होंने फुल लेंथ गेंदों को सीधे या एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से मारा। छोटी और वाइड गेंदों को उन्होंने कट या रैंप शॉट से खेला जबकि कंधे की ऊंचाई पर आई बाउंसर गेंदों को उन्होंने बिना चेहरे पर कोई भाव लाए, पुल या हुक शॉट से बाउंड्री के पार भेज दिया। प्रियांश ने गौतम गंभीर के बचपन के कोच संजय भारद्वाज से भी क्रिकेट की बारीकियां सीखी हैं।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते प्रियांश आर्य। एजेंसी

वहीं कोनोली का अंदाज बिल्कुल अलग था। एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से उनके ऊंचे छक्के और फ्रंट-फुट पर आकर डीप मिड-विकेट स्टैंड में लगाए गए पुल-शॉट देखकर उनकी फ्रेंचाइजी के कोच रिकी पोंटिंग को भी उन पर गर्व हुआ होगा। दोनों की बल्लेबाजी शैली एक-दूसरे से बिल्कुल अलग थी। प्रियांश ने अपना अर्धशतक सिर्फ 19 गेंदों में पूरा किया जबकि अगले 43 रन बनाने के लिए उन्होंने 18 गेंदें लीं।

दूसरी ओर कोनोली ने थोड़ा समय लिया, उन्होंने 35 गेंदों में अपने 50 रन पूरे किया, लेकिन अगले 37 रन सिर्फ 12 गेंदों में बना दिए।

दिल्ली का यह युवा खिलाड़ी तब भी बिल्कुल भी विचलित नहीं हुआ, जब उसका पारी की शुरुआत करने वाला जोड़ीदार प्रभसिमरन सिंह मोहम्मद शमी की एक आउटस्विंगर गेंद पर किनारा लगने से अपनी पहली ही गेंद पर आउट हो गया।

एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत को निश्चित रूप से इस बात का पछतावा होगा कि जब पारी की शुरुआत में ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने कोनोली को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया था तो उन्होंने डीआरएस का इस्तेमाल क्यों नहीं किया। रिप्ले से यह साफ हो गया कि अगर डीरआरएस लिया जाता तो टीवी अंपायर कोनोली को आउट करार दे देते। इसके बाद मोहसिन का आत्मविश्वास डगमगा गया और उन्होंने अपने तीसरे ओवर में 20 रन लुटा दिए जिससे मैच की पूरी लय एलएसजी के हाथों से निकल गई। उनके लिए एकमात्र राहत की बात प्रिंस यादव (चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट) रहे।

कोनोली और प्रियांश दोनों ही बहुत कम समय के अंतराल पर आउट हो गए। हालांकि उस समय दोनों का शतक लगाना आसान लग रहा था। यह भारतीय युवा खिलाड़ी अपना 10वां छक्का लगाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मिचेल मार्श ने बाउंड्री लाइन पर उसे कैच कर लिया। एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका राहत की सांसा लेते हुए नज़र आए। वहीं दूसरी ओर प्रियांश और कोनोली की जोड़ी ने जो नुकसान पहले ही कर दिया था, उसकी भरपाई करना अब नामुमकिन सा लग रहा था।

### पंजाब किंग्स

**254/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का मार्श बो सिद्धार्थ | 93 |
| प्रभसिमरन सिंह का मार्श बो शमी | 00 |
| कूपर कोनोली का सिद्धार्थ बो प्रिंस | 87 |
| श्रेयस अय्यर का शमी बो मोहसिन | 05 |
| मार्कस स्टोइनिस रन आउट | 29 |
| नेहाल वढेरा का पूरन बो सिद्धार्थ | 13 |
| शशांक सिंह का मारक्रम बो प्रिंस | 17 |
| मार्को यानसेन नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1–3, 2–185, 3–187, 4–193, 5–208, 6–252, 7–254

**गेंदबाजी** : शमी 4–0–56–1, मोहसिन 4–0–43–1, प्रिंस 4–0–25–2, बडोनी 1–0–14–0, आवेश 3–0–46–0, सिद्धार्थ 3–0–35–2, मारक्रम 1–0–32–0

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | 1.067 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 0.599 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.566 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.310 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.018 |
| 7. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | –0.780 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | –0.804 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | –0.879 |
| 10. | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | –1.076 |

## मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का अनुबंध एक साल और बढ़ाया गया

नई दिल्ली, एजेंसी



अजीत अगरकर सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष बने रहेंगे क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2027 एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक और साल का अनुबंध देने का फैसला किया है। अगरकर की अध्यक्षता में अक्टूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच चुनी गई भारतीय टीम चार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची और इसमें से तीन में टीम ने खिताब जीता। भारत इस दौरान दो टी20 विश्व कप और एक बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में सफल रहा और यह पहले से ही लगभग तय था कि उनका अनुबंध चौथे साल के लिए बढ़ाया जाएगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने पीटीआई को बताया अगरकर ने सेवा विस्तार नहीं मांगा था। एक चयनकर्ता जूनियर या सीनियर चयन समिति में चार साल तक और दोनों समितियों में मिलाकर कुल पांच साल तक काम कर सकता है इसलिए अजीत को नया अनुबंध दिया गया है, उसमें विस्तार नहीं किया गया। अगरकर के करीबी सूत्रों ने हमेशा यही कहा कि वह खुद अनुबंध बढ़वाने की मांग करने की जगह फैसला करने वालों को अपनी समिति के प्रदर्शन का आकलन करने देना अधिक पसंद करते हैं। पचास ओवर के विश्व कप से पहले निरंतरता बनाए रखना बोर्ड के इस फैसले के पीछे के मुख्य कारणों में से एक है। अपने कार्यकाल के दौरान समिति ने कई कड़े फैसले किए हैं जिनमें विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की प्रक्रिया को देखना और सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को धीरे–धीरे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर करना शामिल है। समिति ने एक साहसिक चयन फैसला भी लिया जिसमें टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कप्तान शुभमन गिल को टी20 विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया और उनकी जगह फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी इशान किशन को टीम में शामिल किया गया।

### हाईलाइट

## द, अफ्रीका को 2-0 की बढ़त, भारतीय महिलाएं फिर हारीं

**डरबन।** क्लो ट्रायोन (22 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के कमाल के बाद कप्तान लौरा वोल्वार्ट (54) और सुने लुस (57) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी के बूते दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज के दूसरे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय में रविवार को यहां भारत को 17 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराया। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के आक्रामक 57 रन के बावजूद भारतीय टीम 147 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने 17.1 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाकर सीरीज में 2–0 की बढ़त कायम कर ली। वोल्वार्ट ने 34 गेंदों की पारी में सात चौके और एक छक्का, जबकि लुस ने 46 गेंदों की पारी में छह चौके और एक छक्का जड़ा। दोनों ने महज 73 गेंदों में 106 रन की साझेदारी कर टीम की एकतरफा जीत सुनिश्चित की। भारतीय क्षेत्ररक्षण काफी खराब रहा और टीम ने कई आसान कैच टपकाए।

## सीएसके को झटका म्हात्रे का मौजूद सत्र में खेलना संदिग्ध

**हैदराबाद।** युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे का चोटिल होने के कारण आईपीएल के मौजूदा सत्र में आगे खेलना संदिग्ध है जो चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए करारा झटका है। सीएसके के सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान 18 वर्षीय म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। इस मैच में इंपैक्ट प्लेयर के रूप में खेलने वाले म्हात्रे काफी असहज नजर आ रहे थे और उसके बाद वह लंबे समय तक क्रीज पर नहीं टिक पाए। सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, उसकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है। अभी मुझे नहीं पता कि चोट कितनी गंभीर है। हम कल या परसों उसका स्कैन करवाएंगे।

# मुंबई को एक और झटका देना चाहेगा गुजरात

अहमदाबाद, एजेंसी

पिछले तीन मैच में जीत हासिल करके आत्मविश्वास से भारी गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां होने वाले आईपीएल के मैच में लगातार हार से दबाव में चल रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। पिछले कुछ सप्ताह में इन दोनों टीमों का प्रदर्शन बिल्कुल विपरीत रहा है।

गुजरात टाइटंस ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की थी, लेकिन उसके बाद उसने लगातार तीन मैच जीत कर लय हासिल कर ली है और वह तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। गुजरात टाइटंस ने अपनी समस्याओं के बावजूद जीत हासिल करने के तरीके खोज लिए हैं। उसकी बल्लेबाजी अभी भी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर काफी हद तक निर्भर है, जिसमें कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर ही अधिकतर रन बनाने का जिम्मा संभालते हैं। ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाज अभी तक विश्वसनीय प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। गेंदबाजी की बात करें तो गुजरात के गेंदबाजों ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मोहम्मद सिराज और कागिसो रबाडा कई बार महंगे साबित हुए हैं, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है।



अभ्यास सत्र के दौरान गुजरात जाइट्स के प्रसिद्ध कृष्णा। एजेंसी

### लगातार हार से दबाव में मुंबई इंडियंस

मुंबई ने अपने पहले मैच में जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन उसके बाद से उसका प्रदर्शन खराब होता चला गया है। उसे लगातार चार हार का सामना करना पड़ा है और उनकी हार का अंतर बहुत बड़ा रहा है, जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। पांच बार की चैंपियन टीम मुंबई पर खराब प्रदर्शन के कारण काफी दबाव है और उसे अगर अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो अब हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। उसकी टीम पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इसके अलावा मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अनियमित प्रदर्शन और गेंदबाजी आक्रमण में धार की कमी ने उसे बुरी तरह प्रभावित किया है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा मुंबई इंडियंस के मध्यक्रम के मुख्य आधार रहे हैं लेकिन यह दोनों ही अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

### टीम

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, अरशद खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा, आर साई किशोर, इशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, जयंत यादव, कुलवंत खेजरोलिया।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मो. इज़हार, रघु शर्मा।

# नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर खोला जीत का खाता



जुझारू पारी के दौरान शॉट लगाते रिंकू सिंह।

कोलकाता, एजेंसी

वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी के जादू के बाद रिंकू सिंह के जुझारू अर्धशतक से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां विषम परिस्थितियों से उबरते हुए राजस्थान रॉयल्स चार विकेट से हराकर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला।

रॉयल्स के 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स की टीम 14वें ओवर में 85 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन रिंकू (नाबाद 53 रन, 34 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और अनकूल रॉय (नाबाद 29, 16 गेंद, दो छक्के, एक चौका) के बीच सातवें विकेट की 37 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत 19.4 ओवर में छह विकेट पर 161 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही।

सात मैच में पहली जीत दर्ज करने के बाद नाइट राइडर्स की टीम तीन अंक के साथ 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गई है। लगातार दूसरी हार के बाद रॉयल्स की टीम छह मैच में आठ अंक के तीसरे स्थान पर है। सलामी बल्लेबाजों वैभव सूर्यवंशी (46 रन, 28 गेंद, छह चौके, दो छक्के) और यशस्वी जायसवाल (39 रन, 29 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के बीच पहले विकेट के लिए 8.4 ओवर में 81 रन की साझेदारी के बावजूद रॉयल्स की टीम नौ विकेट पर 155 रन ही बना सकी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे नाइट राइडर्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में पांच रन के स्कोर तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों टिम सीफर्ट और कप्तान अजिंक्य रहाणे के विकेट गंवा दिए जो खाता खोलने में भी नाकाम रहे। जोफ्रा आर्चर ने पारी की पहली ही गेंद पर सीफर्ट को बोल्ड किया जबकि अगले ओवर में नांद्रे बर्गर ने रहाणे को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया।

### राजस्थान रॉयल्स

**155/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का रहाणे बो नारायण | 39 |
| वैभव सूर्यवंशी का रमनदीप बो चक्रवर्ती | 46 |
| ध्रुव जुरेल स्टं सीफर्ट बो चक्रवर्ती | 05 |
| रियान पराग बो चक्रवर्ती | 12 |
| शिमरोन हेटमायर का रघुवंशी बो त्यागी | 15 |
| डोनोवन फरेरा कैच एवं बो नारायण | 07 |
| रविंद्र जडेजा का ग्रीन बो त्यागी | 09 |
| जोफ्रा आर्चर रन आउट | 08 |
| रवि बिश्नोई का सीफर्ट को त्यागी | 00 |
| ब्रिजेश शर्मा नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 13, **विकेट पतन** : 1–81, 2–97, 3–99, 4–117, 5–124, 6–144, 7–146, 8–146, 9–155

**गेंदबाजी** : अरोड़ा 4–0–37–0, त्यागी 4–0–22–3, ग्रीन 2–0–27–0, नारायण 4–0–26–2, चक्रवर्ती 4–0–14–3, रमनदीप 2–0–26–0

### कोलकाता नाइट राडर्स

**161/6** (19. 4 ओवर)

| | |
|---|---|
| टिम सीफर्ट बो आर्चर | 00 |
| अजिंक्य रहाणे का जुरेल बो बर्गर | 00 |
| अंगकृष रघुवंशी पगबधा बो जडेजा | 10 |
| कैमरन ग्रीन स्टं जुरेल बो बिश्नोई | 27 |
| रोवमैन पावेल का फरेरा बो जडेजा | 23 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 53 |
| रमनदीप सिंह बो यश | 10 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 29 |

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1–0, 2–5, 3–37, 4–52, 5–70, 6–85

**गेंदबाजी** : आर्चर 4–0–35–1, बर्गर 2–0–20–1, बिश्नोई 4–0–41–1, यश 4–0–25–1, जडेजा 3–0–8–2, ब्रिजेश 1.4–0–21–0

**53** रनों की नाबाद पारी रिंकू सिंह ने 34 गेंदों पर खेली, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं

### सफलता

पेनाल्टी शूटआउट तक खिंचे फाइनल में एटलेटिको को 4–3 से हराया

# रियल सोसिडाड ने कोपा डेल रे का खिताब जीता

सेविले (स्पेन), एजेंसी

रियल सोसिडाड ने पेनल्टी शूटआउट में एटलेटिको मैड्रिड को हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद 2-2 से बराबरी पर था जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया।

सोसिडाड के गोलकीपर उनाई मैरेरो ने अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियन अल्वारेज़ के शॉट को बचाया। इसके बाद पाब्लो मारिन ने अंतिम किक को गोल में बदला जिससे सोसिडाड ने शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की। अमेरिका के पेलेग्रिनो माटाराज़ो के सोसिडाड का कोच बनने के बाद स्पेन के क्लब की यह पहली जीत है। माटाराजो ने कहा यह अविश्वसनीय सफर रहा है।



खिताब के साथ जश्न मनाते रियल सोसिडाड के खिलाड़ी।

## एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में विसेल कोबे से टकराएगा अल अहली

**जेद्दा।** सऊदी अरब का क्लब अल अहली चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सोमवार को जापान के विसेल कोबे से भिड़ेगा। एशिया के इस प्रमुख क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में जापान की माचिदा ज़ेलविया का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल अहली से होगा। पिछले साल मई में पहली बार खिताब जीतने वाले अल अहली ने क्वार्टर फाइनल में यहां मलेशिया के जोहोर दारुल ताज़िम को 2–1 से हराया। जेद्दा टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण की मेजबानी कर रहा है। अली मजराशी ने 19वें मिनट में आत्मघाती गोल किया जिससे जोहोर को बढ़त मिल गई। अल अहली के इस डिफेंडर को जल्द ही लाल कार्ड दिखाया गया।

## मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने रैपिड्स को हराया

**कॉमर्स सिटी (अमेरिका)।** लियोनेल मेसी ने विश्व कप से पहले अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में कोलोराडो रैपिड्स के खिलाफ दो गोल किए जिससे उनकी टीम ने यह मैच 3–2 से जीतकर अपना अजेय अभियान सात मैच तक पहुंचा दिया। इंटर मियामी की गुइलेर्मो होयोस के अंतरिम कोच बनने के बाद यह पहली जीत थी। मेसी ने 13वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर स्कोरिंग की शुरुआत की और 79वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। इंटर मियामी की तरफ से एक अन्य गोल जर्मन बर्तेरामे ने किया।